e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 60
गुरुवार
02.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..



संक्षिप्त खबरे

## चियांकी अनुसंधान केंद्र में किसानों और छात्रों को दिया गया कृषि से संबंधित जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** चियांकी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में शुष्क भूमि कृषि परियोजना और विरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची से आये कृषि वानिकी के अतीम वर्ष के छात्र और दारूडीह एवं बकोरिया से आये किसानों के बीच प्रशिक्षण सह-बीज का वितरण किया गया।संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डा0 डी एन. सिंह ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के बारे में बताया साथ ही साथ बताया कि बदलते जलवायु के साथ खेती में सीधा असर पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए वैज्ञानिको द्वारा कम वर्षा, कम समय में अधिक उपज देने वाली किस्मों का विकास किया जा रहा है, जिसमें सुखा सहने के साथ ही रोग व्याधि से लड़ने की क्षमता ज्यादा होती है।

# पलामू में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा, पलामू :** पलामू में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. उत्पाद विभाग की अधीक्षक बिमला लकड़ा के नेतृत्व में टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम मुरमा पड़वा थाना क्षेत्र के दुर्गा प्रसाद के घर से शराब की बोतल और रिफिलिंग के सामान को भी बरामद किया है। पॉपुलर कंपनी के ब्रांड के नाम से बोतल में शराब को भरकर ग्रामीण इलाकों में बिक्री की जाती है। होली के मद्देनजर गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर उक्त शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. जानकारी के अनुसार जब्त शराब की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बतायी जा रही है। मौके से टीम ने भारी मात्रा में स्टिकर, होलोग्राम और रैपर भी बरामद किया है। उत्पाद अधीक्षक बिमला लकड़ा ने बताया कि उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की जा रही है, यह आगे भी जारी रहेगी।

## चेक डैम निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड अंतर्गत ग्राम केतमा में लघु सिचाई प्रमंडल गढ़वा द्वारा पन्याही नाला पर पक्का चेक डेम निर्माण में अवैध बालू व पत्थर जंगल से निकालकर तथा घटिया सामग्री प्रयोग करने को लेकर ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव व रामप्रवेश गुप्ता ने मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने भी प्रतिनिधि से कार्य में अनियमितता की शिकायत किया। उक्त संबंध में विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि हमारे केतमा गांव में माननीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा ही लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से 3 चेक डैम बनाया जा रहा है। इस चेक डैम के निर्माण में संवेदक द्वारा लापरवाही और घटिया सामग्री का इस्तेमाल संवेदक के द्वारा किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि संवेदक की मनमानी नही चलने दिया जाएगा। जब कि ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक के द्वारा कोई भी काम नियम संगत से नहीं किया जा रहा है। बालु वही के नदी से ही निकालकर उपयोग मे ला रहे हैं।उक्त बालू में मिट्टी की मात्रा अधिक है। उसी बालू का प्रयोग संवेदक द्वारा प्रयोग किया जा रहा है। जिससे डैम निर्माण में मजबूती नहीं हो सकती है। बरसात के एक पानी में चेक डैम पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा।

## 5 मार्च को विश्रामपुर के गुरी गांव स्थित माता शबरी मंदिर में होगी प्रतिमा स्थापित, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव स्थित माता शबरी मंदिर के प्रांगण में 5 मार्च को माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा तैयारी पूरी की जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि 5 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल होंगे। जिनके हाथों माता शबरी की प्रतिमा स्थापित करते हुए अनावरण होगा। साथ हीं इस कार्यक्रम में पलामू प्रमंडल के अलग-अलग क्षेत्रों से हजारों की संख्या में भुइंया समाज के लोगों का जुटान होगा। बताया कि मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने व कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर गुरी शबरी समाज की 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष साहेब भुइंया व प्रधान संरक्षण पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को बनाया गया। 5 मार्च को प्रतिमा स्थापित व मूर्ति पूजन कार्यक्रम के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जहां कई कलाकार गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन करेंगे। वहीं वृंदावन, काशी व मथुरा से झांकियां निकालने को लेकर कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बताया कि कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था भी की गई है।

## पांच दिवसीय श्री शतचण्डी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, निकाली गई भव्य कलश जलयात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कुटमूँ गाँव में श्री शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के बाद किया गया। इस यज्ञ में देवी माँ के प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित और जाने-माने आचार्य पं मिथिलेश पाण्डेय के द्वारा यह महायज्ञ को सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुधवार को जलाधिवास एवं अन्नाधिवास होगा, गुरुवार को पुष्पाधिवास एवं मधुराधिवास होगा। शुक्रवार को शय्याधिवास, नगरभ्रमण एवं देवी जी की प्रतिष्ठा की जाएगी।शनिवार को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी, भंडारा एवं ब्राह्मण भोजन होगा, सन्त महात्माओं की विदाई का कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा। इस महायज्ञ में प्रमुख यजमान के रूप में विजय चन्द्रवंशी, रामनाथ साहू, संजय साहू, अजय गुप्ता एवं मनोज कुमार साहू नें प्रधान कलश उठाया है। मौके पर उपस्थित विद्युत उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष सह पांडू जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि भाई गोविंद सिंह इस यज्ञ के लिए अपना भरपूर सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा इस क्षेत्र के लिए मैं समर्पित हूं हर काम में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का प्रयास करूंगा. वहीं मुसिखाप में हो रहे श्री राम कथा का अंतिम दिन जिला परिषद सदस्य मीना देवी पहुंचकर लोगों को भरपूर मदद की बात कही एंव दो लाख की लागत से स्टेज बनाने की भी घोषणा की। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष के पति सिंटू सिंह, अरविंद सिंह, कुटमूँ मुखिया पति अरविन्द पाल, वार्ड सदस्य राजेश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग कलश यात्रा में शामिल थे।

## नगर पंचायत के रवैया से नाराज लोगों ने पंचायती राज प्रणाली बहाल करने का किया मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय के उदासीन रवैया को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में शहरवासियों ने रोष प्रदर्शन किया है। इस संबंध में प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी सह भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने कहा कि विगत तीन वर्षों से नगर पंचायत के नाम पर लोगों से सिर्फ होल्डिंग टैक्स वसूलने का कार्य किया जा रहा है। लोगों को कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। शहर की सफाई कार्य बंद है। जिससे शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां जाम है, मेन रोड पर दोनों ओर धूल की मोटी परत जमा है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बिजली, पानी की आपूर्ति अनियमित है। दूसरी ओर नगर पंचायत कर्मियों द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली व ट्रेड लाइसेंस के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के नाम पर बिजली का यूनिट दर बढ़ा दी गई है। जबकि बिजली आपूर्ति कम हो गई है। इस संबंध में आशा देवी, मुन्नी देवी, राधा कुंवर, सुनीता देवी, मानमती देवी, सुमित्रा देवी, रामू कुमार, विकास सहित कई लोगों ने कहा कि नगर पंचायत बनने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इससे अच्छा पंचायती राज व्यवस्था ही बेहतर थी। वहीं भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने कहा कि नगर पंचायत से लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाए। अन्यथा नगर पंचायत का दर्जा समाप्त कर दी जाए। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया गया तो 15 मार्च से चरणबद्ध तरीके से जन आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर राहुल विश्वकर्मा, संतोष पासवान, अनुज कुमार, सुबोध कुमार, रवि पासवान, शशि मेहता, मनोज कुमार, शंभू यादव, गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति, राकेश कुमार, गुड्डू मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मां चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति का हुआ विस्तार



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को केतार में स्थित माँ चतुर्भुजी मंदिर के प्रांगण में मंदिर विकास समिति का विस्तार किया गया। इस दौरान समिती के लोगों ने मंदिर को विकसित करने के लिए कई प्रकार के निर्णय लिए। वही इस बैठक के दौरान मंदिर विकास समिति के सफल संचालन के लिए बिभिन्न पद के लिए पदाधिकारियो का चयन किया। मुखिया प्रमोद कुमार को मंदिर विकास समिति का अध्यक्ष, रामविचार साहू को संरक्षक, बिमलेश पासवान को उपाध्यक्ष, हेमन्त पाठक को सचिव, प्रमोद कुमार मेहता को उपसचिव, बिनोद प्रसास को कोषाध्यक्ष, अमरनाथ जयसवाल को उपकोषाध्यक्ष, ज्वाला कमलापुरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया जबकि बिंदु राम, संजय पाल, नन्द किशोर वैद्य, विंदु राम, आदित्य मेहता, महेंद्र पासवान, दिलीप बैठा, दिलीप कुमार गुप्ता, जयशंकर कमलापुरी, उत्तम विश्वकर्मा, युगेश चौधरी एवं पंकज कुमार का नाम शामिल है।

## तूरी पंचायत के मुखिया से मारपीट, मामला दर्ज



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के तूरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव ने गाली गलौज व मारपीट करने की लिखित शिकायत देते हुए स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया है। उक्त घटना की जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि मुखिया ने लिखित आवेदन में जिक्र किया है कि बुधवार को तूरी टोला लंगुराही में देवमती कुंवर का डोभा निर्माण कार्य का जांच करने गया था। वहां मेठ के पुत्र राहुल कुमार यादव तथा मुन्ना कुमार यादव द्वारा अनियमितता पूर्ण कार्य किया जा रहा था। इसपर आपत्ति करने पर उनलोगों के द्वारा जबरन मास्टर रॉल पर हस्ताक्षर करवाने का प्रयास किया गया। इन्कार करने पर गाली गलौज करते हुए राहुल कुमार व मुन्ना कुमार पटककर मारपीट की तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि कांड संख्या 24/23 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटना के विरोध में छठे दिन भी हड़ताल रहा जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं द्वारा की गई गाली गलौज तथा मारपीट की घटना के विरोध में लगातार छठे दिन बुधवार को बंशीधर नगर के अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवा बंद रहा। आईएमए व झासा के आवाहन पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। अस्पताल में चिकित्सकों के बैठने की जगह ताला लटका हुआ है। हालांकि मरीजों को परेशानी ना हो इसके लिए इमरजेंसी सेवा चालू रखा गया है। इस दौरान अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के समर्थन में गढ़वा ड्रग्स यूनियन के आवाह्न पर बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सभी दवा विक्रेताओं ने अपने-अपने मेडिकल स्टोर को बंद रखा और विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया। जिससे लोगों को परेशानीयो का सामना करना पड़ा। जरूरत की दवाएं खरीदने के लिए लोग इधर से उधर भटकते नजर आए। इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों को बैरंग बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। बताते चलें कि गत 24 फरवरी को गढ़वा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ हुई धक्का मुक्की के विरोध में चिकित्सकों ने घटना में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी तथा चिकित्सक व कर्मियों की सुरक्षा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं।


## अवैध बालू के कारोबार में एक नाबालिग लड़के की गई जान, ट्रैक्टर के टाली पलटने से हुई है मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** अवैध बालू के कारोबार ने एक नाबालिग लड़के की जान ले लिया है, यह घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सजाजल गांव में अहले 4.30 बजे भोर के लगभग बालू ले जा रहे ट्रैक्टर पलटने से सत्यम कुमार पाठक 15 वर्षीय लड़के की मौत हो गयी, बतादे की ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर जा रहा था, लड़का ट्रैक्टर के टाली में लदे बालू के ऊपर बैठा था उसी क्रम में ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया जिसे नीचे दब जाने से लड़का की मौत हो गयी, लेकिन हद तो तब हो गयी जब ट्रेक्टर का इंजन को लेकर ड्राइवर भाग गया, लड़का दंगवार ओपी थाना के चौखंडी गांव के रहने वाला था। इस घटना की सूचना परिजनों को मिला जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर सजाजल गांव पहुचे, वही पुलिस पहुच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना के छानबीन में जुट गयी, परिजनों को कहना है कि लड़का का माँ नही है और लड़का दो दिनों से घर नही आया था, ट्रैक्टर के ड्राइवर के साथ मे चला गया था, सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर शिवपुर पथरा गांव का है।

## बाइक और साइकिल में टक्कर दोनो छात्र घायल





प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** जपला देवरी मुख्य मार्ग पर गैस गोदाम के समीप अज्ञात बोलेरो में चकमा देकर घायल कर दिया घायलों में अब्दुल्ला 9 वर्ष पिता असलम अंसारी देवरी कला मनीष कुमार 16 वर्ष पिता प्रवीण राम ग्राम खुश हुआ बुरी तरह घायल हो गए दोनों घायलों को राहगीरों के सहयोग से हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया अब्दुल्ला मून पब्लिक स्कूल से पढ़कर साइकिल से वापस अपने घर जा रहा था वही मनीष अपने एक सहयोगी के साथ बाइक से छात्रवृत्ति का पैसा निकालने के लिए जपला बैंक आ रहा था इसी क्रम में बोलेरो वालों ने चकमा देकर दोनों को घायल कर दिया दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

## अवैध तरीके से बालू का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर जब्त

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरा ओपी प्रभारी एसआई नीतीश कुमार ने बुधवार को खड़गपुर सेमरबार क्षेत्र स्थित बटाने नदी घाट से अवैध तरीके से बालू लादकर जा रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना के प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि अवैध बालू परिवहन कर रहे तीनों ट्रैक्टर मालिक तथा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बालू के अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

## धूल-मिट्टी से परेशान ग्रामीणों ने किया मुख्यमार्ग जाम



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी मोड़ से अम्बाखोरेया तक बन रहे पथ में संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता के खिलाफ मंगरदह ग्राम के ग्रामीणों ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पाण्डेय के नेतृत्व में नगर उंटारी-धुरकी पथ को जाम कर दिया। थाना प्रभारी के पहल पर संवेदक के प्रतिनिधि के आश्वासन पर दो घण्टे बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों के अनुसार बन रहे सड़क पर प्रतिदिन पानी का छिड़काव संवेदक द्वारा नही कराये जाने से उड़ते धूल-मिट्टी के कारण काफी परेशानी हो रही है। सड़क जाम की जानकारी होने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार मौके पर पहुच कर संवेदक के प्रतिनिधि को बुला कर दोनों पक्षो से बातचीत कराकर जाम समाप्त कराया। आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने कहा कि विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया तथा ठेकेदार को भी सूचना दी गई लेकिन आज तक संवेदक द्वारा कोई कारवाई नही किया गया। बाध्य होकर जनता को सड़क पर उतरना पड़ा ताकि समस्याओं का जल्द निराकरण हो सके। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह व ठेकेदार के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना मौत अनुमंडलीय डीलर अध्यक्ष लखनदेव सिंह के निधन पर सकहारिता परिवार शोक व्यक्त किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद व्यापार मंडल के प्रांगण में सड़क दुर्घटना में अनुमंडलीय डीलर संघ के अध्यक्ष लखन देव सिंह के आकस्मिक मौत पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे सहकारिता परिवार के सदस्य एवम हुसैनाबाद पैक्स अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने स्व लखनदेव सिंह के आत्मा की शांति के लिए सम्मानित सज्जनों ने 2 मिनट तक मौन रख कर शोक व्यक्त किया ।व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा जी ने कहा कि स्व लखनदेव सिंह बहुत ही सरल स्वभाव व मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनकी निधन से सहकारिता विभाग एवम समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका जितना भी गुणगान किया जाय बहुत ही कम होगा ।27/02/2023 को सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हुआ है। मौके पर एटीएम सुशील कुमार मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष सुदय सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, सूचित मेहता, सुरेंद्र सिंह, बलराम मेहता, बिपिन सिंह, रामप्रवेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, सत्यनारायण सिंह, बिमलेश पासवान, विजयमल सिंह, अशोक कुमार सिंह, चौबे, विकास, जनेश्वर सिंह, अभिषेक कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह।

पंडवा में खुला द ग्रांड पब्लिक स्कूल

## सदर एसडीओ व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का रखा आधारशिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा, पलामू :** पलामू जिले अंतर्गत पंडवा में बुधवार को द ग्रांड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन सदर एसडीओ राजेश शाह, फेयरमाइन कार्बन कंपनी के डायरेक्टर शेखर सिंह, पंडवा प्रमुख गीता मेहता, विद्यालय के डायरेक्टर शैलेश कुमार मेहता थाना प्रभारी नकुल शाह दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम के पूर्व अभिनंदन, राष्ट्रगान ,सरस्वती वंदना के बाद दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित लोगों के बीच सदर एसडीओ राजेश शाह ने कहा कि पंडवा जैसे इलाके में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई गति देने का काम शैलेश कुमार मेहता द्वारा किया गया, जो सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में व्यवहारिक, नैतिक, गुणवत्ता के साथ वर्तमान समय में बच्चों को देकर विकसित करने की आवश्यकता है। इस इलाके में शिक्षा मील का पत्थर द ग्रांड पब्लिक विद्यालय साबित होगा। पूर्व में भी संस्था द्वारा प्राइवेट कोचिंग का संचालन किया गया ,जो कि संस्था के बच्चे काफी सक्सेस रहे। वही फेयरमाइन कार्बन कंपनी के डायरेक्टर शेखर सिंह ने कहा कि छोटे बच्चों का विकास प्ले स्कूल से शुरू होता है, यहीं से उनके मानसिक, शारेरिक, बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। जो आगे चलकर एक छोटा बच्चा देश का होनहार नागरिक बनकर देश सेवा की भावना उभरकर सामने आता है। जबकि पंडवा प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि शिक्षा ऐसा अनमोल रत्न है जो जितना पियेगा ,उतना दहाड़ेगा ।शिक्षा के क्षेत्र में पंडवा प्रखंड मॉडल रूप में विकसित हो यह उनकी इच्छा है ।उन्होंने कहा कि द ग्रांड पब्लिक स्कूल से आईएएस, आईपीएस, राजनेता पढ़कर बने। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दहेज एक अभिशाप है। बेटियों को इतना पढ़ाये है कि दहेज देने की जरूरत ना पड़े और बेटों को भी इतना पढ़ाये है कि वे दहेज ना ले। तभी इस अभिशाप को खत्म किया जा सकता है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 60

गुरुवार

02.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

*आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..*

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेसियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time Medical Oncologist उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 31°

न्युनतम 17°

## क्विक न्यूज

### विधानसभा में 4546 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**रांची :** विधानसभा बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4546 हजार करोड़ रुपये का थर्ड अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। अनुपूरक बजट में सबसे ज्यादा 645 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है। इसके अलावा भवन निर्माण विभाग को 100 करोड़, पेंशन मद में 400 करोड़, वन पर्यावरण विभाग को 112 करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 327 करोड़, गृह विभाग को 172 करोड़, उद्योग विभाग को 122 करोड़, पथ निर्माण विभाग को 365 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग को 136 करोड़, जल संसाधन विभाग को 162 करोड़, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण को 470 करोड़, शिक्षा विभाग के लिए 371 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### सड़क हादसे में चार की मौत

**हापुड़(यूपी) :** बुधवार सुबह हापुड़ में सड़क हादसा हो हुआ. यहां खड़े कैंटर में एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में चार लोगों की मौत ही गयी. वहीं एक बच्चे की हालत नाजुक बतायी जा रही है. परिवार शादी के समारोह से वापस लौट रहा था. सभी लोग दिल्ली के रहने वाले बताया जा रहे हैं. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर के पास नए बाईपास पर गढ़ की तरफ से आ रही एक कार हाईवे पर खड़े हुए कैंटर से टकरा गई. कार टकराने के कारण कार सवार मासूम बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई. एक मासूम बच्ची घायल है. इस सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची घायल हुई, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है. बाबूगढ़ थाना प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि सुबह सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी. कैंटर के खराब होने के कारण कैंटर चालक ने कैंटर को सड़क पर खड़ा कर दिया था. खड़े कैंटर में कार पीछे से आकर टकराई और उसके पीछे से एक और कैंटर टकरा गया. इसके कारण कार सवार चार लोगों की मौत हो गई है. परिवार दिल्ली निवासी बताया जा रहा है.

### झारखंड के अस्पतालों में डॉक्टर्स की सांकेतिक हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई

**रांची :** झारखंड के निजी और सरकारी अस्पतालों में बुधवार (1 मार्च) को स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई, क्योंकि राज्य में डॉक्टरों पर बार-बार हो रहे हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में पंजीकृत डॉक्टरों ने सेवाओं का सांकेतिक बहिष्कार किया. झारखंड हेल्थ सर्विस एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के झारखंड चैप्टर ने संयुक्त रूप से बहिष्कार का आह्वान किया है, इन संगठनों ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं को विरोध के दायरे से बाहर रखा गया है. रांची के सदर अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक अजीत कुमार ने कहा, ÷वे (डॉक्टर) ड्यूटी पर थे लेकिन अस्पताल में ओपीडी, लैब और अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रभावित थीं. हालांकि, सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं अप्रभावित रहीं. रिम्स में, शिक्षक संघ और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रति वफादार शिक्षक और डॉक्टर ड्यूटी से दूर रहे, जिसके कारण ओपीडी पूरे दिन बंद रहा.हालांकि, उन्होंने दावा किया कि डॉक्टरों ने इनडोर और आपातकालीन ड्यूटी में भाग लिया ताकि किसी मरीज को परेशानी न हो. जमशेदपुर में, महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिक्षकों, सदर अस्पताल के डॉक्टरों , चिकित्सा अधिकारियों और निजी क्लीनिकों और नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली. धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने ओपीडी ड्यूटी का बहिष्कार किया लेकिन इमरजेंसी विभाग में मरीजों को देखा. आईएमए के राज्य समन्वयक अजय कुमार सिंह ने दावा किया कि राज्य के छह मेडिकल कॉलेजों सहित निजी क्लीनिकों, नर्सिंग होम, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों के लगभग 14 हजार पंजीकृत डॉक्टरों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और काम का बहिष्कार किया.

## राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

# विपक्ष ने राज्य को बना दिया चारागाह : मुख्यमंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को चर्चा के बाद राज्यपाल का अभिभाषण ध्वनिमत से पारित हो गया। इससे साथ सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गयी। इससे पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर दिनभर चली चर्चा के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार की ओर से इसका जवाब देते हुए विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल आपके कार्यकाल की देन हैं। मनरेगा घोटाला आपकी सरकार की देन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके शासन काल में गुजरात और महाराष्ट्र का विकास हुआ। जबकि आपने यहां लंबे समय तक शासन किया, तो झारखंड क्यों पीछे रह गया। आप तो उस वर्ग से आते हैं, जिनके पास पैसा ताकत, बुद्धि सबकुछ है, हम तो आदिवासी हैं। आपने राज्य का विकास क्यों नहीं किया।

**झारखंड पीछे क्यों रह गया:** सीएम ने कहा कि झारखंड पीछे क्यों रह गया। आपके यानी भाजपा के शासन काल में हाथी उड़ाया गया। हाथी उड़ने के नाम पर जमीन लूट ली गई, जो व्यवस्था आपलोगों ने दी, उसे हम साफ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की पहचान और अलग वजूद बना रहे, इसकी जिम्मेदारी सांसद, विधायकों के साथ आम लोगों की भी है। हमारे विपक्ष के साथी जोहार शब्द का प्रयोग तो नहीं करते थे। लेकिन आजकल पार्टी ऑफिस में ही जोहर का बोर्ड लगा रखा है।

### गरीबी और अशिक्षा का मूल कारण बाल विवाह

सरकार अपने कार्यों को राज्यपाल के माध्यम से लोगों तक लेकर जाती है। हम पॉजिटिव सोच के साथ सरकार चलाने के प्रयास में हैं। हम चाहते तो अभिभाषण में अपनी तारीफ लिखे हैं। उनकी नाकामी को भी लिख सकते है। 20 सालों में इनको पहली बार ट्रेनिंग मिल रहा है कि कैसे सवालों को उठाये। हम तो अभी सत्ता में आये हैं ये तो लंबे अरसे तक सत्ता में ही रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, भ्रूण हत्या की वजह गरीबी और अशिक्षा है। सावित्री बाई फुले योजना से इसपर अंकुश लग रहा है। इस योजना से हम बालिकाओं को शिक्षित कर रहे हैं। बच्ची पढ़ेगी तो आने वाली पीढ़ी भी शिक्षित होगी।



### विपक्ष ने सदन का किया बहिष्कार

मुख्यमंत्री के बयान से नाराज भाजपा विधायकों ने सदन का बायकॉट किया। आजसू के लंबोदर महतो सदन में थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये दल से उधर के हैं लेकिन दिल से इधर के हैं। जिस खनन की बात कर रहे हैं उसकी जांच के लिए रिटायर्ड न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन कर दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व का सबसे गरीब देश बन जायेगा। एलआईसी बम जो फटा है उससे सभी हलकान हैं। बैंक की भी दशा यही है। मौजूदा बैंक सुरक्षित नहीं हैं। हम तो कहते हैं कि पैसे बैंक में नहीं रखो पॉलीथिन में रख कर मिट्टी में गाड़ दो।

### हम सबको साथ लेकर चल रहे हैं

नये राज्यपाल और नये मुख्य न्यायाधीश आये हैं। राज्यपाल के शपथ ग्रहण समारोह में चीफ जस्टिस ने भी जोहार शब्द से शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोगों का बड़े-बड़े पदों पर पहुंचना तो दूर की बात है, उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है कि गरीब आदिवासी, दलित मूलवासी को सम्मान मिले। हम सबको साथ में लेकर चलते हैं। हमारी मंशा साफ है कि सबको न्याय मिले। यही वजह है कि जो कार्यक्रम आदिवासी दलितों के लिए शुरू करते हैं, तो अन्य वर्ग भी इसकी मांग करने लगते हैं। तब हम कोशिश करते हैं कि सभी को जोड़ लें, वही हम कर रहे हैं।

### हम कीचड़ को साफ कर रहे हैं

राज्य बनने के बाद ज्यादातर समय इन लोगों ने सरकार चलायी। ये वापस कैसे आयेंगे ये इसकी चिंता में हैं। यही वजह है कि ये लगातार भ्रष्टाचार, लॉ एंड आर्डर की बात उठा रहे हैं। यह एक दिन में नहीं हुआ है। सारा कुछ इनका किया हुआ है। हम तो इस कीचड़ को साफ कर रहे हैं। आज कितने आदिवासी दलित आईएएस, आईपीएस, जज हैं। योजनाबद्ध तरीके से आये विपक्ष ने झारखंड को चारागाह बनाया, लूटखंड बनाया। जीएसटी से सालाना सरकार को पांच-छह हजार करोड़ का नुकसान है। ऐसी नीति बनायी कि राज्यों को नुकसान हो। 1985 का कट ऑफ डेट बना कर मिठाइयां बांटी।

# जी-20 समिट की बैठक आज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जी-20 समिट की बैठक आज गुरुवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में होगी. 2 मार्च को रिसर्च एंड इनोवेशन इनिशिएटिव गैदरिंग सम्मेलन में सतत ऊर्जा के लिए सामग्री विषय पर चर्चा के लिए आयोजित है. जी-20 समिट को लेकर देश- विदेश के मेहमान रांची पहुंच गए. झारखंड पुलिस के सभी विंग मसलन एटीएस, सीआईडी, स्पेशल ब्रांच, जगुआर और जैप मेहमानों की सुरक्षा के लिए रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल तक मुस्तैद रहे. जैसे ही विदेशी मेहमान रांची एयरपोर्ट से बाहर निकले, उन्हें पुलिस के द्वारा सुरक्षा घेरे में ले लिया गया. जिसके बाद उन्हें उनके मिली सुरक्षा श्रेणी को प्रदान कर होटल तक पहुंचाया जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ राजधानी रांची में विदेशी मेहमानों के आगमन को लेकर सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था देखने को मिल रही है. राजधानी के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं. मेहमानों के आने का सिलसिला आज 2 मार्च तक चलेगा. जिसे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी की गई है. मिली जानकारी के अनुसार विदेशी मेहमानों की सुरक्षा के मद्देनजर राजधानी में लगभग 2000 अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है. दिल्ली से एनएसजी की एक टीम भी राजधानी रांची में मौजूद है ताकि विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई भी कमी ना रहे.

### ड्रोन से हो रही होटल व मार्गों की निगरानी

रांची एयरपोर्ट और होटल रेडिशन ब्लू के आसपास पुलिस के द्वारा तीन ड्रोन भी तैनात किए गए हैं. इस ड्रोन से होटल और एयरपोर्ट की निगरानी की जा रही है. वहीं एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू तक के मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त किया गया है, ताकि कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मी लगातार उस मार्ग पर नजर बनाए रखें.

### डीएसपी-थानेदारों को गश्त लगाने का निर्देश

रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस के लिए 3 मार्च तक का समय काफी महत्वपूर्ण है. विदेशी मेहमानों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है. ऐसे में सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहेंगे.

# एलपीजी सिलेंडर का बढ़ा दाम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** होली से पहले आम जनता को महंगाई का तगड़ा लगा है. गैस वितरण कंपनियों ने रसोई गैस की कीमतों में बड़ा इजाफा किया है. घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ा दी गई है. रसोई सिलेंडर में ये इजाफा करीब 8 महीने के बाद देखने को मिला है. जानकारी के अनुसार 14.2 किलोग्राम का रसोई एलपीजी सिलेंडर 50 रुपये महंगा कर दिया है. दिल्ली में अब ये 1103 रुपये में मिलेगा. गौरतलब है कि अभी इसका दाम 1053 रुपये था. इसी तरह मुंबई में यह सिलेंडर 1052.50 रुपये के बजाय 1102.5 रुपये में बिकेगा. देश के अन्य बड़े शहरों की बात करें तो कोलकाता में अब रसोई गैस सिलेंडर 1079 रुपये की जगह 1129 रुपये में मिलेगा, तो वहीं चेन्नई में इसकी कीमत 1068.50 रुपये से बढ़ाकर 1118.5 रुपये कर दी गई है. बता दें हर महीने के पहली तारीख को गैस वितरण कंपनियां एलपीजी के दामों में संशोधन करती हैं और जुलाई के बाद अब घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं. एलपीजी की बढ़ी हुई कीमतें आज 1 मार्च 2023 से लागू हो गई हैं. रसोई गैस सिलेंडर के साथ ही 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपये का बड़ा इजाफा किया गया है. इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1769 रुपये से बढ़कर 2119.5 रुपये, मुंबई में 1721 रुपये की जगह 2071.5 रुपये, कोलकाता में रेट 1870 रुपये से बढ़कर 2221.5 और चेन्नई में 1917 रुपये के बजाय 2268 रुपये हो गए हैं.बैंक ऑफ इंडिया ने अपने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लैंडिंग रेट यानी कर्ज की दरों में 10 बेसिस प्वाइंट या 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी की है. बैंक के अनुसार, नई एमसीएलआर दर आज 1 मार्च, 2023 से लागू कर दी गई है. इसके चलते अब बैंक से होम लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन समेत सभी तरह के कर्ज महंगे हो जाएंगे और ग्राहकों को ज्यादा ईएमआई देनी होगी. इससे पहले बंधन बैंक ने भी मंगलवार को एमसीएलआर में 16 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया था, जो 28 फरवरी से लागू हो गया है.

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के दो युवक समेत तीन युवकों की मौत हो गई है. एक हादसा रानीश्वर तो दूसरा गोपीकांदर थाना क्षेत्र में हुआ. घटना के बाद संबंधित थाना की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया.झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित रानीश्वर थाना क्षेत्र के झुमरीकांदर गांव के तीखे मोड़ के पास एक ट्रक की चपेट में एक ही बाईक पर सवार तीन युवक आ गए, जिससे दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि तीसरा युवक गंभीर रुप से जख्मी है. घटना की जानकारी मिलने पर रानीश्वर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उठाकर नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया.

# विजय संकल्प यात्रा को नड्डा ने किया रवाना

### *इस यात्रा से राज्य के चार करोड़ लोगों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है भाजपा*



एजेंसी

**बेंगलुरु :** कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार अभियान में तेजी लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को राज्य भर में चार अलग-अलग दिशाओं से अपनी विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा का झंडा दिखाकर यात्रा के लिए पार्टी के नेताओं के विशेष रथ को रवाना किया। जहां जेपी नड्डा ने एक रथ रवाना किया, वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो मार्च को बेलगावी जिले के नंदागढ़ से यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन मार्च को तीसरी और चौथी यात्रा की शुरुआत बीदर जिले के बसवकल्याण से और देवनहल्ली के अवाथी से सुबह और दोपहर में करेंगे। यात्रा शुरू करने के लिए आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के संसदीय बोर्ड के सदस्य बी एस येदियुरप्पा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील और राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि के शामिल होने की भी खबरें हैं। पार्टी नेताओं के अनुसार, इस अभियान में 50 से अधिक राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे, जो राज्य के सभी 31 जिलों और 224 निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करेगा। यात्रा के तहत 8,000 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। इस दौरान 80 से ज्यादा रैलियों, 74 जनसभाओं, लगभग 150 रोड शो की योजना बनाई गई है। इस यात्रा से भाजपा राज्य के चार करोड़ लोगों तक पहुंचने की उम्मीद कर रही है। वहीं, बीस दिनों तक चलने वाली इस यात्रा का समापन 25 मार्च को दावणगेरे में एक विशाल रैली के साथ होगा। इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।

## खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे के अधिकारियों की भूमिका का मामला

# सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश होंगे एसआईटी के अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य अन्तर्गत खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे की भूमिका की जांच एवं रोकथाम हेतु श्री विनोद कुमार गुप्ता (सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश, झारखण्ड उच्च न्यायालय) की एक सदस्यीय गठित एसआईटी का कार्यकाल छह माह निर्धारित करने, आयोग के अध्यक्ष को प्रतिमाह मानदेय, अध्यक्ष को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समतुल्य यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधाएं एवं आयोग के कार्यालय हेतु एक सहायक, एक आदेशपाल, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी है।

**मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री को लिखा था पत्र:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा 14 दिसंबर 2022 को रेल मंत्री को पत्र लिख कर अवगत कराया गया था कि राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिन्दुओं की जांच हेतु एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री से आग्रह किया था कि आपके द्वारा रेलवे के पदाधिकारियों को इस उच्च स्तरीय जांच समिति को पूरा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया जायेगा।

### खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे के अधिकारियों की भूमिका की जांच एवं रोकथाम के लिए सुझाव देने हेतु एसआईटी

खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा-23 (C) के अन्तर्गत राज्य में खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग, ट्रांसपोर्टेशन एंड एस्टोरेज रूल्स 2017 अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित नियमावली के नियम- 9(1) के अनुसार उत्खनित खनिजों का रेल मार्ग से परिवहन भी पोर्टल से प्राप्त परिवहन चालान के माध्यम से ही किया जाना है। इस संदर्भ में खान एवं भूतत्व विभाग एवं विभिन्न उपायुक्त / जिलास्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से भी वैध ई-चालान के साथ खनिजों के परिवहन हेतु कई निर्देश निर्गत किये गये हैं। इन सभी प्रयासों के बावजूद भी विभिन्न स्रोतों से सूचनाएं प्राप्त हो रहीं हैं कि रेलवे के माध्यम से बिना वैध चालान के भारी मात्रा में खनिज का परिवहन / प्रेषण किया जा रहा है। इस संदर्भ में उपायुक्त, दुमका द्वारा रेलवे के माध्यम से रेलवे साईडिंग से बिना परमिट/चालान के पत्थर चिप्स के परिवहन करने के संदर्भ में सूचनाएं/आंकड़े भेजे गये हैं। इस अनियमितता में रेलवे के अधिकारियों की संलिप्तता परिलक्षित होती है। अतः राज्य अन्तर्गत विभिन्न खनिजों के अवैध परिवहन में रेलवे के अधिकारियों की भूमिका की जांच एवं रोकथाम के लिए सुझाव देने हेतु एक सदस्यीय इसआईटी गठन करने का निर्णय लिया गया है। अतः थे कमीशन ऑफ इंक्वायरी एक्ट 1952 की धारा-3 के तहत प्रदत् शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड सरकार द्वारा मुख्य न्यायाधीश झारखण्ड उच्च न्यायालय विनोद कुमार गुप्ता को गठित एक सदस्यीय इसआईटी का अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

# आईईडी ब्लास्ट में पति की मौत, पत्नी घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चाईबासा :** गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ईचाहातु में बुधवार की सुबह नक्सलियों के द्वारा पुलिस जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए एक आईईडी ब्लास्ट हो गया. इस आईईडी के विस्फोट होने से 52 वर्षीय ग्रामीण कृष्णा पूर्ति की मौत हो गई. घटना में कृष्णा पूर्ती की पत्नी नंदी पूर्ति घायल हो गई. उनकी उम्र 45 साल है. पश्चिम सिंहभूम पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है. ईचाहातु गांव का यह दंपती सुबह खेत में लगी अरहर की फसल को देखने जा रहा था. मुख्य सड़क से हटकर खेतों के किनारे बनी पगडंडियों से होते अपनी खेतों की ओर रहे थे, इसी दौरान जमीन के नीचे लगा आईईडी ब्लास्ट कर गया. इस विस्फोट में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. गांव के लोगों ने दोनों को अस्पताल भेजने के लिए घटनास्थल से घर लाया, जहां कृष्णा पूर्ति की मौत हो गई.पिछले डेढ़ महीने के अंदर पश्चिम सिंहभूम जिले के इन इलाकों में 10 से अधिक बार आईईडी ब्लास्ट हो चुके हैं. इन आईईडी ब्लास्ट में एक दर्जन से अधिक सुरक्षा कर्मी घायल हुए हैं. जिन्हें चाईबासा से एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया गया. इनमें से कुछ जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली एम्स भी भेजा गया है. आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षाकर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी नुकसान पहुंच रहा है. कई ग्रामीण घायल हुए, जबकि बुधवार को एक ग्रामीण की मौत हो गई है.

## अनुमंडल व बिरसा जिला लाइब्रेरी छात्र-छात्राओं के लिए मददगार साबित हो रहा



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में संचालित अनुमंडल एवं बिरसा जिला लाइब्रेरी छात्र - छात्राओं के लिए मददगार साबित हो रहा है। इस माध्यम से उन्हें सुगम रूप में पठन पाठन व प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने में सहायता मिल रही है। बिरसा जिला पुस्तकालय भवन में आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ 200 विद्यार्थियों के एक साथ बैठने के लिए कुर्सी, टेबल उपल्ब्ध कराए गए हैं। विभिन्न प्रतियागिता परीक्षा यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे, सचिवालय, शिक्षक, इंडियन आर्मी, दरोगा, सिपाही आदि विभिन्न प्रसिद्ध जानकारों व बुद्धिजीवी के जीवनी एवं बाल कहानियां के लगभग 4500 पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी हैं। 24 घंटा सोलर आधारित निर्बाध बिजली व्यवस्था, भवन की रक्षा के लिए तड़ित चालक, महिला तथा पुरूष के अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी हैं। शुद्ध पेय जल, सीमेंट बेंच एवं पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध निमित्ता संस्था द्वारा कराई गई हैं। सप्ताह के सातों दिन प्रात॰ 8॰00 बजे से शाम 8॰00 बजे तक खुली रहती हैं। पुस्तकालय एवं विद्यार्थियों की देख-रेख के लिए कर्मचारियों की नियुक्ती की गई हैं। डिजिटल लाइब्रेरी के लिए जल्द वाई-फाई आधारित कम्प्युटर की प्रबंध की जाएगी। पुस्तकालय में आ रहे विद्यार्थियों की सहायता के लिए हर संभव जिला प्रशासन तत्पर हैं। साथ ही संसाधनों की व्यवस्था भी की जाएगी। परीक्षा की तैयारी करने छात्र - छात्राएं बिरसा मुंडा जिला पुस्तकालय आते हैं। इस पुस्तकालय में पढ़ने-लिखने वाले दर्जनों विद्यार्थियों अपने मेहनत के बल से जेएसएससी, एसएससी, रेलवे ,बैंक सेक्टर, पोस्टऑफिस, सेना, दरोगा आदि प्रतियोगिता परीक्षा पास कर रहें हैं और देश एवं राज्य के विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठान संस्थाओं में सेवा दे रहें हैं। जिले में संचालित अनुमंडल बिरसा लाइब्रेरी में प्रतिदिन 30 की संख्या में छात्र - छात्राएं आते हैं। यहां वाई फाई की सुविधा के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में कर्मचारी व लाइब्रेरियन की प्रतिनियुति की गई है। साथ ही प्रत्येक शनिवार को काउंसलिंग गतिविधियां आयोजित किए जाते हैं। इसमें विद्यार्थियों के लिए भविष्य के लिए उचित अवसर एवं पठन पाठन से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाती है।

## डॉक्टर व पारा मेडिकल कर्मी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे




**बेड़ो :** इंडियन मेडिकल एसोशिएशन और झारखंड स्वास्थ्य सेवा संघ के संयुक्त अह्वाहन पर मेडिकल प्रॉटेक्शन एक्ट कानून झारखंड में लागु करने की मांग को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो के डॉक्टर व पारा मेडिकल कर्मी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। पीएससी के चिकित्सा प्रभारी चिकित्सक डॉ0 सुमित्रा कुमारी ने कहा कि डॉक्टरों, मेडिकल कर्मीयों के साथ आये दिन हिंसक व बदसलुकी की घटना हो रही है। डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी निर्भीक माहौल में लोगों की सेवा दे सके इसके लिए मेडिकल प्रॉटेक्शन एक्ट लागु करने की मांग कर रहे थे। इस दौरान ओपीडी पूर्ण रूप से बाधित रहा लेकिन आपातकालीन सेवा जारी रहा स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 सुमीत्रा कुमारी, डॉ राजीव कुमार, डॉ कुसुमलता सिन्हा, डॉ मेघा भगत, डॉ0 काजोल, डॉ0 एस0 एल दास, डॉ0 निगार सुलताना, डॉ रिजवान, डॉ0 नजमा अंजुम व मेडिकल कर्मीयों ने कार्यबहिस्कार किया।

## टाटीसिलवे नामकुम स्थित उधोग स्थानीय युवकों को प्राथमिकता दें : क्रिस्टो कुजूर

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय के परिसर में विधायक औधोगिक प्रतिनिधि क्रिस्टो कुजूर के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । श्री कुजूर ने बताया कि नामकुम टाटीसिलवे क्षेत्र में लगभग सैंकड़ो उधोग है किंतु आज भी योग्य होने के बावजूद भी नवयुवक बेरोजगार है स्थानीयता के आधार पर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए । उप प्रमुख वीना देवी ने बताया अपना हक अधिकार के लिये हम सभी जनप्रतिनिधियों को एक होने की आवश्यकता है तभी हम सब अपने अधिकार को प्राप्त कर सकतें हैं । सिल्वे पंचायत के मुखिया नूतन पहान ने बताया हमारे पुर्वजों ने क्षेत्र में चल रहे उधोग के लिये अपना जल जंगल और जमीन गवांया ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिल सके ताकि उनका जीवन का स्तर ऊपर उठ सके किन्तु वर्तमान समय में क्षेत्र में बसे उधोग आशाहीन है सिर्फ निजी लाभ उठा रहा है । मौके पर टाटी पुर्वी मुखिया कृष्णा पहान महिलोंग संदीप तिर्की चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ग्रामप्रधान अर्जुन पहान रामचरण पहान श्याम पहान अरविंद लोहरा सिकन्दर लोहरा लीला देवी राजन मिर्धा समेत कई लोग मौजूद रहे ।

## टाटीसिल्वे अंबाढीपा रेलवे ट्रैक के पास युवती का शव मिला

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के अंबाढीपा रेलवे ट्रैक के पास युवती का शव मिली। शव को टाटीसिल्वे थाना ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। शव कि पहचान शिलावंती देवी बोंगईबेडा निवासी के रूप में हुआ है। इसके पति का महाबीर महतो है जो आयुर्वेदिक कंपनी में काम करते है। उनका बड़ा भाई अमृत महतो ने बताया कि भाई कि शादी 2018 में हुई थी। मृतिका शिल्व ति देवी का मयका लालगूँज में है।बो दूसरी ओर मृतिका का भाई अनमोल कुमार ने हत्या का मामला थाने में दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले के बारे में जाँच चल रहीं है कि हत्या है या कोई अन्य कारण।

## कौओं का मरना जारी, बर्ड फ्लू की आशंका

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी में कौओं के मरने का सिलसिला जारी है.एक सप्ताह के अंदर सिर्फ एकता नगर में तीन कौओं की मौत हो गयी है.कौओं की हो रही मौत की सूचना बुधवार को प्रखंड के पशु चिकित्सक को दी गयी है.जानकारी के अनुसार कौआ मरने से पूर्व जमीन पर गिर कर काफी देर तक झुपने की स्थिति में रहता है.उसमे उड़ने की शक्ति समाप्त हो जाती है.मुहल्ले के लोगों ने बर्ड फ्लू की आशंका व्यक्त करते हुए इसकी जांच कराने की मांग पशुपालन विभाग से की है.

# सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** पैरेडाइस संस्था के सहयोग से जिला प्रशासन को चार ब्लड डोनर चेयर उपलब्ध कराए गए। सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ब्लड डोनेशन कैंप में ब्लड डोनर चेयर की उपयोगिता है, जिसकी सहायता से सुगम रूप से रक्तदान कार्य सम्पन्न हो सकेगा। ब्लड डोनर को आसानी से मोड़ा जा सकता है और सुगमता पूर्वक प्रति घण्टे एक चेयर में 4 व्यक्ति एवं 4 चेयर में 16 व्यक्तियों / रक्तदाता के लिए प्रयोग में लाई जा सकती है। मौके पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किया कि जिले में समय - समय पर ब्लड डोनेशन कैंप चलाए जाएंगे। इन शिविर का आयोजन सुदूर क्षेत्रों में भी किया जाएगा। साथ ही बिरसा कॉलेज व अन्य संस्थान में शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही मासिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता पूरी होती है बल्कि यह समाज एवं मानवता प्रति एक बड़ी सेवा भी है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाय। इस दौरान पैरेदाइस संस्था के प्रतिनिधि, लाइव सेवर्स संस्था के अतुल गेरा से ब्लड डोनेशन कैंप से संबंधित चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जिला अंतर्गत सिकल सेल अनीमिया जागिरकता अभियान माध्यम से समुदाय आधारित स्क्रीनिंग, सिकलसेल बीमारी की जागरूकता और रेफरल की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही इससे सिकलसेल बीमारी के लिए ससमय बेहतर उपचार सुनिश्चित कराया जा सकेगा। जिले में संचालित मोबाइल वाहन के माध्यम से सिकल सेल अनीमिया जांच की जा रही है। सदर अस्पताल के लैब के सिकल सेल अनीमिया जांच की सुविधा है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आवश्यक है कि सिकलसेल बीमारी के लिए उचित उपचार व प्रबंधन सम्भव हो सके, इसे लेकर जिले में आवश्यक पहल की जाएगी। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में आमजनों को इस बीमारी के सम्बंध में जागरूक करना भी जरूरी है। आगे उन्होंने बताया कि बीमारी से निपटने के लिए किसी भी रणनीति में स्क्रीनिंग, परामर्श के माध्यम से रोकथाम और शीघ्र निदान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और समय पर रेफरल के माध्यम से रोग का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है। समुदाय-आधारित स्क्रीनिंग आयोजित करके सिकल सेल एनीमिया वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आगे के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संदर्भित करना। इस माध्यम से सुगम रूप से एससीडी के लिए स्क्रीनिंग और रेफरल की जाएगी। आगे उन्होंने बताया कि हम सभी के इन प्रयासों से निश्चित ही इस बीमारी से बचाव सम्भव हो सकेगा।

संवेदनशील रोगियों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर एससीडी के उपचार में ताजा अग्रिम और भविष्य के रुझानों के बारे में विचार विमर्श किया गया। साथ ही विशेषकर महिलाओं और बच्चों के बीच जागरूकता फैलाने के तरीकों और साधनों, बचाव व प्रबंधन उपायों पर चर्चा की गई।

साथ ही इसके अनुसार परामर्श व उचित उपचार भी सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही प्रयास है कि ससमय सिकल सेल एनीमिया वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा सके।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**खूंटी :** आज खूंटी जिला अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चला रहे लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा के मानकों का अनुपालन करने हेतु अनुरोध किया गया। विदित है कि जिला में सड़क दुर्घटना में हो रहे वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए आम लोगों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक निशांत रौशन, सड़क अभियंत्रिकी विश्लेषक संदीप हेंब्रम, सुमित तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# बीडीओ की पहल पर नेत्रहीन दिव्यांग दंपति की चेहरे पर आई उम्मीदों की रौशनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** गरीबी की दलदल में धंसे नेत्रहीन दिव्यांग दंपति एतवा उरांव एवं शुकरो उरांइन के जीवन में बुधवार को उजाले की एक छोटी सी किरण उस वक्त आई जब प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की पहल पर सर्वजन पेंशन योजना से इन्हें लाभान्वित किया गया। नेत्रहीन दंपति खुद्दारी की रथ पर सवार उम्र की इस दहलीज पर भी बजाय दूसरों के सामने हाथ फैलाने के अपनी कला का प्रदर्शन कर आधी ही सही इज्जत की रोटी खा रहे हैं। हरिहरपुर जामटोली की यह दंपति सड़कों में गीत गाकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। बुधवार को प्रखंड परिसर में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी कि नजर इन पर नजर पड़ी तो उन्होंने उत्सुकता से उनके जीवन के बारे में जानने का प्रयास किया। पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील उरांव ने उनके हालात से अवगत कराया साथ ही इनके कागजात उपलब्ध कराए। त्वरित कार्रवाई करते हुए सारी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने सर्वजन पेंशन योजना से इन्हें जोड़ने का काम किया। पेंशन की खुशखबरी सुनकर दिव्यांगों की मासूम आंखों पर उम्मीदों की चमक सी बिखर गई। महीने की 2 हजार की उम्मीद पाकर दिव्यांग दंपति के दिलों से प्रखंड विकास पदाधिकारी व पूर्व मुखिया के लिए निकलने वाली दुआएं किसी अजीम आशीर्वाद से कम न थे।

# मॉडल संकुल चुटुपालु में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** बुधवार को जेएसएलपीएस ने ओरमांझी प्रखंड के कार्य क्षेत्रों में 1 मार्च से 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन किया जाना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को लेकर संकुल संगठन व ग्राम संगठनो मे तैयारी किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रत्येक दिन अलग-अलग पंचायतों में यह कार्यक्रम का अयोजन किया जाएगा। इसमें संकुल के एक साल के आय-व्यय की जानकारी सभी दीदीयों के बीच में साझा किया गया। संकुल में जितनी भी गतिविधिया हो रही है,उसकी जानकारी अध्यक्ष और मैनेजर के द्वारा बारी-बारी से समूह की दीदियों को जानकारी दिया जाएगा। इसकी शुरुआत मॉडल संकुल चुटुपालु में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।स्वागत गान और तालियों की गड़गड़ाहट से शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कार्यालय से आए हुए दीदीयो के बीच कार्यक्रम की और संकुल संगठन की विस्तृत जानकारी दिया।साथ ही साथ संकुल में काम कर रहे कैडर दीदीयो ने भी अपनी पहचान एव पद की विस्तृत जानकारी दिए।अपना केस स्टडी सभी लोगों के बीच साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा, बीपीओ एफ आई रोशन सिंह, कनीज फातीमा, प्रशांत कुमार, विजेता टोप्पो, दीपमडल कुमार, मोवीन खान, धनौती कुमारी, रिजवान अंसारी, संकुल संगठन की अध्यक्ष रासो देवी, दुलेर देवी, आरती देवी, संकुल की मैनेजर संगीता देवी, संगठन की लेखापाल सह मास्टर बुक कीपर गीता देवी, आरती देवी, सबनम आरा, सीमा देवी,रासो देवी, सुषमा देवी, लिलावती देवी, चिन्तामनी देवी, कुन्ती मिसरा, रिता देवी,बबीता देवी, बैंक सखी सोनीया देवी और भी बहुत सी ग्रामीण सखी मंडल से जुड़ी हुई दीदीयो ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग किया।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

ज्ञापांक ......................../ दिनांक ........................

### अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या .../2022–23

नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निमार्णकर्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 15.03.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5000/–रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20000/रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक सहायक नगर आयुक्त, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पदनाम से देय होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2.00 बजे नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचनापट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है:–

| S.L | Basic Equipment & Furniture for HWC | S.L | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop computer all in one 20-24'Inc- Intel Core/511[th] generation onwards RAM-8GB, Hard Drive 1 TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS office | 27 | Invertor with Battery (1000 VA+180 AH Battery) |
| 2 | Colour printer with scanner (HP/Canon/Epson) | 28 | Fire Extinguisher |
| 3 | Office table (size -5×3) | 29 | Ambu Bag |
| 4 | Doctor Chair Revolving | 30 | I/V Stand |
| 5 | Office chair visitor (steel with leather seat) | 31 | Tongue depression |
| 6 | Almirah 4 or 5 rack (Branded) | 32 | Mouth gag |
| 7 | Iron Rack for Medicine | 33 | selling fan(Bajaj/Havells/v-guard) |
| 8 | Patient Examination Table | 34 | Dustbin 50 litre |
| 9 | Pulse Oximeter | 35 | Colour Coded bin |
| 10 | Glucometer | 36 | Sharp Container |
| 11 | Haemoglobin Meter Digital | 37 | Towel |
| 12 | Stethoscope | 38 | Suction Machine |
| 13 | BP Machine Digital | 39 | foot step |
| 14 | Weight Machine Digital | 40 | Nebulizer |
| 15 | Height Meter | 41 | Torch |
| 16 | Thermometer Digital | 42 | Phooljhadoo |
| 17 | Wall clock | 43 | Mop |
| 18 | Door Mat | 44 | Sikjhadoo |
| 19 | Lock (Link) | 45 | JholJhadan |
| 20 | Register Large | 46 | A4 Paper |
| 21 | Register Medium | 47 | Pen |
| 22 | Bed Side Screen guard with curtain | 48 | Bucket (20-25 LTR.) |
| 23 | Emergency Durg Tray | 49 | Mug |
| 24 | Nebulizer Machine | 50 | Bulb 15 WT |
| 25 | Patient Waiting 3-seater Chair | 51 | Baby Weight Machine Digital |
| 26 | Patient stool (steel) | | |

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR291543 (District)22-23*D



**Office of the Chief Engineer**
**Central Design Organisation (CDO)**
**Drinking Water & Sanitation Department**
**Near Nepal House, Doranda Ranchi-834002**
**Email: dwsdcdo@gmail.com, website: dwsd.jharkhand.gov.in**

**RFP No- 01/CDO/Ranchi/Empanelment/2022-23 Dated: - 01.03.2023**

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for empanelment of only indigenous manufacturers of Polypropylene Integrated Saddle with inbuilt Flow Control Valve to be included as recommended makes to be used in ongoing and forthcoming Water Supply Schemes funded by Jal Jeevan Mission / 15[th] Finance Funds / Funds from other sources in Jharkhand through Online bidding.

1. Date of uploading of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in : 03.03.2023
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD,Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 10.03.2023 at 3.00 PM.
3. Last date & time of online submission : 18.03.2023 upto 06.00 PM
4. Time and last date & Place for submission of Hard Copy : 20.03.2023 Upto 3:00 PM, at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002. (Performance Guarantee & EOI application Fee should be submitted exclusively in physical form in sealed envelope)
5. Opening Date of Technical Bid : 20.03.2023 at 4.00 PM
6. EOI application Fee : Rs. 10,000/- only (non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9504577191
8. EOI application Fee should be submitted in the shape of Bank DD in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**.
9. Performance Guarantee should be submitted in the shape of NSC / Bank FD (issued within Jharkhand) / Bank guarantee (from any Indian nationalized / scheduled bank) of Rs. 1,00,000/=( Rs One lakh only) pledged in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West**. Performance Guarantee will be returned after the expiry of Five years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work and routine maintenance after the order from Department based on recommendation of concerned Executive Engineers. Bank guarantee should be in standard format of concerned bank issuing it which must be legally valid for the prescribed period.
10. In the event date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
11. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date
12. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
13. Bid Documents / Any changes & Further details can be seen on website : http://jharkhandtenders.gov.in
14. All the documents must be submitted online in any pocket (cover) irrespective of specified pocket (cover). Hard copy of the same should be submitted at CDO office.

**Sd/-**
**(Sunil Kumar)**
**Executive Engineer (Quality Control),**
**CDO, DW&SD, Jharkhand, Ranchi**

**PR 291634 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**



## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित मत्स्य विभाग के राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा करने हेतु सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित वित्तीय वर्ष 2022–23 मत्स्य विभाग कें बन्दोबस्ती मुक्त शेष अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 तक के लिए खुला डाक द्वारा दिनांक 13.03.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् में अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य कार्यालय सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में किया जाएगा।

| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | पुनर्निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गरजा तालाब | गरजा | गरजा | सिमडेगा | 3025 | – | 1.08 | 15000.00 | 2022–23 से 2024–25 तक |
| 2 | मुण्डलटोली तालाब | मुण्डलटोली | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | – | 406 | 0.50 | 1500.00 | |
| 3 | कोनबेगी तालाब | कोनबेगी | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | 43 | 1100 | 1.63 | 2700.00 | |
| 4 | गोरारजोड़ तालाब | गोरारजोड़ | गोरारजोड़ | केरसई | 132 | 601 | 0.20 | 1600.00 | |
| 5 | तिनगिना तालाब | तिनगिना | ढोढ़ीबहार | जलडेगा | 193 | 638, 637 | 0.70, 0.50 | 1000.00 | |

उपरोक्त जलकरों के अतिरिक्त प्रखण्ड बानो एवं कोलेबिरा में अवस्थित जलकरों की बन्दोबस्ती प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों द्वारा बन्दोबस्ती नहीं लिए जाने पर निम्नलिखित जलकरों की बन्दोबस्ती भी दिनांक 13.03.2023 को खुला डाक के माध्यम से की जाएगी।


| क0 सं0 | राजस्व जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा (एकड़ में) | पुनर्निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (रुपये में) | बंदोबस्ती अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोनसोदे तालाब 2 | कोनसोदे | कोनसोदे | बानो | 132 | 2295 | 0.51 | 3000.00 | 2022–23 से 2024–25 तक |
| 2 | हुरदा तालाब | हुरदा | हुरदा | बानो | 80 | 645 | 0.82 | 1500.00 | |
| 3 | गुड़गुड़ तालाब | नवाटोली | नवाटोली | कोलेबिरा | 129, 130 | 511/ 510 | 0.76/ 0.27 | 2000.00 | |
| 4 | कनजोगा तालाब | कनजोगा | कनजोगा | कोलेबिरा | 200/ 201 | 468/ 467/ 488/ 489 | 0.33/ 0.05/ 0.12/ 0.50 | 3500.00 | |
| 5 | शाहपुर कोंडेकेरा | कोंडेकेरा | शाहपुर | कोलेबिरा | 246 | 2218 | 1.10 | 1000.00 | |
| 6 | कुम्बाकेरा तालाब | कुम्बाकेरा | लचरागढ़ | कोलेबिरा | 1 | 2033 | 1.10 | 3000.00 | |

**डाक की शर्तें:–** डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। अल्पकालीन बन्दोबस्ती की अवधि तालाब/जलकर के अभ्युक्ति कॉलम के अनुसार होगी। डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक 13.03.2023 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बन्दोबस्ती दिनांक 15.03.2023 को की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 291517 Fish(22-23).D

# भारतीय उद्योग के जनक : जे.एन. टाटा 1839-1904 का सफरनामा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जे.एन. टाटा का जन्म 1839 में नवसारी में हुआ था। जे.एन. टाटा के पिता नसरवानजी टाटा ने एक देशी बैंकर से व्यापार के मूल सिद्धांतों को सीखा और बंबई चले गए और वहां वो एक हिंदू व्यापारी के साथ जुड़ गए। कुछ समय पश्चात जे.एन. टाटा बंबई में अपने पिता के साथ काम करने लगे, और एलफिन्स्टन इंस्टीट्यूशन में दाखिला लिया, जहां से वे 1858 में ग्रीन स्कॉलर (स्नातक) के रूप में उत्तीर्ण हुए। 1859 में वह हांगकांग में एक नई शाखा के सह प्रबंधक के रूप में अपने पिता की फर्म नसरवानजी और कालियानदास, जनरल मर्चेंट्स में शामिल हो गए।

उस समय अमेरिकी गृहयुद्ध चरम पर था। इसने दक्षिणी राज्यों से लंकाशायर की मिलों को कच्चे कपास की आपूर्ति बाधित कर दी थी। कपास के लिए बेताब, लंकाशायर ने भारत को अपने कपास के लिए सामान्य कीमत से दोगुनी कीमत की पेशकश की। इस अवसर से उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। इस बीच जे.एन. टाटा बंबई लौट आए।

नसरवानजी टाटा के साझेदार प्रेमचंद रॉयचंद, अपने बैंक, एशियाटिक बैंकिंग कॉर्पोरेशन की लंदन में एक शाखा खोलना चाहते थे और यह भी चाहते थे कि जे.एन. टाटा इसका नेतृत्व करें। बैंक बेहतर प्रदर्शन कर रहा था और इसका कारण अमेरिकी गृहयुद्ध के परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था में आया उछाल था।

जे.एन. टाटा ने दिसंबर 1864 में चीन के बाजार में बिल्स की खेप ले जाने की शुरुआत की साथ ही उन्हें भारत से लिवरपूल के लिए कपास की बड़ी खेप के लदान के लिए भी अधिकृत किया गया। 1865 की शुरुआत में जनरल ली के आत्मसमर्पण के साथ अमेरिकी गृहयुद्ध समाप्त हो गया। अमेरिकी कपास की आपूर्ति फिर से शुरू होने के साथ, इस व्यवसाय पर आघात भी हुआ। जे.एन. टाटा के लिए अब चीनी बिल का बंडल रद्दी कागज था। उन्होंने ईमानदारी से अपनी फर्म के लेनदारों और बैंकरों को अपनी स्थिति बताई जिसके बाद उन्होंने, उन्हें लिक्विडेटर नियुक्त किया क्योंकि उन्हें उन पर भरोसा था।

1867 में जे.एन. टाटा ने मैनचेस्टर में थॉमस कार्लाइल को इस कहावत की व्याख्या करते हुए सुना कि जो राष्ट्र लोहे पर नियंत्रण प्राप्त करता है, वह जल्द ही सोने पर नियंत्रण प्राप्त कर लेता है

जे.एन. टाटा की इंग्लैंड में पहली यात्रा, और बाद के वर्षों में किए गए अन्य अभियानों ने उन्हें आश्वस्त किया कि कपड़ा उद्योग के प्रचलित ब्रिटिश प्रभुत्व में सेंध लगाने के लिए भारतीय कंपनियों के पास जबरदस्त गुंजाइश थी।

जे.एन.टाटा ने 1869 में कपड़ा उद्योग में कदम रखा। उन्होंने बंबई के औद्योगिक क्षेत्र के केंद्र में स्थित चिंचपोकली में एक जीर्ण-शीर्ण और दिवालिया तेल मिल का अधिग्रहण किया, उन्होंने इस प्रॉपर्टी का नाम एलेक्जेंड्रा मिल रखा और इसे एक कपास मिल में बदल दिया। दो साल बाद, जे.एन. टाटा ने एक स्थानीय कपास व्यापारी को महत्वपूर्ण लाभ के बदले यह मिल बेच दी। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की एक विस्तारित यात्रा की, और लंकाशायर कपास व्यापार का एक विस्तृत अध्ययन किया। श्रमिकों, मशीनरी और उत्पादन की गुणवत्ता, जो जे.एन.टाटा ने इस प्रवास के दौरान देखा, वह काफी प्रभावशाली था, हालांकि उन्हें पूरा यकीन था कि वो इस कहानी को अपने देश में दोहरा सकते हैं।

जे.एन. टाटा का मानना ??था कि वह एक ऐसे खेल में उन औपनिवेशिक व्यवसायियों का मुकाबला कर सकते हैं और उन्हें हरा सकते हैं, जिन्होंने अपने लाभ के लिए धांधली की थी। उस समय के प्रचलित मान्यता के अनुसार यह निर्धारित था की बॉम्बे नई परियोजना स्थापित करने के लिए उपयुक्त स्थान है, लेकिन जेएन टाटा की प्रतिभा ने उन्हें गलत साबित किया। उन्होंने सोचा कि वह अपनी सफलता की संभावना को बढ़ा सकते हैं यदि वह अपनी योजनाओं में तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल कर सके - कपास उगाने वाले क्षेत्रों से निकटता, रेलवे जंक्शन तक आसान पहुंच और पानी तथा ईंधन की भरपूर आपूर्ति। महाराष्ट्र के कपास क्षेत्र के मध्य में स्थित नागपुर ने इन सभी शर्तों को पूरा किया। 1874 में, जे.एन.टाटा ने 1.5 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ एक नया उद्यम, सेंट्रल इंडिया स्पिनिंग, वीविंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी शुरू की थी। तीन साल बाद, उनका उद्यम अपनी नियति को साकार करने के लिए तैयार था।

1 जनवरी, 1877 को, जिस दिन महारानी विक्टोरिया को भारत की साम्राज्ञी घोषित किया गया, नागपुर में एम्प्रेस मिल्स अस्तित्व में आया। 37 साल की उम्र में, जे.एन.टाटा ने अपने पहले शानदार सफर की शुरुआत कर ली थी।

जे.एन. टाटा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचारों से पूरी तरह सहानुभूति रखते थे और बंबई में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन में उपस्थित थे, वो आर्थिक रूप से इसका समर्थन करते रहे थे और जीवन भर कांग्रेस के सदस्य बने रहे।

जे.एन.टाटा के परोपकारी सिद्धांत इस विश्वास में निहित थे कि भारत को गरीबी से बाहर निकलने के लिए इसके बेहतरीन प्रतिभा का उपयोग करना होगा। चैरिटी और हैंडआउट उनके तरीके नहीं थे, इसलिए उन्होंने 1892 में जेएन टाटा एंडोमेंट की स्थापना की। इसने भारतीय छात्रों को, जाति या पंथ की परवाह किए बिना, इंग्लैंड में उच्च अध्ययन करने में सक्षम बनाया। यह शुरुआत टाटा छात्रवृत्ति में फली-फूली, जो इस हद तक विकसित हुई कि 1924 तक प्रतिष्ठित भारतीय सिविल सेवा में आने वाले प्रत्येक पांच भारतीयों में से दो टाटा स्कॉलर थे।

भारतीय विज्ञान संस्थान बनाने का उद्देश्य उसी स्रोत से आया था, लेकिन यहाँ, स्टील प्लांट की तरह ही, जेएन टाटा को भी अपने जीवनकाल में कोई ठोस प्रतिफल प्राप्त किए बिना कई वर्षों तक मुश्किलें हीं झेलनी पड़ी। जे.एन.टाटा ने संस्थान की स्थापना के लिए अपने व्यक्तिगत संपत्ति से 30 लाख रुपये देने का वादा किया, इसे जिस आकार में लेना चाहिए उसका खाका तैयार किया, और इसे वास्तविकता में बदलने के लिए वायसराय, लॉर्ड कर्जन से लेकर स्वामी विवेकानंद तक, सभी के समर्थन की याचना भी की।

स्वामी विवेकानंद ने, उनके इस विचार के समर्थन में, 1899 में लिखा कि, 卐मुझे नहीं पता कि कोई भी परियोजना पहली बार में इतनी उपयुक्त और अब तक अपने लाभकारी प्रभावों तक पहुँचने के लिए भारत में कभी भी शुरू की गई हो ...

यह योजना हमारे राष्ट्रीय कल्याण में आई कमजोरी के महत्वपूर्ण बिंदु को दृष्टि की स्पष्टता और मजबूत पकड़ के साथ समझती है, जिसकी विशेषज्ञता केवल उस उपहार की उदारता के बराबर है जो जनता को दी जा रही है। इस समर्थन और इसके साथ ही इसी प्रकार के अन्य प्रयासों के बावजूद, बैंगलोर में स्थापित शानदार भारतीय विज्ञान संस्थान को 1911 में अपने अस्तित्व में आने में 12 साल लगे।

बाद के वर्षों में जे.एन.टाटा के अपने जीवन के देखे गए तीन महान सोच को मूर्त रूप दिया गया- एक लौह और इस्पात कंपनी की स्थापना, जलविद्युत शक्ति का उत्पादन, और एक विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान का निर्माण, जो विज्ञान में भारतीयों को प्रशिक्षित करेगा। जे.एन.टाटा के जीवित रहते इनमें से कोई भी सपना साकार नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने जो बीज बोए, जो काम उन्होंने किया, और अपने सपनों की इस त्रयी को पूरा करने के लिए उन्होंने जो इच्छाशक्ति दिखाई, उससे यह सुनिश्चित हुआ कि उन्हें शानदार प्रसिद्धि मिलेगी।

थॉमस कार्लाइल ने आयरन और स्टील के विचार को तब जन्म दिया जब जे.एन.टाटा, अपनी कपड़ा मिल के लिए नई मशीनरी की जांच के लिए मैनचेस्टर की यात्रा पर, एक व्याख्यान में शामिल हुए। उन्होंने अपना दिल एक ऐसे स्टील प्लांट के निर्माण पर लगाया था जिसकी तुलना दुनिया में अपनी तरह के सबसे अच्छे स्टील प्लांट से की जा सके। यह एक विराट कार्य था।

1899 में मेजर माहोन की रिपोर्ट से वास्तव में जे.एन. टाटा को सर्वप्रथम भारत को एक स्टील उद्योग देने का अवसर मिला था, इससे पहले भारतीयों को कानून द्वारा स्टील प्लांट स्थापित करने की अनुमति नहीं थी।

इस रिपोर्ट के कारण लॉर्ड कर्जन ने लाइसेंस प्रणाली को उदार बनाया। वह औद्योगिक क्रांति जिसने ब्रिटेन और अन्य देशों को बदल दिया था, जिससे भारत करीब करीब उपेक्षित रहा था।

दकियानूसी सरकारी नीतियां, बमुश्किल सुलभ क्षेत्रों में पूर्वेक्षण की जटिलताओं और दुर्भाग्य ने मामले को और बदतर बना दिया। जे एन टाटा ने अपने जीवन के हर दूसरे मोड़ पर अपना मार्ग अवरूद्ध पाया जैसा कि उनके जीवनी लेखक फ्रैंक हैरिस ने लिखा है वो विलक्षण बाधाएं जिन्होंने पूर्व को आधुनिक बनाने का प्रयास करने वाले अग्रदूतों के कदमों को रोका।

इस्पात परियोजना में तय किए गए कष्टप्रद मोड़ और घुमाव एक सामान्य इंसान को पराजित कर सकते थे, लेकिन जे.एन.टाटा इस उद्यम को फलीभूत होते देखने के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहे। सफर में उन्हें ग्रेट इंडियन पेनिन्सुलर रेलवे के चीफ कमिश्नर सर फ्रेडरिक अपकॉट जैसे लोगों के तिरस्कार का भी सामना करना पड़ा, जिन्होंने स्टील रेल के हर पाउंड के उपभोग [टाटा द्वारा बनाये] का वादा किया था।

इस बात का कोई रिकॉर्ड नहीं है कि जब 1912 में प्लांट की उत्पादन लाइन से स्टील का पहला इंगट निकला तो सर फ्रेडरिक कहां थे। तब तक, जे.एन.टाटा की मृत्यु के आठ साल बीत चुके थे, लेकिन उनकी आत्मा उतनी ही जीवित थी जितनी कि उनके बेटे दोराब और चचेरे भाई आर. डी. टाटा, के प्रयास, जिन्होंने असंभव को संभव बना दिया। ब्रिक-और-मोर्टार प्रयास जो जे.एन.टाटा ने नियोजित और क्रियान्वित किए थे, वे एक भव्य विचार का हिस्सा थे। वह भविष्य के कितने महान दूरदर्शी थे, इसका अंदाजा कामगारों और उनके कल्याण के बारे में उनके विचारों से लगाया जा सकता है।

जे.एन.टाटा ने पश्चिमी देशों में वैधानिक मान्यता प्राप्त होने से बहुत पहले अपने लोगों को कम काम के घंटे, अच्छी तरह हवादार कार्यस्थल, और भविष्य निधि और ग्रेच्युटी की पेशकश की। उन्होंने 1902 में दोराब टाटा को लिखे एक पत्र में स्टील प्लांट में श्रमिकों के लिए एक टाउनशिप की अपनी अवधारणा को स्पष्ट किया था, यहां तक ??कि उद्यम के लिए एक साइट तय होने से पांच साल पहले ही। पत्र में कहा गया है, 卐 यह सुनिश्चित करना कि सड़कें चौड़ी हो और उनके किनारे छायादार पेड़ों लगाए जाएं, हर दूसरा पेड़ में तेजी से बढ़ने वाली प्रजाति का और उनमें विविधता हो। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि लॉन और बगीचों के लिए पर्याप्त जगह हो। फुटबॉल, हॉकी और पार्कों के लिए बड़े क्षेत्रों को आरक्षित किया जाए। हिंदू मंदिरों, मुस्लिम मस्जिदों और ईसाई चर्चों के लिए क्षेत्र निर्धारित किये जायें। यह उचित ही था कि इस उत्कृष्ट विज़न से निर्मित शहर को जमशेदपुर कहा जाए।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक, अतिक्रमण व खुले में मूत्र विसर्जन करने वाले पकड़ाये, लगा जुर्माना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जुगसलाई :** जुगसलाई नगर परिषद द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के क्रम में आज पीयूष सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी, धालभूम, जमशेदपुर सह कार्यपालक पदाधिकारी, जुगसलाई नगर परिषद के निदेशानुसार चाईबासा बस स्टैंड, स्टेशन रोड में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक, अतिक्रमण, गन्दगी फ़ैलाने वालो, खुले में मूत्र विसर्जन करने वालो के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग, अतिक्रमण करने वालो एवं खुले में मूत्र विसर्जन करने वाले लोगो से कुल 750 रूपया जुर्माना वसूला गया। विदित हो कि प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) के नियम 2021 के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि प्लास्टिक से बने कैरी बैग या उत्पाद जिनकी मोटाई 75 माइक्रोन से कम है एवं गैर बुना हुआ प्लास्टिक कैरी बैग जो 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर (जीएसएम) से कम है के उपयोग 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबंधित है। साथ ही 01 जनवरी 2023 से 120 माइक्रोन की मोटाई से कम के प्लास्टिक के बने कैरी बैग या उत्पादों का आयात,भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग दंडनीय अपराध है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) के नियम 2021 के नियम-4 (उपनियम- 2) के द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन एवं विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुए सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं की विनिर्माण, आयात,भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है।

### जुगसलाई नगर परिषद का लोगो से अपील

प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल के स्थान पर जुट, कागज व कपड़े के थैले या अन्य बायोडिग्रेडेबल / कंपोस्टेबल विकल्पो का प्रयोग करें। थर्माकोल से बने थाली एवम प्लेट में भोजन करने से कैंसर जैसे विविध असाध्य बीमारियों के होने की प्रबल संभावना बनी रहती है, इस लिए इसके स्थान पर साल आदि के पत्तों से निर्मित पत्तल एवम प्लेट का उपयोग किया जाय। किसी भी दुकादार के पास उपरोक्त प्रतिबंधित सामग्री हो तो वे यथाशीघ्र जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय में आकर उसे जमा कर दें और सरकार की प्लास्टिक मुक्त जुगसलाई मुहिम में सहयोग करें। मौके पर नगर प्रबंधक लूकेश कुमार सिंह, राजेंद्र कुमार, सफाई पर्यवेक्षक अजय कुमार सिंह, सहेंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार, हसीन खान, गृह रक्षक संतोष कुमार यादव समेत कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# राजद का होली मिलन सह अभिनंदन समारोह आयोजित

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजद के सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं द्वारा गम्हरिया स्थित राजस्थान भवन में होली मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने किया। इस मौके पर सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं द्वारा नव मनोनीत प्रदेश महासचिव पुरेन्द्र नारायण सिंह और अर्जुन प्रसाद यादव का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरेन्द्र नारायण सिंह ने जल्द ही जिले की नई कमेटी का गठन कर कोल्हान स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने की बात कहीं। वही, अर्जुन प्रसाद यादव ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तथा तेजस्वी यादव के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए कोल्हान में संगठन को और अधिक मजबूत करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध शिक्षाविद



एचडी प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक सिंह किया। इस मौके पर रामेश्वर यादव, इंदर सिंह, काजल पांडे, पार्वती मार्डी, पुष्पा सिंह, जगन्नाथ मिश्रा, आनंद मंडल, संगीता यादव, राजकुमारी सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया में ओरिएन्टेशन कार्यक्रम

**गम्हरिया :** केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया के ऑडिटोरियम में कक्षा एलकेजी का भव्य ओरिएन्टेशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या रश्मि सिन्हा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के तमाम नियमों को बताया तथा विद्यालय की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर मौजूद अभिभावकों को चाईल्ड अव्यूज पर एक वीडियो दिखाया गया ताकि अभिभावकगण अपने बच्चों के प्रति जागरूक और सचेत हो सकें। विद्यालय की उप प्राचार्या रश्मि ठाकुर ने भी अभिभावकों को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ तरह-तरह के गेम्स भी खेले। इस मौके पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## बोड़ाम के पाकोटोड़ा निवासी वैद्यराज वीर सिंह का 111 वर्ष की उम्र में हुआ निधन



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड की बेलडीह पंचायत के पाकोटोड़ा निवासी वैद्यराज वीर सिंह का मंगलवार को 111 वर्ष की में अपने घर पर ही निधन हो गया। वे नियमित योगाभ्यास के बदौलत ही पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। वे अपने चार पुत्रों एवं चार पुत्रियों समेत भरा पूरा संसार छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी का 9 साल पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे वात, धात समेत कई बीमारियों का निःशुल्क इलाज जड़ी बूटियों से करते थे। उनके पुत्र द्विजपद सिंह ने बताया कि वे काफी धार्मिक प्रवृत्ति के थे और मंगलवार की दोपहर को हरिनाम जपते हुए अंतिम सांस ली। देर शाम गांव में हुई अंतिम संस्कार में बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, बेलडीह पंचायत के पंसस प्रतिनिधि प्रबोध महतो समेत क्षेत्र के काफी संख्या में लोग शामिल हुए और उनकी पार्थिव शरीर पर फूलमाला चढ़ाए।

# आसिफ बने पमुपीडबल्यूएसी का झारखंड संयोजक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कांड्रा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई में पसमांदा मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने और उनके सामाजिक उत्थान के लिए कार्यरत है, इसी क्रम में एस.फयाजुद्दिन एंव राष्ट्रीय मुस्लिम मंच (आरएसएस) के दक्षिण भारत के संयोजक एम.ए.सत्तार के नेतृत्व में पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एन्ड वेल्फेयर अवेयरनेस आफ इन्डिया काउंसिल का गठन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया है। जिसमे झारखंड प्रदेश की जिम्मेदारी झारखंड भाजपा के अल्पसंख्यक चेहरा एवं वरिष्ठ नेता आसिफ रिजवान खान को संगठन का प्रदेश संयोजक (प्रदेश अध्यक्ष) के रूप में दिया गया है। नई जिम्मेदार



मिलने पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एंव पसमांदा मुसलमान पोलिटिकल एन्ड वेल्फेयर अवेयरनेस आफ इन्डियन काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.फयाजुद्दिन एंव संगठन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एम.ए.सत्तार जी का आभार प्रकट किया।

# सिल्ली-रंगामाटी सड़क फिर हो रहा जर्जर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** सरायकेला जिला के सिल्ली रंगामाटी सड़क ग्रामीण क्षेत्र को जोडने वाली मुख्य सड़क है। जिसका मरम्मती काफी मसक्कत के बाद हुआ है। जिससे ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोग काफी खुश थे। मगर आम जनताओं की खुशी बालू माफियाओं को देखा नही गया। सड़क बनने के साथ ही टूटने भी लगा जिसे लेकर कुछ लोगो के नेतृत्व में हो हंगामा भी हुआ। नए सड़क को जर्जर करने में इन दिनों ओवर लोडेड बालू लदे



हाइवा है। जेएसएमडीसी के नाम से रोजाना दर्जनों वैध व अबैध बालू लदे हाइवा ईचागढ़ के जरगोडीह घाट से बालू ले जाते है। जिसमे 450 सीएफटी बालू के नाम से लगभग 700 सीएफटी से अधिक बालू लोड कर ये हायवा ईचागढ़ थाना होते हुए चौका, चांडिल होते हुए टाटा तक जाती है। लेकिन कोई भी अधिकारी को दिखाई नही देता है। रोजाना दर्जनों ओवर लोडेड बालू हाइवा के चलने से नए रंगामाटी सिल्ली सड़क जर्जर हो गया था। जिसपर स्थानीय लोगो द्वारा हो हंगामा करने पर उसे ठीकेदार द्वारा मरम्मती कराया गया। लेकिन लगातार ओवर लोडेड बालू लदे हाइवा चलने से फिर से सड़क जर्जर होने लगा है। आखिर इसमें किसकी भूमिका है? ये जांच का विषय है।

## न्युवोको का 'इसमें है वो, जो नंबर 1 में भी नहीं' नया अभियान लॉन्च

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने उत्तरी भारत पर मुख्य फोकस करने के साथ ही पूरे देश में एक नया इंटीग्रेटेड मार्केटिंग अभियान इसमें है वो, जो




नंबर 1 में भी नहीं शुरू किया है। यह अभियान ड्यूरागार्ड फ्रैंचाइजी के अनूठे विक्रय प्रस्तावों को उजागर करता है जो उपभोक्ताओं के साथ न्युवोको के संबंध को और मजबूत करेगा। ड्यूरागार्ड की इस फ्रैंचाइजी में भारत का पहला और एकमात्र माइक्रोफाइबर सीमेंट, वॉयड रिडक्शन टेक्नोलॉजी सीमेंट, सुपरसेट टेक्नोलॉजी सीमेंट और फाउंडेशन टू फिनिश सीमेंट शामिल हैं। इस संबंध में मधुमिता बसु, चीफ स्ट्रेटजी एंड मार्केटिंग ऑफिसर, न्युवोको, ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता हमेशा मजबूत और गहन रिसर्च और इनोवेशंस द्वारा समर्थित इनोवेटिव और सस्टेनेबल उत्पादों के पोर्टफोलियो के निर्माण की दिशा में रही है।

# आरआईटी थाना : शांति समिति की बैठक में शराबियों पर कार्रवाई की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आदित्यपुर :** आरआईटी थाना में बुधवार को होली एवं शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. नगर निगम मेयर विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बैठक की अध्यक्षता की. उन्होंने कहा कि लोग अनुशासन में होली का त्योहार शांति सद्भाव से मनाएं. होली के दौरान दो टाइम जलापूर्ति के साथ टैंकर से पर्याप्त जलापूर्ति करने का आश्वासन दिया. कहा कि क्षेत्र में सफाई अभियान शुरू हो गया है. बैठक में डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर प्रतिबंध लगाने, मदिरा सेवन न करने, ट्रिपल राइडिंग न करने और



साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज पर प्रतिबंध लगाने को लेकर विचार विमर्श किया गया. सदस्यों ने जबरन रंग अबीर लगाने और हुडदंग मचाने वालों पर कार्रवाई की बात कही. इसके साथ ही शांति पूर्वक होली और शब-ए-बारात मनाने का निर्णय लिया गया. मोबाइल छिनतई, शराब, गांजा, ब्राउन शुगर के बढ़ते प्रचलन पर भी सदस्यों ने ध्यानाकृष्ट कराया. महिला नेत्री सविता साव ने बंतानगर में अपने घर के बगल में एक घर में खुलेआम शराब बिक्री किये जाने की जानकारी दी. सदस्य पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी ने थाना के बगल के मैदान में खुलेआम शराब पीने और थाना के पास ही अतिक्रमण किये जाने की भी बात रखी. प्रभारी थाना प्रभारी संजय हेम्ब्रम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि यथासंभव समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा. बैठक में जन कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ओम प्रकाश, अजय कुमार सिंह, एसिया महासचिव दशरथ उपाध्याय, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी, संदीप साहू, कांग्रेस नेता जगदीश नारायण चौबे, रामानंद प्रसाद, श्याम नारायण सिन्हा, ज्ञानवी देवी, झरना मन्ना, मनोज तिवारी, सतीश शर्मा, सविता साहू, मिसर बंसरियर, आदि शामिल रहे.

# बाइक चोरी कर भाग रहे दो युवक पकड़ाये, भेजे गए जेल

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना से बाइक चोरी के मामले में पकड़ाए दो युवकों को ईचागढ़ पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जेल भेजे गए युवक में तिरूलडीह थाना क्षेत्र के सापारूम निवासी



23 वर्षीय धीरज तांती उर्फ कुनाल व चक्रधरपुर निवासी जो वर्तमान में आदित्यपुर सालडीह निवासी 19 वर्षीय सुरज सोय उर्फ डाकु सामिल है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार कि शाम करीब 7 बजे तिरूलडीह थाना क्षेत्र के हेरेमुली गांव निवासी बबलू कालिंदी अपनी मां को तिरूलडीह स्टेशन पर बरकाखाना पैसेंजर ट्रेन में चढ़ाकर स्टेशन के बाहर बाइक के पास गया तो देखा बाइक गायब है। बाइक गायब होने की खबर आग की तरह फैल गई और एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर चेकिंग लगाकर ग्रामीणों के सहयोग से ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम में बाइक सहित दोनों युवकों को पकड लिया गया। पुलिस द्वारा दोनो युवकों का तलाशी के क्रम में 9 हज़ार रुपए,दो मोबाइल व चाबी का गुच्छा बरामद किया गया।

# आदिम कुम्हार महासंघ का मिलन समारोह सह वनभोज 5 मार्च को

**तिरलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिम कुम्हार महासंघ द्वारा आज कुकडु प्रखंड के विभिन्न गांवों में संगठन मजबूती को लेकर दौरा किया गया, तथा आगामी 5 मार्च को कुकडु हाट परिसर में मिलन समारोह सह वनभोज के आयोजन की तैयारी



की समीक्षा बैठक की गई। मिलन समारोह सह वनभोज में सरायकेला जिले के विभिन्न क्षेत्रों तथा कुकडु प्रखंड से सटे बंगाल से कुम्हार महासंघ के सदस्य उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एवं समाज के सभी ब्यक्तियों को जागरूक करने हेतु आज कुकडु,चौका, इचाडीह, पलाशवन, सिरुम, बुरुडीह आदि गांवों में दौरे के साथ, बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व जिला परिषद सह आदिम कुम्हार महासंघ के जिला उपाध्यक्ष अनिता पारित, आदिम कुम्हार महासंघ के जिला अध्यक्ष सुधीर कुम्भकार, ग्राम प्रधान रघुवीर कुमार,सदानंद कुमार, मनोज कुमार, डॉ दिलीप कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित हुए।

# बन्धुगोडा अगनबड़ी केंद्र में सेविका व सहायिका का हुआ चयन

**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कपाली नगर परिषद क्षेत्र के बंधुगोड़ा अगनबड़ी केंद्र में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सेविका और सहायिका का चयन किया गया। सेविका



के लिए पांच आवेदन और सहायिका के लिए तीन आवेदन प्राप्त हुआ। पिछड़ा वर्ग को देखते हुए सबसे ज्यादा अंक लाने वाले सुनीता कुंभकार को सेविका पद के लिए चयनित किया गया और सहायिका पद के लिए गंगा महतो को चयनित किया गया। चयन समिति में वॉर्ड पार्षद मोहम्मद इरफान, बाल विकास परियोजना पदाधिकरी साधना चौधरी, ए एन एम उषा कुमारी व शिक्षक हिकीम सिंह सरदार शामिल थे। मालुम हो कि विगत दो साल से बंधुगोड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका व सहायिका का पद रिक्त था। चयन के समिति के साथ साथ वार्ड पार्षद मनोज कुमार महतो,झामुमो अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अर्शद, मनोरंजन महतो, सदानंद महतो, घनश्याम कुम्भकार, समाज सेवी ललित महतो, सुधीर सिंह सरदार, सेविका गुलाबसा, सेविका वैजयंती महतो, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## सीनी ओपी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सरायकेला :** सरायकेला थाना अंतर्गत सीनी ओपी परिसर में होली, उर्श एवं शब ए बारात त्योहार मनाने को लेकर ओपी प्रभारी आलोक रंजन चौधरी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। ओपी प्रभारी ने कहा होली के मौके पर अश्लील डीजे बजाने, शराब का सेवन कर हुड़दंग करने पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ हर्षोल्लास से होली का त्यौहार मनाए और शांति व्यवस्था बनाए रखें। शांति समिति की बैठक में सीनी पंचायत, कमलपुर पंचायत, मुंडाटांड पंचायत, मोहितपुर पंचायत व मुरुप पंचायत, के जनप्रतिनिधि मुखिया, रेल सुरक्षा बल के अधिकारी और जवान एवं काफी संख्या में समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे ।

## संपादकीय

# कांग्रेस अधिवेशन में वही पुराने राग

**कांग्रेस** के कार्यकर्ताओं से लेकर विपक्षी दल तक उम्मीद कर रहे थे कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ठोस निर्णय होंगे और नयी रणनीति बनेगी लेकिन परिणाम बताता है कि नेताओं का मजमा तो जुटा लेकिन न तो अपेक्षित निर्णय हुए और न ही कोई नयी बात कही गई। कांग्रेस अधिवेशन में भी अडाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर हमला, विदेश मंत्री जयशंकर के विरोध में बयानबाजी और 2024 लोकसभा चुनाव जैसे मुद्दे छाए रहे। राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक ने उन्हीं बातों को दोहराया, जो वे प्रतिदिन यहाँ-वहाँ दोहराते रहते हैं। जबकि विपक्षी दल चाहते थे कि 2024 के चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकजुटता एवं गठबंधन को लेकर कोई ठोस संकेत दे। परंतु कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना नहीं बन सकता। अर्थात् यदि कोई गठबंधन बनता है तो उसमें कांग्रेस का नेतृत्वकारी भूमिका में रहेगा। यदि कांग्रेस को छोड़कर तीसरा मोर्चा बनता है, तब वह भाजपा का सहयोग ही करेगा। यानी कांग्रेस ने साफ संदेश दिया है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को उसके झंडे के नीचे ही आना पड़ेगा। देखना होगा कि कांग्रेस की ओर से दिए गए संदेशों के बाद विपक्षी दल किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। वहीं, कार्यकर्ता चाहते थे कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी सहित अन्य स्तरों पर भी चुनाव हों। परंतु, कांग्रेस ने तय किया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव नहीं होंगे अपितु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही सदस्यों को नामांकित करेंगे। इस निर्णय ने कांग्रेस के नेताओं का मन तो तोड़ा ही है साथ ही आंतरिक लोकतंत्र एवं अनुशासन की चुनौतीपूर्ण स्थिति को भी उजागर किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस बात का डर है कि यदि चुनाव कराए जाने पर पार्टी में फूट पड़ सकती और अनुशासन भंग हो सकता है। आमचुनाव-2024 और आगामी समय में विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों को देखते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था से पार्टी के पदाधिकारी चुनना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है। हालांकि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय को लेकर कार्यकर्ताओं में ही नहीं अपितु नेताओं में भी असंतोष है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने तो कहा है कि चुनाव कराने से पार्टी मजबूत होती। उनका कहना कुछ हद तक सही भी है। संगठनात्मक रचनाओं में नेता चुनकर आते, तब उनका प्रदर्शन भी अच्छा होता। जबकि मनोनीत करने की स्थिति में नेता अपने पसंदीदा लोगों के नाम आगे बढ़ा देते हैं, भले ही जनता एवं पार्टी में उनकी पकड़ अत्यंत कमजोर है। इस अधिवेशन में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' भी छायी रही। कांग्रेस को अपना यह प्रयास अत्यंत सफल लग रहा है। उसे उम्मीद है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में इस यात्रा से चुनाव में मनवांछित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। अपनी खायी हुई राजनीतिक जमीन वापस पा सकते हैं। इसलिए कांग्रेस ने संकेत दिया है कि अब अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक ऐसी ही एक और भारत जोड़ो यात्रा निकाली जाएगा। बहरहाल, जिस समय पार्टी के लिए अपनी राजनीतिक जमीन बचाने का संकट है, उस समय राष्ट्रीय अधिवेशन का सामान्य आयोजन की तरह सम्पन्न हो जाना, कांग्रेस को मजबूती दे पाएगा, इसकी गुंजाइश कम ही है।

> राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे तक ने उन्हीं बातों को दोहराया, जो वे प्रतिदिन यहाँ-वहाँ दोहराते रहते हैं। जबकि विपक्षी दल चाहते थे कि 2024 के चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकजुटता एवं गठबंधन को लेकर कोई ठोस संकेत दे। परंतु कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि विपक्षी गठबंधन कांग्रेस के बिना नहीं बन सकता। अर्थात् यदि कोई गठबंधन बनता है तो उसमें कांग्रेस का नेतृत्वकारी भूमिका में रहेगा। यदि कांग्रेस को छोड़कर तीसरा मोर्चा बनता है, तब वह भाजपा का सहयोग ही करेगा। यानी कांग्रेस ने साफ संदेश दिया है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को उसके झंडे के नीचे ही आना पड़ेगा। देखना होगा कि कांग्रेस की ओर से दिए गए संदेशों के बाद विपक्षी दल किस तरह की रणनीति अपनाते हैं। वहीं, कार्यकर्ता चाहते थे कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी सहित अन्य स्तरों पर भी चुनाव हों। परंतु, कांग्रेस ने तय किया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी के चुनाव नहीं होंगे अपितु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही सदस्यों को नामांकित करेंगे।

## बोध कथा

### असंतुष्ट

**एक** समय शहर के प्रवेशद्वार पर दो देवदूत मिले। आपस में दुआ–सलाम के बाद वे बातचीत करने लगे। पहले देवदूत ने कहा, ''आजकल क्या कर रहे हो? तुम्हें क्या काम मिला है?'' दूसरे ने बताया, ''मुझे घाटी में रहने वाले एक पापी आदमी पर नज़र रखने का काम दिया गया है, वह बहुत बड़ा अपराधी और चरित्रहीन है। तुम्हें क्या बताऊं यह बहुत महत्त्वपूर्ण काम है। मुझे इसमें बहुत मेहनत करनी पड़ती है।'' पहले देवदूत ने कहा, ''मुझे न जाने कितनी बार पापियों पर नियुक्त किया गया है, यह बहुत साधारण–सा काम है। मैं आजकल एक संत की देखभाल कर रहा हूँ, जो उधर लताकुंज में रहता है। सच मानों यह काम बहुत कठिन है। इसके लिए कुशाग्र बुद्धि की जरूरत होती है।'' दूसरा देवदूत बोला, ''निरी बकवास! यह तुम्हारा अहंकार बोल रहा है। भला किसी पापी की तुलना में संत की देख–रेख करना कैसे कठिन हो सकता है?'' पहले ने उत्तर दिया, ''तुम ढीठ! मुझे अहंकारी कहते हो? मैंने सच कहा है। घमण्डी तो तुम हो!'' दोनों झगड़ने लगे। बातचीत से हाथापाई पर उतर आए। तभी वहाँ पर बड़ा देवदूत आ गया। उसने उन्हें रोकते हुए कहा, ''क्यों लड़ते हो? नगर के प्रवेशद्वार पर देवदूतों का आपस में लड़ना कितनी शर्म की बात है। बताओ, आखिर बात क्या है?'' दोनों एक साथ बोलने लगे। दोनों अपने काम को अधिक महत्त्वपूर्ण सिद्ध करने में लगे थे। बड़े देवदूत ने सिर हिलाया और कुछ सोचते हुए बोला, ''मित्रो! मेरे लिए यह कह पाना मुश्किल है कि कौन प्रशंसा और इनाम का अधिकारी है।

## अमृत कलश

### जीवन में सुधार

**आज** के विद्यार्थी प्रतिकूलता से डरते हैं, वे अनुकूलता चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जैसा हम चाहे वैसा ही हो। अगर विद्यार्थी खूब परीषह और उपसर्ग सहन करने में तैयार हो जाये तो वह तीन लोक को मात कर सकता है, उसका स्वामी बन सकता है, मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। शिक्षा का मतलब मात्र भौतिक सुख समृद्धि ही नहीं है। किसान खेती करता है, धान के लिए, न कि मात्र घास के लिए। धान के साथ घास तो मिलेगा ही। भोजन करवाने वाला व्यक्ति भोजन को करवाएगा पर साथ में पानी भी पिलाएगा। आप घास के पीछे पड़कर धान को भूल जाते हैं। घास से पेट नहीं भरेगा उससे तो दुखी ही बनोगे। दुख फल के अभाव में होता है। विद्यार्थियों को शिक्षण में फल नहीं मिल पा रहा है, उनको यह नहीं बताया जाता कि शिक्षा के द्वारा तीन लोक की उपाधि मिल सकती है। आज तो बाप दादाओं की सीख होती है कि शिक्षा के बाद मात्र कमाना है, पर आज तो कमाना भी रुक गया क्योंकि यही चिन्ता है कि जो धन है उस पर छापा न पड़ जाये, यही माला जप रहे हैं कि इसकी सुरक्षा कैसे हो। जिस शिक्षण के द्वारा जीवन में सुख शांति नहीं, वह किस काम का। हम साधन को बाधक समझ रहे हैं, यही भूल है, यही महान् अन्तर है। भगवान् महावीर के समान उज्ज्वल जीवन बनाने के लिए उस प्रकार का बनना चाहिए। पीछे नहीं हटना है। मात्र खाना, पीना, सोना ही नहीं। शिक्षा जीवन चलाने के लिए नहीं किन्तु वह जीवन का विकास करने, उसे सुधारने के लिए ही साधन है। और त्याग तपस्या के द्वारा ही जीवन सुधरता है। कहा भी हैः- जन्म सफल जब जानिये, विनय करत दे दान। श्वभ्र भरण आयु पूरण, सुत उपजावत श्वान ॥ जीवन में सुधार मनुष्य ही ला सकता है, अन्य नहीं। तिर्यञ्च भी तो सिर्फ जीवन चलाता है, सुधारता नहीं। मनुष्य पुरुषार्थ कर जीवन चलाते हुए उसमें सुधार कर सकता है। उसके लिए समीचीन परिश्रम विवेक के साथ जो करता है, उनके लिए महावीर का वरदहस्त रहता है, उनका मार्ग ज्ञान चक्षुओं के द्वारा देख सकते हो। विद्यार्थी, समय का सदुपयोग करते हुए समीचीन पथ पर आरूढ़ होकर स्व पर कल्याण की ओर अग्रसर हो। जवानी के जोश को होश के साथ काम में ले।

## भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया

# घटती जनसंख्या व चीन की मुश्किलें

डा. अश्विनी महाजन

> गौरतलब है कि चीन से आने वाले अंधाधुंध आयातों के कारण पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग प्रभावित हुई, जिसके कारण दुनिया भर के मुल्कों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत के चलते, भारत समेत चीन के सभी पड़ोसी देश ही नहीं, कई दूसरे मुल्क भी आशंकित हैं। आज जब चीन संकट में है तो उन सभी मुल्कों को एक रणनीति के तहत वे सभी उपाय अपनाने होंगे ताकि चीन के कम्युनिस्ट शासकों की आर्थिक और सामरिक ताकत घटे, ताकि उस ताकत के बलबूते वे दुनिया को फिर से परेशान न कर सके। भारत में युवाओं की आबादी बढ़ रही है और देश को इसका लाभ उठाना चाहिए। भारत में जनसंख्या को रोकने के लिए प्रयास जरूर हुए, लेकिन क्रूरता नहीं बरती गई।

**'वर्ल्ड** पोपुलेशन रिव्यु' के अनुमानों के अनुसार वर्ष 2022 के अंत तक भारत की जनसंख्या 141.7 करोड़ पहुंच गई थी और 17 जनवरी 2023 को चीन द्वारा घोषित उसकी जनसंख्या 141.2 करोड़ से अब यह 50 लाख ज्यादा हो गई है। यानी भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यही नहीं, चीन द्वारा घोषित जनसंख्या अनुमानों के अनुसार चीन की जनसंख्या में पिछले वर्ष 8.5 लाख की गिरावट हुई है। यानी 1960 के बाद चीन की जनसंख्या में यह गिरावट पहली बार आई है, जबकि भारत की जनसंख्या में वृद्धि दर तो पहले से कम हुई है, लेकिन जनसंख्या अभी भी बढ़ रही है और विशेषज्ञों के अनुसार यह कम से कम वर्ष 2050 तक लगातार बढने वाली है। हालांकि कोरोना महामारी के कारण 2021 में होने वाली जनगणना, जो हर 10 वर्ष बाद की जाती है, टाल दी गई थी और इसलिए उसके अनुमान आना अभी बाकी हैं। आधिकारिक जनसांख्यिकी आंकड़ों के अभाव में विभिन्न एजेंसियां अलग-अलग प्रकार के आंकड़े प्रस्तुत कर रही हैं, लेकिन सभी में समानता यह है कि भारत की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। यह बात तो सर्वविदित ही है कि भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा देश है, यानी भारत की युवा आबादी चीन समेत दुनिया में किसी देश से ज्यादा है। चीन की जनसंख्या हालांकि लंबे समय से भारत से ज्यादा रही है, तो भी उसकी युवा जनसंख्या भारत की युवा जनसंख्या से कम ही रही। इसका कारण यह है कि 1980 के दशक में चीन ने अपनी जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए हर दंपत्ति के लिए एक संतान की अनिवार्य शर्त रख दी, यानी कोई भी दंपत्ति एक संतान से अधिक पैदा नहीं कर सकता। यदि किसी भी महिला द्वारा एक से अधिक संतान पैदा करने का प्रयास किया जाता था तो उसे विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता था। एक बच्चे के जन्म के बाद गर्भ धारण करने पर जबरदस्ती गर्भपात भी करवाया जाता था। इस प्रकार से एक संतान की नीति को क्रूरता से लागू करने के कारण चीन की जनसंख्या की वृद्धि दर में भारी कमी आ गई और अब अंततोगत्वा चीन की जनसंख्या घटने लगी है। दूसरी तरफ भारत में भी हालांकि जनसंख्या नियंत्रण के उपाय तो अपनाए गए और सामान्य परिवार दो बच्चों तक ही सीमित हो गए, लेकिन इसमें ज़बरदस्ती का पुट नहीं था। कुछ वर्गों में अधिक बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति जारी रही, लेकिन जनसंख्या की वृद्धि दर घटने लगी।



हाल ही में प्रकाशित जनसांख्यिकी आंकड़ों के अनुसार कुल प्रजनन दर 2019 में 2.2 से घटकर 2022 तक 2.159 तक ही रह गई और गौरतलब यह है कि यदि प्रजनन दर 2.0 प्रतिशत से कम होती है तो जनसंख्या अंततोगत्वा घटने लगती है। लेकिन पूर्व में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्तियों के कारण 1980 और 1990 के दशकों में जनसंख्या वृद्धि की दर 2 प्रतिशत के आसपास होने के कारण देश में बच्चों की जनसंख्या में खासी वृद्धि हो गई। यही बच्चे जो 1980 और 1990 के दशक में पैदा हुए, वे 2000 और 2010 के दशक में युवा अवस्था को प्राप्त हुए। यानी भारत में युवा जनसंख्या का अनुपात बढने लगा। आज हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम है। लेकिन चीन की एक संतान नीति के कारण उनकी जनसंख्या में युवाओं का अनुपात कम होता गया। हालांकि भारत में युवा जनसंख्या के बढने और देश में उस अनुपात में रोजगार नहीं बढ़ पाने के कारण भारत के युवा दुनिया के दूसरे मुल्कों में रोजगार की तलाश में जाने लगे। इस कारण से शेष दुनिया में भारतीयों की संख्या बढने लगी और उनके द्वारा भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमाकर भारत में भेजी जाने लगी। वर्ष 2022 में भारतीयों द्वारा स्वदेश भेजी जाने वाली राशि 100 अरब डालर से भी ज्यादा रही और यह राशि अनिवासी चीनियों द्वारा चीन भेजी जाने वाली राशि से कहीं ज्यादा है। भारत में भी श्रमशक्ति की उपलब्धता काफी बढ़ गई और उसका पूरा उपयोग भी नहीं हो पाता और देश में बेरोजगारी में भी भारी वृद्धि देखी जा रही है।

### चीन के लिए बढ़ती मुश्किलें

चीन में बड़ी और तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण और उसके अनुपात में संसाधनों की कमी से घबरा कर वहां के कम्युनिस्ट शासकों ने अत्यंत क्रूरता से एक संतान नीति लागू तो कर दी, लेकिन चीन को इसके साथ एक अन्य समस्या का सामना करना पड़ा, कि चीन में युवाओं की तुलना में बुजुर्गों का अनुपात बढने लगा। इसका असर यह हुआ कि देश में श्रमशक्ति की कमी हो गई और मजदूरी दरें भी बढने लगी। लेकिन अब जब चीन की जनसंख्या ही घटने लगी है, इसके कारण चीन की मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। पहले से ही विकास दर की कमी, महामारी, सरकारों और निजी क्षेत्रों की बढ़ती ऋणग्रसता और अमरीका समेत दुनिया के विभिन्न मुल्कों की बढ़ती बेरुखी के चलते पहले से ही मुश्किल में आए चीन की मुश्किलें जनसंख्या की कमी के कारण और भी बढ़ सकती हैं। आज चीन में खाद्य पदार्थों और अन्य विनिर्मित उत्पादों और साजोसामानों का उत्पादन बहुत अधिक मात्रा में होता है, लेकिन घटती जनसंख्या के चलते देश में घरेलू मांग प्रभावित हो सकती है। भारत और अन्य मुल्कों में आत्मनिर्भरता के प्रयास उसके साजोसामान की मांग को कम कर सकते हैं। ऐसे में घटती घरेलू मांग चीन की अर्थव्यवस्था में ठहराव का कारण बन सकती है। हालांकि चीन की सरकार ने कुछ साल पहले, आने वाली मुसीबतों को समझते हुए अपनी एक संतान नीति में कुछ ढिलाई का ऐलान किया है, लेकिन श्रमशक्ति और घरेलू मांग में वृद्धि के संबंध में इसके परिणाम आने में काफी देर लग सकती है। आज अवसर है कि भारत अपने जनसांख्यिकी लाभ (डेमोग्रेफिक डिविडेंड), चीन के संकटों और रूस समेत दुनिया में भारत के लिए खुलते नए बाजारों का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भरता के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़े। गौरतलब है कि सरकार इस मामले में संवेदनशील है और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए चीन से आयातों को रोकने हेतु पीएलआई स्कीम, एंटी डंपिंग ड्यूटी और अन्य रुकावटें लगा रही हैं। गौरतलब है कि चीन से आने वाले अंधाधुंध आयातों के कारण पूरी दुनिया में मैन्युफैक्चरिंग प्रभावित हुई, जिसके कारण दुनिया भर के मुल्कों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत के चलते, भारत समेत चीन के सभी पड़ोसी देश ही नहीं, कई दूसरे मुल्क भी आशंकित हैं। आज जब चीन संकट में है तो उन सभी मुल्कों को एक रणनीति के तहत वे सभी उपाय अपनाने होंगे ताकि चीन के कम्युनिस्ट शासकों की आर्थिक और सामरिक ताकत घटे, ताकि उस ताकत के बलबूते वे दुनिया को फिर से परेशान न कर सकं।

# विकास का समावेशी ढांचा

> विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। साम्राज्यवाद की समाप्ति के बाद भारत के समक्ष दो ही प्रमुख मुद्दे थे। पहला, राष्ट्र निर्माण और दूसरा सामाजिक–आर्थिक प्रगति। इसी पृष्ठभूमि में विकास प्रशासन का जन्म हुआ और समाज के बहुमुखी और नियोजित विकास पर जोर दिया जाने लगा। इस यात्रा को पचहत्तर वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसमें कोई दुविधा नहीं कि आवाजविहीन, जड़विहीन और भविष्यविहीन विकास को तभी रोका जा सकता है, जब इसके लिए सुनियोजित और दूरदर्शी कदम निरंतर उठते रहें। इसी कड़ी में समावेशी विकास, विकास की एक ऐसी परिकल्पना है, जिसमें रोजगार के अवसर निहित होते हैं और यह गरीबी को कम करने में मददगार साबित होता है। अवसर की समानता तथा शिक्षा और कौशल के माध्यम से लोगों को सशक्त करना भी इसका निहित लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, मसलन आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य आदि समेत आजीविका के साधनों को निरंतर गतिशील बनाए रखना समावेशी विकास की लक्ष्योन्मुख अवधारणा है। गौरतलब है कि देश कई ढांचों और उसमें निहित विकास की कई जमावटों से युक्त है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी विकास समेत अन्य शामिल हैं।

**गांवों** में बुनियादी सुविधाएं न होना, गांवों से पलायन और शहरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ना, कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना, समावेशी विकास की दृष्टि से सही नहीं है। विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। साम्राज्यवाद की समाप्ति के बाद भारत के समक्ष दो ही प्रमुख मुद्दे थे। पहला, राष्ट्र निर्माण और दूसरा सामाजिक-आर्थिक प्रगति। इसी पृष्ठभूमि में विकास प्रशासन का जन्म हुआ और समाज के बहुमुखी और नियोजित विकास पर जोर दिया जाने लगा। इस यात्रा को पचहत्तर वर्ष पूरे हो चुके हैं। इसमें कोई दुविधा नहीं कि आवाजविहीन, जड़विहीन और भविष्यविहीन विकास को तभी रोका जा सकता है, जब इसके लिए सुनियोजित और दूरदर्शी कदम निरंतर उठते रहें। इसी कड़ी में समावेशी विकास, विकास की एक ऐसी परिकल्पना है, जिसमें रोजगार के अवसर निहित होते हैं और यह गरीबी को कम करने में मददगार साबित होता है। अवसर की समानता तथा शिक्षा और कौशल के माध्यम से लोगों को सशक्त करना भी इसका निहित लक्ष्य है। बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, मसलन आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य आदि समेत आजीविका के साधनों को निरंतर गतिशील बनाए रखना समावेशी विकास की लक्ष्योन्मुख अवधारणा है। गौरतलब है कि देश कई ढांचों और उसमें निहित विकास की कई जमावटों से युक्त है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और तकनीकी विकास समेत अन्य शामिल हैं। इसी के अंतर्गत इक्कीसवीं सदी के पहले दशक में समावेशी विकास को सशक्त करने की दिशा में मनरेगा योजना शुरू की गई थी। गौरतलब है कि इसे पहले नरेगा यानी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना नाम दिया गया था, फिर 2 अक्तूबर 2009 को इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ते हुए इसे मनरेगा की संज्ञा दी गई। इस योजना के माध्यम से देश के करोड़ों नागरिकों को लाभ मिल चुका है। यह योजना ग्रामीण रोजगार की दृष्टि से एक क्रांतिकारी पहल है। इसने देश के समावेशी ढांचे को न केवल पुख्ता किया, बल्कि पलायन से लेकर गरीबी और भुखमरी आदि पर भी अंकुश लगाने में कारगर सिद्ध हुई है। अगर सुशासन की दृष्टि से देखें, तो यह शासन की ओर से उठाया गया ऐसा कदम है, जो लोक सशक्तिकरण के साथ कदमताल करता और निहित मापदंडों में बुनियादी विकास की दृष्टि से आजीविका की एक बेहतरीन खोज है। केंद्रीय बजट 2023-24 में मनरेगा के लिए साठ हजार करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं, जो 2022-23 के बजट में तिहत्तर हजार करोड़ के मुकाबले अट्ठारह फीसद और संशोधित अनुमान से करीब बत्तीस फीसद कम है। किसी भी योजना की प्रगति और सफलता में निहित बजट कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण होता है। बीते नौ वर्षों की पड़ताल बताती है कि सरकार मनरेगा को लेकर कहीं अधिक सकारात्मक रही है और हर बजट में अनुमान बढ़ी हुई दर में ही देखने को मिलते हैं, जबकि इस बार सरकार का रुख इससे कुछ ज्यादा ही विमुख हुआ है। मुख्य आर्थिक सलाहकार की मानें तो मनरेगा के लिए बजट आबंटन घटाने से रोजगार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि मनरेगा के बजट में कटौती हुई है, मगर पीएम आवास योजना, ग्रामीण और जल-जीवन मिशन आदि मदों में राशि अच्छी-खासी बढ़ा दी गई है। माना जा रहा है कि इस प्रकार की योजनाओं से ग्रामीणों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। जबकि मनरेगा की तुलना रोजगार की दृष्टि से किसी अन्य से करना इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि यह रोजगार की गारंटी योजना है, जबकि अन्य किसी मिशन में रोजगार की संभावना कम-ज्यादा के साथ वैकल्पिक होगी। मनरेगा में बजट की कटौती ग्रामीण रोजगार की दिशा में जारी समावेशी विकास के लिए भी नई समस्या बन सकती है। गौरतलब है कि कोरोना काल में बंदी के दौरान जब नगरों और महानगरों से करोड़ों कामगार अपने गांव-घर पहुंचे थे तो मनरेगा ने ही उनकी आजीविका चलाने में बड़ी भूमिका अदा की थी। देखा जाए तो मनरेगा दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है, जिसने ग्रामीण श्रम में एक सकारात्मक बदलाव को प्रेरित किया है। आंकड़े बताते हैं कि कार्यक्रम के शुरुआती दस वर्षों में कुल तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए और आजीविका और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से यह गरीबों के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन गया। वर्ष 2013-14 में मनरेगा के तहत कार्यरत व्यक्तियों की संख्या लगभग आठ करोड़ थी, जो 2014-15 में घट कर पौने सात करोड़ के आसपास हो गई। उसके बाद इसमें बढ़ोतरी भी हुई और कमोबेश ग्रामीण बेरोजगारों के लिए यह संजीवनी का रूप लिए हुए है। इसमें महिलाओं की संख्या आधी और किसी वर्ष तो आधी से अधिक भी देखी जा सकती है। इसके तहत प्रत्येक परिवार के श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों के लिए सौ दिन की गारंटी युक्त रोजगार, दैनिक बेरोजगारी भत्ता और परिवहन भत्ता, अगर पांच किलोमीटर दूर है, तो आदि का प्रावधान है। सूखा ग्रस्त क्षेत्रों और जनजातीय इलाकों में डेढ़ सौ दिनों के रोजगार का प्रावधान है। जनवरी 2009 से केंद्र सरकार सभी राज्यों के लिए अधिसूचित की गई मनरेगा मजदूरी दरों को प्रति वर्ष संशोधित करती है। मजदूरी का भुगतान न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत राज्य में खेतिहर मजदूरों के लिए निर्दिष्ट मजदूरी के अनुसार ही किया जाता है। गौरतलब है कि 1992 में पंचायती राज व्यवस्था को तिहत्तरवें संविधान संशोधन के अंतर्गत संवैधानिक स्वरूप दिया गया। यह स्थानीय स्वशासन भारत विकास की कुंजी सिद्ध हुआ। इसी पंचायती राज व्यवस्था को मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों के नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी हेतु उत्तरदायी बनाया गया है। इस तरह पंचायती राज व्यवस्था शासन के विकेंद्रीकरण के साथ समावेशी ढांचे को भी मजबूती बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। समावेशी विकास के लिए समावेशी ढांचे का होना आवश्यक है। गांवों में बुनियादी सुविधाएं न होना, गांवों से पलायन और शहरों में जनसंख्या का दबाव बढ़ना, कृषि से जुड़ी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना, समावेशी विकास की दृष्टि से सही नहीं है। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक गरीबी के सभी रूपों, मसलन बेरोजगारी, निम्न आय और भुखमरी आदि को समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था। विशेषज्ञों की राय है कि भारत में तीव्र समावेशी विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी। इस बार के बजट में कृषि के लिए पैकेज तैयार करने समेत ग्रामीण डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने आदि का संदर्भ दिखता है। मगर यह नहीं भूलना चाहिए कि मनरेगा समावेशी विकास का पर्याय है, जो न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक अनिवार्यता भी है।

## देश दुनीया से

### विज्ञान-प्रौद्योगिकी का ज्ञान जरूरी

**आधुनिक** सभ्यता के विकास में विज्ञान का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जो समाज या देश तकनीकी रूप से सक्षम हैं वे आर्थिक रूप से भी सबल बन जाते हैं। विज्ञान ने हमारा जीवन आसान बना दिया है और हमें इतनी सुख-सुविधाएं दी हैं जिसके बारे में हम इससे पहले कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। इससे हमारा जीवन स्तर तो सुधरा ही है, साथ ही साथ देश-दुनिया के विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। हालांकि बढ़ती टेक्नोलॉजी का बुरा प्रभाव वातावरण और हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक विकास की दर को टेक्नोलॉजी की मदद से बढ़ाया जा सकता है। विकसित देश इसलिए संपन्न हैं क्योंकि वहां की उन्नत प्रौद्योगिकी ने उन्हें विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं और आर्थिक दर को बढ़ाने में भी मदद की है। आज का युग विज्ञान और तकनीकी का युग है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, पर्यटन, यातायात, कृषि आदि क्षेत्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी वजह से कई ऐसे उपकरण और साधनों को बनाया गया है, जिससे हमारा जीवन बेहद आसान हो गया है। आजकल इंटरनेट का जमाना है। इसी के कारण हम घर पर बैठे-बैठे ही देश-दुनिया के किसी भी कोने का हाल कुछ ही सैकेंड्स में जान सकते हैं। चंद्रशेखर वेंकटरमन ने सन् 1928 में कोलकाता में इस दिन एक उत्कृष्ट वैज्ञानिक खोज की थी, जो 'रमन प्रभाव' के रूप में प्रसिद्ध है। यह खोज 28 फरवरी 1930 को प्रकाश में आई थी। इस दिन को एक यादगार बनाने के लिए 28 फरवरी को हर वर्ष विज्ञान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई और तब से लेकर अब तक 28 फरवरी को हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस कार्य के लिए उनको 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस महान अवसर को मनाने के लिए तकनीकी संस्थानों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थियों को विज्ञान मेलों, विज्ञान क्विज और वैज्ञानिक संस्थाओं में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालयों की यात्रा करनी चाहिए जिससे उन्हें कई नई रोचक तथ्य और जानकारियां हासिल होंगी। आइए जानें अपने देश के कुछ महान वैज्ञानिकों और उनके योगदान के बारे में। शुरुआत करते हैं होमी जहांगीर भाभा जी से। होमी जहांगीर भाभा को भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। एसएस भटनागर ने देश भर में वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की थी। जगदीश चंद्र बसु ने बताया कि पौधों में जीवन होता है, वे भारत के पहले वैज्ञानिक शोधकत्रा थे। चंद्रशेखर वेंकट रमन को स्पेक्ट्रम से संबंधित रमन प्रभाव का आविष्कार करने के लिए भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। सुब्रमण्यम चंद्रशेखर को 1983 में तारों पर की गई खोज के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हरगोविंद खुराना को 1968 में प्रोटीन संश्लेषण में न्यूक्लिटाइड की भूमिका का प्रदर्शन करने के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया। एपीजे अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसे प्रक्षेपण अस्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। बच्चों को विज्ञान के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। इस दिशा में कई नए नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने को केन्द्रीय साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड मानक योजना चलाई है जिसमें स्कूली बच्चों को मॉडल और अन्य वैज्ञानिक आविष्कारों के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। गत वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के स्कूली छात्रों के लिए पहली बार अपनी प्रयोगशालाएं खोलीं।

> प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास एक–दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक विकास की दर को टेक्नोलॉजी की मदद से बढ़ाया जा सकता है। विकसित देश इसलिए संपन्न हैं क्योंकि वहां की उन्नत प्रौद्योगिकी ने उन्हें विकास के नए आयाम प्रदान किए हैं और आर्थिक दर को बढ़ाने में भी मदद की है। आज का युग विज्ञान और तकनीकी का युग है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां प्रौद्योगिकी और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार, पर्यटन, यातायात, कृषि आदि क्षेत्रों के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी वजह से कई ऐसे उपकरण और साधनों को बनाया गया है, जिससे हमारा जीवन बेहद आसान हो गया है।

## नागरिक बोध

### मनीष सिसोदिया को और उनकी पार्टी को सीबीआई की जांच में सहयोग करना चाहिए

**मनीष** सिसोदिया की सीबीआई द्वारा गिरफ़तार किए जाने के बाद आप कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। शराब नीति में टेंडर के बाद केजरीवाल सरकार ने गलत तरीके पर करोड़ो रुपए माफ करने का आरोप लगाया है। इसी क्रम में 144 करोड़ रुपए माफ करने का आरोप केजरीवाल सरकार पर लगा है। केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के नाम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। आप कार्यकर्ताओं ने मनीष सिसोदिया का बचाव करते हुए देश मे प्रदर्शन कर हाय हाय के सुत्रोचार से सीबीआई पर आप दबाव बनाने की कोशिश रही है। जब भी मनीष सिसोदिया को सीबीआई जांच के लिए सीबीआई दफ्तर बुलाती है। उसके पहले मनीष सिसोदिया रोड शो जरूर करते है। वे ये बताने की कोशिश करते है कि मैं निर्दोष हूँ और भाजपा खामख्वाह जूठे आरोप लगा रही है। आप मनीष सिसोदिया पर आरोप लगाने के बाद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई है। शराब नीति में व्यापारियों को फायदा कराने के लिए नई शराब नीति बनाई गई थी। शराब नीति के केंद्र में केजरीवाल सरकार ने 2020 में लागू की थी। नई शराब नीति में मनीष सिसोदिया की इस मुहिम के पीछे भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि मनीष सिसोदिया ने 170 सिम को नष्ट कर दिया गया था। जिसका पूरा बायोडेटा उनके पास उपलब्ध है। सफेद पॉश के काले कारनामे से भ्रष्टाचार करने वाला और पार्टी दोनों के नाम की मुहर लग जाती है। अपने को बचाने के जतन हो रहे है। वह बेबुनियाद है। चोर चोर मौसेरे भाई वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है। मनीष की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थको का हंगामा यह दर्शाता है कि मनीष निर्दोष होने का ढोल पीटा जा रहा है। आप के केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर आरोप लगा है वह बेबुनियाद नही है। फोरेंसिक जांच में पता चला है कि मनीष ने दस्तावेज बाहर से बनाए गये थे। आप और कांग्रेस की नीतियों में कोई ज्यादा तफावत नही है। सोनिया और राहुल को जांच एजेंसी ने उनके दफ्तर पर बुलाया गया था। उस समय कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर हंगामा खड़ा किया था। उसी के नक्शेकदम पर आप कार्यकर्ताओ भी है।

# उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला सामाहरनालय में मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के सामाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारीयों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

# एफ एल एन के तहत करवाया जा रहा है चार दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित मध्य विद्यालय में बुधवार से शिक्षकों का चार दिवसीय एफ एल एन का प्रशिक्षण शुरूआत करवाया गया है। जहां प्रशिक्षण करवा रहे पुनीत मृदा जैनेन्द्र कुमार कृष्ण मुरारी पांडेय ब्रजेश कुमार सिंह ने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुरू किया। शिक्षकों को प्रशिक्षक निर्मल राणा गन्देश्वर उरांव सिधेश्वर पांडेय के द्वारा एफ एल एन कार्यक्रम के विद्यालयों में प्रभावी संचालन को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण मे 40 शिक्षक भाग लिए है।

## सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने सरकार से किया सड़क मरम्मती की मांग



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा में सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय से तेतरिया मोड़ तक सड़क निर्माण का मामला उठाया है। गौरतलब है कि प्रखंड मुख्यालय से तेतरिया मोड़ तक का सड़क काफी जर्जर है। इससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि सड़क मरम्मती का काम शीघ्र कराया जाए ताकि लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सरकार ने बताया है प्रखंड मुख्यालय से तेतरिया मोड़ तक का सड़क निर्माण का कार्य पथ निर्माण विभाग के द्वारा लंबित है।

## विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल में किया गया तारांकित प्रश्न



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा 1 मार्च को विधानसभा सत्र के प्रश्नकाल में पूछा गया तारांकित प्रश्न। यह प्रश्न चतरा जिला अंतर्गत टंडवा प्रखंड के बचरा उतरी पंचायत एवं बचरा दक्षिणी पंचायत को मिलाकर नगर पंचायत बनाया गया था। इसके उत्तर में, इनके प्रश्न को स्वीकार किया गया। दूसरा नगर पंचायत बन जाने के कारण 2021 में हुए पंचायत चुनाव में दोनों पंचायत में चुनाव नहीं कराया गया एवं वर्तमान समय में सरकार द्वारा नगर पंचायत के गठन को रद्द कर बचरा उतरी पंचायत एवं बचरा दक्षिणी पंचायत को पंचायत बना दिया गया। इसके उत्तर में कहा गया कि नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना संख्या 3505 दिनांक 7 अक्टूबर 2022 द्वारा नगर पंचायत बचरा को विघटित कर दिया गया है। तीसरा प्रश्न श्री दास ने किया की पंचायत चुनाव नहीं होने से इन दोनों पंचायतों में 14 वें वित्त एवं 15 वें वित की राशि नहीं मिल पा रही है, एवं विकास कार्य पूर्णरूपेण बंद है। इस प्रश्न को भी स्वीकार किया गया। चौथा प्रश्न उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारत्मक है तो क्या सरकार इस क्षेत्र के विकास हित में बचरा उतरी पंचायत एवं दक्षिणी पंचायत में पंचायत चुनाव कराना चाहती है, अगर हां तो कब तक और अगर नहीं तो क्यों नहीं। इसके उत्तर में कहा गया कि जिला पंचायत राज पदाधिकारी चतरा के पत्रांक 91 दिनांक 25 फरवरी 2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है की, नगर पंचायत के पुनर्गठन की कार्यवाही की जा रही है, एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत चुनाव कराया जा सकेगा।


# सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूचवा के प्रधानाध्यापक पंचम गंझु को सेवानिवृत्त होने पर सम्मान के साथ विदाई दी गई। पंचम गंझु ने एक पारा शिक्षक के रूप में 2003 से उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूचवा में पुरे ईमानदारी के साथ शैक्षणिक कार्य किए। इसी के परिणामस्वरूप उन्हें विभाग ने प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा था। लगभग बीस साल तक पदभार संभालते हुए सुदुर इलाकों में शिक्षा का दिप जलाया।गोनिया पंचायत के रूचवा गांव में स्कूल नहीं था। अभियान आने के बाद विद्यालय का स्थापना हुई। भवन के अभाव में खुले पेड़ के नीचे शिक्षण कार्य किए। वर्तमान में सरकारी प्रावधान के तहत सरकारी भवन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। कहते हैं कि समय का पहिया रूकता नहीं है सरकारी प्रावधान के तहत प्रधानाध्यापक पंचम गंझु का भी समय सीमा पुरा हुआ, वेतन में वृद्धि हुई, लेकिन सेवानिवृत्त हो गए। सहायक अध्यापक का नियमावली लागु नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त का भी नहीं मिल पाएगा। विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर शिक्षक राजेश्वर गंझु, बलराम गंझु,जितन राम, अरून सिंह, अजय कुमार भोक्ता, CCR गोनिया समन्वयक ईश्वरी कुमार सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पंचम गंझु को भावुक होकर विदाई दी। इस मौके पर चेतन गंझु, कोमल गंझु, लगन गंझु, हरिलाल गंझु, सोहराई गंझु सोहबती देवी, सुसमा देवी, पार्वती देवी सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

# लावालौंग में गर्मी की हुई आगाज, की जा रही है बिजली कटौती, लोग परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड क्षेत्र में अभी गर्मी कि ठीक से शुरुआत भी नहीं हुई है, और बिजली विभाग के द्वारा बिजली की घोर अनिमियता और कटौती शुरू कर दी गई है। बिजली विभाग के इस मनमानी रवैये से उपभोक्ता बहुत ही क्षुब्ध महसूस कर रहे हैं। लावालौंग प्रखंड क्षेत्र से भी उपभोक्ताओं से प्रत्येक माह बिजली बिल की वसूली की जाती है। लेकिन महीने भर बिजली की दशा दयनीय रहती है। अब गर्मियों के दिनों में तो जैसे विभाग के लोगों को कोई हथकंडा हाथ लग गया हो की तरह मनमानी तरीके से बिजली की कटौती की जाती है। दिन हो या रात यहां सिर्फ़ बिजली की झलक मिली तो मिली वरना ओ भी नदारद। लावालौंग प्रखंड के लिए नियमित बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई नेता एवं पदाधिकारी वादों के फूल खड़े करते रहे हैं परंतु नतीजा शून्य है। रात को सोने के बाद बिजली कुछ घंटे तक दी जाती है और जगने से पहले बिजली गुल हो जाती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिजली से किसी भी प्रकार का कोई लाभ तो नहीं मिल पा रहा है।एवज में बिल की भरपाई जरूर करनी पड़ रही है।कर्मियों से पूछे जाने पर लोड सेटिंग तो कभी फीडर फॉल्ट, कभी ब्रेकडाउन तो कभी पावर ऊपर से कट गया है जैसे बातों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है।ऐसे में बिजली विभाग एवं कर्मियों की उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है जिसका मुफ्त खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। वहीं लमटा के बिजली कर्मियों के अनुसार एंपियर कम मिलने के कारण कभी बगरा फीडर ऑन तो लावालौंग बंद, लावालौंग ऑन तो बगरा बंद तो कभी रतनाग बंद तो कहीं बंद जैसे समस्याएं गिनाए जाते रहे हैं।

## महाआरती का आयोजन सनातन समाज की परंपरा, धर्म संस्कृति को आगे बढ़ाना ही हम सब का लक्ष्य : ओम महतो



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदियों से महाआरती का आयोजन सनातन समाज की परंपरा रही है जय श्रीराम समिति के द्वारा जगह जगह मंगलवार को महाआरती एवं हरि कीर्तन का आयोजन जोर शोर से किया गया। इस आयोजन को लेकर बड़े, बच्चे, महिलाएं सभी लोग सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम को लेकर जय श्रीराम समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की मेहनत की बदौलत सभी प्रखंडों में जगह-जगह भव्य महाआरती, हरिकीर्तन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। समिति ने कहा इस तरह के आयोजनों से लोगों में अटूट भक्ति देखने को मिल रही है। जिससे पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया है जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा सदियों से महाआरती का आयोजन सनातन समाज की परंपरा रही है जिसे लक्ष्य बनाकर जय श्रीराम समिति आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। जिसमें लोगों की भागीदारी सैकड़ों की संख्या में हो रही है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष दया शंकर सिंह,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, अनिल उरांव, विनोद प्रसाद, दीपक साहू, आशीष महतो समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी कार्यालय का किया गया उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय भवन में बुधवार को उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कार्यालय का उद्घाटन किया गया। यह उद्घघाटन केंद्र से आए अभिषेक, राज्य कार्यालय के अखौरी, महेंद्र, जिला के डीपीएम, डीएलएम, और बीओडी डायरेक्टर ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर किया। उद्घघाटन के मौके पर उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का बिजनेस प्लान पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ हीं अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा किया गया और आगे व्यापार करने पर प्लाननिंग की गई। मौके पर सिमरिया प्रखंड प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस बीपीएम राहुल रंजन पांडेय, बीपीओ सुरेंद्र कुमार प्रजापति, अनीता देवी, बीओडी संगीता देवी, सीईओ अनिमेष कुमार मिश्रा, स्वीटी कुमारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिलडुंगडुंग, जिला आजिविका प्रबंधक राजेश कुमार राम और एफपीसी के शेयर होल्डर्स उपस्थित थे।

# अफीम की खेती पर नकेल के बावजूद बड़े पैमाने पर लहलहा रही सफेद जहर की खेती, जंगलों व पहाड़ों की तलहटियों व वनभूमि पर हो रही खेती

➲ अफीम की खेती पर अंकुश लगाना असंभव, गरीबी, बेरोजगारी व अशिक्षा है नशे की खेती का जड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित चतरा जिला में पिछले दो दशकों से अफीम की खेती बड़े पैमाने पर होती है। अफीम की खेती पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अभियान भी चलाए जा रहे हैं लेकिन सबसे बड़ी और हैरानी की बात है कि अब तक अफीम की खेती पर पूरी तरह नकेल नहीं कसा जा सका है। हां,इतना जरूर है कि पुलिस अपने दावे करती है कि हजारों एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया गया है जबकि युवाओं का कहना है कि चतरा जैसे जिला में आज भी गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा है और युवाओं का कहना है कि जब तक रोजगार से लोग नहीं जुड़ेंगे, अफीम की खेती पर अंकुश लगाना असंभव है। झारखंड के कई जिलों में अफीम की खेती होती है लेकिन झारखंड और बिहार की सीमा पर स्थित चतरा जिला में सबसे ज्यादा अफीम की खेती हो रही है। दरअसल, नक्सल, अपराधी अफीम माफिया और कथित पुलिस के गठजोड़ के कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र में पिछले कई दशकों से अफीम की खेती की जा रही है।इसका सबसे बड़ा कारण है कि कम समय में सबसे अधिक मुनाफा अफीम की खेती से होता है। पुलिस की टीम के द्वारा गांव - गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया गया, बावजूद इसके इसका परिणाम देखने को नहीं मिला है, जितना पुलिस प्रशासन को उम्मीद थी। इसके पीछे की वजह को पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार समझना ही नहीं चाहती है। चतरा एक ऐसा जिला है जहां कभी उग्रवाद एवं तस्करी बड़े पैमाने पर होती थी। चतरा जिला के गर्भ में पल रहा गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा आज भी दूर नहीं हो पाया है और यही वजह है कि आज भी युवाओं को ना तो शिक्षा का अवसर मिला है और नहीं रोजगार के अवसर मिला है। ऐसे में सबसे अधिक मुनाफा सिर्फ और सिर्फ अफीम की खेती में ही नजर आता है। और यही वजह है कि पुलिस और प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद सुदूरवर्ती क्षेत्र में अफीम की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। एसपी राकेश रंजन के अनुसार इस वर्ष तक तकरीबन 1300 एकड़ में अफीम की खेती को नष्ट किया जा चुका है। बावजूद इसके चतरा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र में आज भी हजारों एकड़ में अफीम की फसल लहलहा रही है। अफीम के पौधे से अफीम भी निकलना शुरू हो गया बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी हो रही हैं।सबकी खबर पुलिस ,प्रशासन, राज्य सरकार और नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को भी है। इसके पीछे भी एक वजह बताई जा रही है कि कथित रूप से पुलिस को भी बड़े पैमाने पर कमाई का जरिया मिल जाता है द्य,समय-समय पर पुलिस के अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही भी की जाती है। इस मामले में कई पुलिस अधिकारियों को अफीम की तस्करी या उससे संबंधित कार्यों के बारे में पुलिस अधीक्षक को जानकारी भी दी गई है और उस पर कार्यवाही की गई। इससे स्पष्ट है कि पुलिस वालों का भी इसकी जानकारी होती है।दूसरी तरफ के युवाओं का भी कहना है कि गांव में बेरोजगारी है इसीलिए लोग अफीम की खेती करते हैं, शिक्षा का साधन नहीं है ताकि अफीम के दुष्परिणामों से गांव के लोगों से रूबरू हो सके।

# थाना परिसर में होली व शबेबरात त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** होली त्यौहार व शबेबरात पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने की वहीं संचालन थाना प्रभारी विवेक कुमार ने किया। जबकि बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी छुटेश्वर दास, इंस्पेक्टर केपी चौधरी मौजूद थे। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य तथा सभी राजनितिक दल के कार्यकर्ता ने सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि शाम को शबेबरात त्यौहार है और सुबह होली त्यौहार है दोनों त्यौहार को शांति व हंसी खुशी पूर्व के तरह हम लोग मानवता पूर्ण मनाएंगे। वहीं सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व के दिन अश्लील व भड़काऊ गाने तथा शराब पर प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी तरह का त्यौहार में कोई हुड़दंग करता है तो ग्रामीणों के शिकायत पर उसे कानून कार्रवाई किया जाएगा। हलांकि थाना प्रभारी ने कहा कि हमारी पुलिस बल सभी जगह तैनात रहेगी। वैसे लोगों पर नजर रखेगी। इधर बीडीओ नीतू सिंह, सीओ छुटेश्वर दास, इंस्पेक्टर केपी चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि त्यौहार हंसी खुंशी मनाने का पर्व है लोग अपने अपने घरों गाँवों में प्रेम तथा स्नेह पूर्ण दोनों पर्व मनावें। बैठक के अंत में मौजूद अधिकारियों एवं राजनितिक दल तथा शांति समिति के सदस्यों के साथ एक दुशरे को अबीर लगा होली का आगाज किया। पुरे परिसर होली के रंग में सराबोर हो गया और एक दुशरे को मुबारक वाद दिया। बता दें कि सिमरिया प्रखण्ड या थाना क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जो सभी समुदाय एक साथ मिल जुल कर सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं जिसका नतीजा है कि बाहर के कोई भी इस क्षेत्र में शांति भंग करने का प्रयास करते हैं तो उसे चिन्हित कर संयुक्त रूप से दण्ड की कार्रवाई किया जाता है। मौके पर मुखिया बिनोद महतो, शकुंतला देवी, नरेश साहू, नितेश कुमार सिंह, समाजसेवी जगेश्वर महतो, शारदा देवी, गोपाल महतो, आलोक रंजन, सलीम अख्तर, गुड्डू आलम, वीरेंद्र यादव, फारूक अंसारी, रविंद्र सिंह, इख्लाकुर रहमान, परमेश्वर यादव, मो मिस्टर, मनोरंजन महाजन, लखन साहू, प्रदुमन साहू, ख्वाजा मियाँ, अख्तर अंसारी, मोबारक अंसारी, वसंत साहू के अलावे दर्जनों लोग एंव थाना के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तरवाडीह में श्री श्री 1008 नर्मदेश्वर नाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर का 21 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूजारी ललित मिश्रा एवं संतोष मिश्रा व जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, उपप्रमुख राजकुमार प्रसाद के द्वारा नाम संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर छठ घाट औरंगा नदी संगम तट पहुंचे और पुजारी ललित मिश्रा एवं संतोष मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर जलभरी किया गया और सैकड़ों कि संख्या में महिला , पुरुष श्रद्धालुओं ने जल लिए हर हर महादेव का नारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया माहौल भक्तिमय हुआ फिर वापस मंदिर परिसर पहुँचा इसके उपरांत मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर कलश को स्थापित किया गया । मौके पर पूर्व जिला परिषद रामदेव सिंह, पूर्व मुखिया जलेश्वर लोहरा, लातेहार जिला बीस सूत्री पूर्व उपाध्यक्ष राजधानी यादव, लातेहार जिला भाजपा महामंत्री वंशी यादव, मंदिर समिति अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, सचिव सुजीत कुमार, रवींद्र प्रसाद, नवल शर्मा, मनोज यादव, कृष्णा प्रसाद, अनिल सिंह, कृष्णदेव प्रसाद, रघुनानन्दन प्रसाद, प्रमोद ठाकुर, बीरेंद्र भारती, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे, मुख्ययजमान गुसेश्वर राम, कार्यक्रम का संचालन चंदन प्रसाद ने किया।

**पंचमुखी हनुमान मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर भंडारा का हुआ आयोजन**

लातेहार शहर के राजहार मोड़ में अविस्थत शिव पार्वती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के सातवें वार्षिकोत्सव पर आज भंडारा का आयोजन किया गया।भंडारा का प्रसाद खाने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके पुर्व पडित त्रिभुवन पांडेय द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। तत्पश्चात नौ कन्याओं को पूजन मुख्य यजमान नारायण साव सप्नीक द्वारा की गई।और कन्याओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव को ले कर मंदिर को आकर्षक रूप सजाया गया है. मंदिर प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद ने बताया कि 28 फरवरी को पीठ पूजा व पाठ किया गया था।उन्होंने बताया की भंडारा मे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक, राजधानी यादव, बसंत भगत, निर्मल महलका, कृष्णा प्रसाद, महेंद्र शाउंडिक, काशी साव, मुरारी प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, विकास तिवारी प्रकाश तिवारी, गजेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, विशाल चंद्र साहु, सुनीत कुमार कुक्कू, सुरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद मनोज प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, शंकर प्रसाद, राजू प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, संतोष पासवान, भोला प्रसाद, बिहारी प्रसाद व आदित प्रसाद आदि उपिस्थत थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में आईटीआई के छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में आईटीआई पास तथा अंतिम वर्ष में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए 27 फरवरी को प्लेसमेंट ओरियंटेशन कैंप का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ओरियंटेशन मे 100 छात्रों ने भाग लिया।ओरियंटेशन कैंप में जिंदल शा एलएलसी आबूधाबी एवं एनएसडीसी अंतर्राष्ट्रीय के प्रतिनिधि दीपक शुक्ला तथा ओपीजेसीसी के प्लेसमेंट समन्वयक राहुल उपाध्याय उपस्थित थे। सभी प्रशिक्षणार्थियों को अगले दो-तीन सप्ताह के अंदर सभी आवश्यक नियम शर्तों को पूरा कर अंतिम साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। प्लेसमेंट ओरियंटेशन कैंप में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य अजय पाण्डेय ने बताया कि ओपीजेसीसी से प्रशिक्षित पूर्ववर्ती छात्रों के शत प्रतिशत प्लेसमेंट जो कि भारत के विभिन्न बड़ी कंपनियों जैसे टाटा स्टील,जे.एस.पी,मारुति सुजुकी जिंदल सॉ अबूधाबी,सीसीएल आदि में चयनित एवं कार्यरत है साथ ही उन्होंने संस्थान द्वारा दी जा रही है प्लेसमेंट सुविधा का शत प्रतिशत सदुपयोग एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी ।

### आजसू नेता तिलेश्वर साहू हत्याकांड का आरोपी पर हत्या का आरोप गठित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चर्चित बहुचर्चित तिलेश्वर साहू हत्याकांड का आरोपी विनोद यादव को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश छः काशिका एवं एम प्रसाद की अदालत ने दोषी करार दिया है। अदालत अदालत ने एसटी संख्या 360/14में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी पाया है। 13 मार्च को सजा की बिंदु पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि आजसू नेता दिलेश्वर साहू की दिनदहाड़े हत्या 8 मार्च 2014 को कर दी गई थी। जब महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर मंच से उतर रहे थे। उसी दौरन गणेश शंकर उर्फ चटुवा नीतीश कुमार एवं अन्य अभियुक्तों द्वारा गोली मार कर स्व साहू के सीने में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद मृतक की पत्नी साबित देवी के फर्द बयान पर बरही थाना कांड संख्या 59/14 भादवि धारा 302, 34/120 बी के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान की थी। न्यायलय के समक्ष मृतक की पत्नी साबी देवी, पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार सहित 30गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई गई।

### बड़कागांव थाना में होली एवं शब ए बारात त्योहार को लेकर शांति समिति का बैठक 3 मार्च को

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली एवं शब ए बारात त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक 3 मार्च को बड़कागांव थाना परिसर में आहूत की गई है। बैठक दोपहर 3 बजे से शुरू की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने दी। श्री तिर्की ने प्रखंड के सभी पंचायत जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारियों, समाजिक, बुद्धिजीवी, सम्मानित व्यक्ति व मिडिया के लोग को आमंत्रित किया है।



# होली व रामनवमी के मद्देनजर विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी, होली व शब ए बारात को शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहाद्र के साथ मनाये जाने को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।




बैठक में उपायुक्त ने होली व रामनवमी को लेकर सभी लाइन डिपार्टमेंट यथा पेयजल विभाग,बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर सेफ्टी,नगर निगम को चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल विभाग को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को दुरुस्त करने सहित रूट लाइन में पड़ने वाले खराब चापानलो का आकलन करते हुए मरम्मती कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया।

वहीं बिजली विभाग को पावर कट, शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली आपूर्ति, यत्र तत्र झूलते तारो को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। त्योहारों के दौरान किसी भी दुर्घटना की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग को सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील अवस्था में रखने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। नगर निगम क्षेत्रो में की साफ सफाई, जुलूस मार्गो में पड़ने वाले शौचालय को क्रियाशील रखने सहित पेयजल वालो स्थानों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

हर बार की तरह इस बार भी जुलूस मार्गो में लोहे की बैरिकेटिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। पुलीस अधीक्षक ने उपस्थित सभी थाना प्रभारी से अपने अपने क्षेत्र के संदिग्धों पर 107 की कारवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में की गई कारवाई को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियों को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। रुट लाइन पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने ब्लॉक लेवल पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। होली पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर मौजुद एक्साइज डिपार्टमेंट को होली पर्व के दिन शराब की बिक्री पर रोक समेत अनुज्ञति प्राप्त शराब के प्रतिष्ठानों को बंद रखें जाने का आदेश निकालने को कहा। मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने कहा कि त्योहर में असमाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए पूर्व में संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध धारा-107 के तहत कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने मात्रात्मक कार्रवाई के बजाए गुणात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## जिला जदयू ने मनाया नीतीश कुमार का जन्मदिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के द्वारा विकास पुरुष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 72 वा जन्मदिवस धूमधाम से स्थानीय मालवीय मार्ग में मनाया ।केक काटकर और मिठाई बांटकर सभी ने खुशी जाहिर करते हुए उनके दीर्घायु उज्जवल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, चंद्र मोहन पटेल, राकेश गुप्ता, प्रेमचंद राम, राकेश ठाकुर, साबिर खान ,राजकुमार खंडेलवाल, मनोज सिंह ,छोटन पासवान सहित महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी, रीना देवी, पिंकी देवी, कंचन देवी, बीना देवी समेत कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.



## मुआवजा व नौकरी के मांग को लेकर बड़कागांव-हजारीबाग सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत लिखलाही घाटी में बुधवार सुबह करीब 7 बजे बड़कागांव नटराजन नगर निवासी 35 वर्षीय केदार राम को ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। बताते चलें कि केदार राम अपनी पत्नी मौसमी देवी के साथ अपने ससुराल रामगढ़ कोठार से बड़कागांव अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रक संख्या जे एच 02 एडी 9987 ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे केदार राम की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा के भयावह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि केदार राम हेलमेट लगा रखा था ट्रक के पहिया चढ़ने से हेलमेट चकनाचूर हो गया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि कंपनी के गाड़ी के द्वारा केदार राम का मौत हुआ है। पीड़ित परिवार को 1000000 रुपया मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया गया। सड़क हादसा सुबह 7:00 बजे हुआ है और शाम 5 बजे तक किसी प्रकार का समझौता नहीं होने के कारण सड़क जाम नही हटाया गया। सड़क जाम के कारण परीक्षार्थियों को एग्जाम सेंटर जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



## मुखिया नीलम देवी ने 5 टीवी मरीजों को सौंपा द्वितीय किस्त की पोषण सामग्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देश को 2025 तक टीवी मुक्त बनाने के लिए हर दिन नए नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बरही अनुमंडल अस्पताल मैं चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉ प्रकाश के के नेतृत्व में बरही प्रखंड के पंचायत पंचमाधव मुखिया नीलम देवी ने 5 टीवी मरीजों को गोद लेकर द्वितीय किस्त का पोषण सामग्री का वितरण किया। द्वितीय किस्त के पोषण सामग्री मुखिया नीलम देवी द्वारा रामलाल यादव, बद्री राम, सरजू भुईया, भीखन यादव, मुनिया देवी को वितरण किया गया। इस दौरान पोषण योजना लाभ के साथ चना, सोयाबीन, मूंगफली, बिस्किट आदि खाद्य पदार्थों का एक किलोग्राम का पैकेट भी दिया गया। नीलम देवी ने कहा कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ऐसे मरीजों को पोषाअहार उपलब्ध कराया जा रहा है ।

## नेहरू युवा केंद्र ने किया कैच द रैन प्रोग्राम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के तत्वाधान में विभिन्न प्रखंडो में कैच द रैन कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक एंव गायन ,दीवार लेखन, डोर टू डोर कैंपेन , चौपाल के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला युवा अधिकारी रूद्र शेखर ने बताया कि जल के प्रभावी संरक्षण के बिना भारत का तेजी से विकास संभव नहीं है। देश में बारिश का ज्यादातर पानी बर्बाद होने पर अपनी चिंता जताते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पूर्वज हमारे लिए जल छोड़कर गए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण करें।चिंता की बात है कि भारत में वर्षा का अधिकतर पानी बर्बाद हो जाता है. बारिश का पानी हम जितना बचाएंगे, भूजल पर निर्भरता उतनी ही कम हो जाएगी। इसी के लिए नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक युद्ध स्तर पर जागरूकता अभियान चला रहे हैं।



## डपोक पंचायत भवन में होली मिलन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वही इस होली मिलन समारोह मैं पंचायत के प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। मौके पर डपोक पंचायत की मुखिया इंदिरा देवी, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास ने होली मिलन समारोह आयोजन के साथ-साथ लोगों को यह संदेश दिया की होली एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें लोगों को लड़ाई को भूलने और घृणा समाप्त करने का त्योहार है। साथी ही यह त्यौहार भाईचारा का संदेश देता है। वही बोले कि होली के त्योहार एक ऐसा त्यौहार है जो लोगों की उदासीन जिंदगी को रंगीन में बदल देता है। वहीं पूरे पंचायत को होली शांतिपूर्ण एवं भाईचारा के साथ होली मनाने एवं शराब न पीने की अपील किए। होली मिलन समारोह में मुखिया इंदिरा देवी, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, उप मुखिया बलराज यादव, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, जागेश्वर साहू, अनिल साहू, नीरज दास, उमेश दास, राजू यादव, सन्तोष यादव, मीना देवी, नकुल करण, देव सिंह, उपेन्द्र पांडेय, विकाश पांडेय, गुलो सिंह, रूबी देवी, सेरा खातून सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जमीन ही क्यों न बेचना पड़े लेकिन बच्चों को शिक्षित बनाएं : विजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** थाना परिसर बड़कागांव में मंगलवार को अवर पुलिस निरीक्षक विजय कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी अमित किसकु तथा संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, अंचलाधिकारी अमित कुमार किस्कू, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह, डाडी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, उरिमरी ओपी प्रभारी शशि भूषण, एसआई अभय कुमार, चंनेश्वर किसकु, एसआई रितेश कुमार राव सहित उपस्थित अन्य पुलिसकर्मियों और लोगों के द्वारा विजय कुमार सिंह को माला पहनाकर बुके भेंट देकर अभिनंदन व साल ओढ़ा कर सम्मानित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। बताते चलें कि विजय कुमार सिंह 1983 ईस्वी में बिहार के कटिहार जिला से अपने पुलिस कार्यकाल का शुभारंभ की थे। विजय कुमार सिंह भागलपुर जिला के रहने वाले हैं। कटिहार में भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आने के दौरान इनके सूझबूझ से अच्छे कार्य करने को लेकर पुरस्कृत भी किया जा चुका है। श्री सिंह लगभग 2 वर्षो तक बड़कागांव थाना में अपनी सेवा दिए। बड़कागांव को जनता उनके कार्यकाल को वर्षो तक सदैव याद रखेगी। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विजय कुमार सिंह काफी भावुक हो गए। उन्होंने अपने 40 वर्ष के बेदाग कार्यकाल के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को बताया। अपने कार्यो का निर्वहन मैं ने ईमानदारी पूर्वक किया। जनता के सेवा सच्चे दिल से किया, वरीय अधिकारियों का जो भी निर्देश हुआ उसे निष्ठापूर्वक पूरा करने की कोशिश किया। उपस्थित लोगों को संदेश देते हुए कहा के अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दें। जमीन ही क्यों न बेचना पड़े लेकिन बच्चों को शिक्षित बनाएं। जिस भी छेत्र में आप सेवा दे रहे हैं उस छेत्र में अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएं।



### वर्तमान सरकार में किसानों का दर्द अनसुनी : अनूपवर्मा

**हजारीबाग :** मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिला कार्यसमिति की बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ईचाक प्रखण्ड के गोवरबंदा पंचायत में भाजपा किसान मोर्चा हजारीबाग के जिला अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे की अध्यक्षता में किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी सुरेन्द्र मोदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री मंमीत अकेला जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा,जिला प्रभारी भोला प्रसाद , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, अर्जुन साव,सुनील मेहता ,बिनोद साहू,अजय राणा उपस्थित हुए।प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार के द्वारा किसानों का दोहन हो रहा है। मंच संचालन बैजनाथ साव व धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश मेहता के द्वारा किया गया।

### सुचारू ढंग से काम न करने पर एनटीपीसी ने किया ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का लाइसेंस रद्द

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक जमाना था जब लाइसेंस मिल जाने के बाद कंपनियों और उसके मालिक खुद को बॉस समझते थे मनमाने ढंग से जब चाहे जैसे चाहे वे काम किया करते थे। लेकिन आज के बदलते भारत में यह संभव नहीं है आज हमारे देश की व्यवस्था ऐसी बन रही है जिसमें काम करने वालों को पहचान मिलती है उन्हें प्रश्रय दिया जाता है। ऐसे ही घटना चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में कार्यरत जय अंबे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ घटी है। ट्रांसपोर्टिंग लाइसेंस मिलने के बाद से ही कंपनी मनमानी तरीके से काम कर रही थी। जय अंबे रोडलाइंस कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए कंपनी को अपेक्षित संख्या में ट्रक उपल्बध कराने में भी असमर्थ है। कंपनी के दिशा निर्देशों का पालन किए बिना यह अपने अड़ियल रवैया के साथ काम कर रही थी इस वजह से एनटीपीसी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन्हीं हरकतों से तंग चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने लाइसेंस रद्द कर दिया। गौरतलब है कि इसी साल 5 जनवरी को ही इस कंपनी को चट्टी बरियातू ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने के लिए लाइसेंस जारी किया था लेकिन कंपनी के दिशानिर्देशों का सही ढंग से न पालन करने की वजह से बीते दिन लाइसेंस रद्द कर दिया गया। आपको बता दें कि चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना सरकार के सभी दिशा निर्देशों का पालन कर कोयला ट्रांसपोर्टेशन कर रही है जिससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भारी संख्या में रोजगार मिल रहा है। जय अंबे रोडलाइंस कंपनी के लिए यह एक सुनहरा मौका था जिसके कारण से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता साथ ही राज्य में आने वाले बिजली के संकट को रोकने में भी सहायता मिलती। अगर जय अंबे कंपनी सुचारू रूप से कार्य करती तो राज्य की बिजली परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति भी सुनिश्चित हो जाती।



### बरही के विभिन्न पंचायतों में पेंशन धारियों का बैंक खाता से आधार कार्ड को जोड़ने को लेकर लगेगा शिविर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का बैंक खाता को आधार कार्ड से लिंक किए जाने को लेकर शिविर लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा कि 1 मार्च को करसो पंचायत भवन, 2 मार्च को बरही पूर्वी पंचायत भवन, 3 मार्च को खोंडाहार पंचायत भवन, 4 मार्च को केदारुत पंचायत भवन, 11 मार्च को गोरिया करमा पंचायत, 14 मार्च को बेंदगी पंचायत भवन, 15 मार्च को रसोईया धमना पंचायत भवन, 16 मार्च को बसरिया पंचायत भवन, 17 मार्च को दुलमाहा पंचायत भवन, 18 मार्च को करियातपुर पंचायत भवन, 21 मार्च को धनवार पैक्स कार्यालय,22 मार्च को बरसोंत पंचायत भवन, 23 मार्च को रानीचुवा पंचायत भवन, 24 मार्च को मलकोवो पंचायत भवन, 25 मार्च को डापोक पंचायत भवन, 28 मार्च को विजैया पंचायत भवन व 29 मार्च को कोल्हुवाकला पंचायत भवन में शिविर लगाया जाएगा। वहीं उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक को निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों एवं ग्रामीणों के बीच व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए पेंशन धारी लाभुकों को निर्धारित पंचायत भवन शिविर में लाना एवं स्वयं उपस्थित रहकर सभी पेंशन धारी लाभुकों का आधार लिंक कराना सुनिश्चित करेंगे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत गुरुवार को होने वाली मतगणना के मद्देनजर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सर्वप्रथम मतगणना के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मियों को संयुक्त रूप ब्रीफ कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी।ब्रीफिंग के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा ने सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के मद्देनजर जारी संयुक्त जिला आदेश को अच्छी तरह से पढ़ लेने, प्रतिनियुक्ति स्थल एवं स्थल पर किए जाने वाले कार्यों को अच्छी तरह से समझ लेने का निर्देश दिया वही अलग-अलग प्रवेश द्वार पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं अधिकारियों को सुश्री मिश्रा ने बिना वैद्य पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश ना देने का निर्देश दिया। मतगणना के दिन भीड़ भाड़ होने के मद्देनजर सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी दण्डाधिकारियों एवं अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया वही सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों आदि को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों/अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों/ कर्मियों को मतगणना के दिन ससमय अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी को मतगणना के मद्देनजर जारी धारा 144 के विभिन्न प्रावधानों एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।ब्रीफिंग के उपरांत सुश्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना के मद्देनजर अलग-अलग मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों एवं मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। गौरतलब हो कि रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना गुरुवार को पूर्वाहन 8:00 बजे से रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में प्रारंभ होगी। मतगणना के लिए रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में कुल 3 मतगणना कक्ष बनाए गए हैं एवं तीनों मतगणना कक्षों को मिलाकर कुल 40 टेबलों पर मतगणना की जाएगी।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## रियलमी ने रियलमी जीटी3 के ग्लोबल लॉन्च की घोषणा की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने मोबाईल वर्ल्ड कांग्रेस 2023 में अपना अगली जनरेशन का स्पीड फ्लैगशिप, रियलमी जीटी3 लॉन्च किया है। इसमें 240 वॉट के साथ दुनिया की सबसे तेज चार्जिंग पॉवर है। रियलमी मोबाईल उद्योग का पहला ब्रांड होगा, जो 240 वॉट की फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी का विशाल स्तर पर उत्पादन करेगा। रियलमी जीटी सीरीज़ की पहली जनरेशन से ही रियलमी ने अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी इनोवेशन पेश किए हैं। जीटी मास्टर सीरीज़ में जबरदस्त सूटकेस डिज़ाईन से लेकर प्रीमियम फ्लैगशिप रियलमी जीटी2 प्रो और अब स्पीड की सीमा बदलने वाले रियलमी जीटी3 तक ये इनोवेशन और ज्यादा बेहतर होते चले गए हैं।अपनी शुरुआत से ही रियलमी जीटी सीरीज़ ने रियलमी के अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी इनोवेशन पेश किए हैं। पहले इसने जीटी मास्टर सीरीज़ में जबरदस्त सूटकेस डिज़ाईन पेश किया और फिर जीटी2 प्रो सीरीज़ के साथ ट्रू फ्लैगशिप सीरीज़ लेकर आया। सीमाओं का विस्तार करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस श्रृंखला में लेटेस्ट उत्पाद, रियलमी जीटी3 स्पीड की सीमाओं को तोड़ रहा है और उद्योग में नए मानक स्थापित कर रहा है।इस घोषणा के बारे में माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी, और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने कहा, ''रियलमी का गठन युवाओं को लीप-फॉरवर्ड टेक्नॉलॉजी और डिज़ाईन के मामले में सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया था। अपनी डेयर टू लीप स्पिरिट के साथ रियलमी उद्योग में चार साल पूरे कर चुका है और पाँचवें साल में नए मानक स्थापित करने की तैयारी में है।



## अमेजन. इन के होली शॉपिंग स्टोर के साथ मनाएं रंगों का त्योहार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेजन. इन पर खास तौर पर तैयार किए गए होली शॉपिंग स्टोर पावर्ड बाय बेवजिला के साथ होली के मौके पर खुशियों के रंग घर लेकर आइए। इस स्टोर पर आप रंग एवं पिचकारी, सेफ्टी आइटम, पूजा की जरूरत के सामान, फैशन एवं ब्यूटी से जुड़े जरूरी सामान, मिठाई एवं स्नैक्स, वाटरप्रूफ गैजेट्स, एक्सेसरीज आदि जैसी अपनी जरूरत के सभी सामानों पर 70त्न तक की छूट पाएं और रंगों से भरपूर होली के मज़ेदार उत्सव का आनंद लें। इस स्टोर पर ग्राहक बेवजिला, क्रॉक्स, फेरेरो रौशर, फोसिल आदि जैसे ब्रांडों पर बड़ी बचत कर सकते हैं। ग्राहक अमेजन शॉपिंग ऐप (केवल एंड्रॉइड पर उपलब्ध) पर एलेक्सा का उपयोग करके होली स्टोर तक पहुंचने के लिए वॉइस नेविगेशन का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए यूजर्स को ऐप पर माइक आइकन टैप करना होगा कहना होगा - एलेक्सा, होली शॉपिंग स्टोर पर ले जाएं और इसी के साथ वे सीधे स्टोर पर पहुंच जाएंगे।

## शॉप्सी का सारा अली खान के साथ नया कैम्पेन शुरू, उत्पादों को कम कीमतों पर पेश करने पर ज़ोर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफार्म शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने आज ब्रैंड एंबैसडर सारा अली खान के साथ अपना नया कैम्पेन शुरू किया है। इस कैम्पेन के जरिए खासतौर से किफायती पेशकश पसंद करने वाले लोगों के लिए विस्तृत प्रोडक्ट रेंज पर ज़ोर दिया गया है। इस टीवीसी को तैयार करते समय प्रमुख प्रेरणा यह रही है कि भारतीय परिवार और पैरेंट्स अक्सर बच्चों द्वारा शॉपिंग पर अधिक खर्च करने पर काफी गुस्सा करते हैं। लेकिन यह कैम्पेन इस गलत धारणा को तोड़ता है कि शॉपिंग हमेशा खर्चीली होती है। सच तो यह है कि शॉप्सी पर ऑनलाइन शॉपिंग न सिर्फ काफी किफायती होती है बल्कि यह विभिन्न प्रोडक्ट कैटेगरीज़ जैसे कि कुर्तियों, साड़ियों, घड़ियों और होम प्रोडक्ट्स पर बेहतर कीमतों का लाभ भी दिलाती है। कैम्पेन में सारा अली खान शॉप्सी को भारत के खरीदारों की किफायती शॉपिंग डेस्टिनेशन के तौर पर प्रचारित कर रही हैं। इस कैम्पेन का कन्सेप्ट लियो बर्नेट ऑर्चर्ड ने तैयार किया है ।




झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगन संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के निविदा आमंत्रण संख्या– **297/2022-23/RWD/KHUNTI,** दिनांक– 20.02.2023, **PR NO.-290710** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/KHUNTI/25/2022-23** कार्य का नाम "बनई से खक्सी टोला तक पथ निर्माण (लं– 3.945 कि0मी0)" कार्य की निविदा को परिणाम विपत्र (Bill of Quantity) पर अनुमोदन प्राप्त नहीं होने के कारण स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291597 Rural Work Department (22-23)_D

समाहरणालय, गढ़वा (जिला आपूर्ति शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत खरीफ विपणन मौसम 2022–23 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत किसानों से धान क्रय का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस खरीफ विपणन मौसम 2022–23 में राईस मिलरों से C.M.R के रूप में मात्र फोर्टिफाईड चावल की प्राप्ति की जानी है तथा झारखण्ड राज्य के राईस मिलरों से ही धान मिलिंग कार्य सम्पन्न कराया जाना है। धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से क्रय किये गए धान का उठाव/परिवहन एवं धान मिलिंग कार्य हेतु जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति के माध्यम से राईस मिलरों का चयन किया जाना है।

जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलरों के निबंधन/चयन में निम्न वर्णित मापदण्डों को ध्यान में रखा जाएगा :–

1. मिलरों की मिलिंग क्षमता।
2. मिलर की भण्डारण क्षमता।
3. पूर्व की उपलब्धि।
4. टैगिंग किये गए मिल के मुख्य द्वार पर CCTV कैमरा लगा हो, जिसमें कम से कम एक माह का विडियों रिकार्डिंग संधारित होने की क्षमता वाला DVR हो।
5. मिल चालू अवस्था में हो।
6. मिलर पर कोई बकाया न हो।

उक्त के आलोक में ईच्छुक ब्लेडिंग मशीन अधिप्राप्ति राईस मिलर दिनांक 09.03.2023 तक जिला आपूर्ति कार्यालय, गढ़वा में सभी संबंधित आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा मिलर का चयन किया जा सके।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 291541 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 22-23 (D)

# 30 से अधिक साइबर फ्रॉड करने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद सहित झारखंड के विभिन्न जिले एवं पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी तक 30 से अधिक फ्रॉड करने वाले तीन साइबर अपराधियों को आज धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय - 1 श्री अमर कुमार पांडेय ने मीडिया को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कोलाकुसमा से एक भाड़े के फ्लैट में रहने वाले टुंडी के अनिल कुमार महतो व सूरज कुमार मंडल तथा मनियाडीह के दीपक कुमार मंडल को गिरफ्तार किया है। सभी अपराधी उक्त फ्लैट में स्टूडेंट बनकर रहते थे। उनके पास से दो कीमती लैपटॉप, दो आईफोन सहित 11 मोबाइल फोन, भारी मात्रा में सिम कार्ड व अलग अलग बैंक के एटीएम कार्ड बरामद किए गए। सभी अभ्यस्त अपराधी है और ठगी के रुपयों से एशो आराम का जीवन व्यतीत कर रहे थे। जब पुलिस ने उनके यहां दबिश दी तब अपराधियों ने सारे फोन को फॉर्मेट कर दिया परंतु आई फ़ोन फॉर्मेट नहीं हो सका। इसके बाद टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन से पता चला कि अपराधियों के पास से बरामद हर सिम कार्ड से साइबर क्राइम किया है। वहीं नेशनल साइबर क्राइम रेगुलेरिटी पोर्टल पर चेक करने पर इनके विरूद्ध 30 से अधिक मामले पाए गए।

## सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद खलील के अकस्मात पर भावपूर्ण श्रद्धांजली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आज की सुबह जब मैं बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहा था तो उससे कह रहा था, देखो तो कितनी अच्छी सुबह है. रोड पर शांति है, धुप में हलकी गर्मी है पर अच्छी चमकती सुबह है. उसे स्कूल से छोड़ कर जब मैं लौटा तो सोशल मीडिया पर एक समाचार ने मुझे स्तब्ध कर दिया. समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद खलील का देहांत !! एकदम स्तब्ध कर देने वाली खबर !! पत्रकार आदिल के वाल से पता चला. उनका जाना एक द्द्ढ्ढुह्लस्त्रद्बढ्डुठ्ठ के जाने जैसा है. इसकी भरपाई अब संभव नहीं.खलील से मेरा सम्बन्ध 8 साल पुराना था. 8 सालों में हम जब भी मिले, बहुत आत्मीयता से मिले. जहाँ भी मिले, बहुत स्नेह और सम्मान के भाव से मिले. बतौर सोशल एक्टिविस्ट, वे समाज के मुद्दों को लेकर बेहद संजीदा थे. एक संजीदा इंसान जो उतने ही जिंदादिल भी. उनके साथ जो भी लोग होते, सहज भाव से हँसते और जब मुद्दों की बात आती तो उतनी ही गंभीरता से बात होती. सोशल सेक्टर में उन्होंने लगभग कई साल का समय गुजारा था और बेहद चर्चित इंसान थे. , सोशल सेक्टर के लिए सिकुड़ते स्पेस पर लगातार अपनी राय रखते।सोशल सेक्टर के लिए सिकुड़ते स्पेस पर लगातार अपनी राय रखते।

## होली व सब्बेबारत पर्व में साउंड बजाने को लेकर थाना परिसर में बैठक किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ख़लारी :** होली व सब्बेबारत पर्व के अवसर पर सतर्कतापूर्वक निर्देशानुसार मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह की अध्यक्षता में डी0जे0 साउंड के रखने वालों के साथ एक बैठक किय्या गया. बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश मैक्लुस्कीगंज अंतर्गत जितने भी डीजे साउंड सिस्टम बजाने का कार्य करते है. उनलोगों को शक्त हिदायत देते हुए कहा कि रात 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम नही बजाने का निर्देश दिया गया. यदि देर रात साउंड बजाते हुये पाया गया. उसका साउंड सिस्टम को जप्त कर लिया जाएगा।

## प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक में 12 सूत्री मांग पत्र सौंपने का लिया गया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ख़लारी :** प्रभावित प्रतिरोध मंच की बैठक बुधवार को चूरी में हुई. बैठक की अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन सुनील सिंह ने किया. बैठक के दौरान परियोजना से प्रभावित, विस्थापित,ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की गई. इसके साथ ही समस्याओं के निराकरण को लेकर चूरी परियोजना प्रबंधन को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया. बैठक में अशोक महतो, सोनू पांडे, राजा खान,सुरेश महतो, राजेश महतो, नरेश महतो, दीपक महतो, भोला पांडे,गुलाम सरवर,दुर्गा महतो, इंटेस मद्रासी, मनीष महतो, संतोष महतो, भुवनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो,निकेत चौहान, अनुज चौहान, मनोज महतो, राम अवतार राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## असंगठित माजदूरों के सीएमपिफ बोनस भुगतान को लेकर प्रबंधन व कंपनी के टाल मटोल पर चर्चा किय्या गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ख़लारी :** बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले बीओसी हनुमान मंदिर में असंगठित माजदूरों के संग एक बैठक गया. बैठक की अध्यक्षता जोनल सचिव जंगबहादुर राम ने किया.बैठक में असंगठित माजदूरों को आरसीएम साइडिंग के लेवलिंग माजदूरों को 7500 रु. मुंसियो को 9500रु प्रति माह दिया जा रहा है.आरपीएल कंपनी में असंगठित माजदूरों का बोनस भुगतान, व असंगठित माजदूरों का सीएमपीएफ का कार्य कंपनी के द्वारा धीमी गति से किया जा रहा है. असंगठित माजदूरों का तीन मुद्दा को लेकर बैठक में चर्चा किय्या गया. बीसीकेयू के मांग पर युनियन व असंगठित मजदूरों ने महाप्रबंधक पिपरवार की रवैये से पुनः धरना प्रदर्शन पर चर्चा किय्या गया. बैठक मे संतोष प्रजापति, रामपृत सहनी,, संतोष महतो, राजेश महतो, लालजी महतो, प्रेम नाथ महतो, जगदीश महतो, लोकनाथ महतो, सुरेंद्र महतो, गोपाल महतो, धनेस्वर महतो, बिगन महतो, हुलास गनझु, बलेस्व 'महतो, सुधर महतो, घनिनाथ महतो, समसुल अंसारी, महादेव महतो सहित अन्य लोग सामिल थे।

# चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ आयोजन को लेकर करकट्टा बस्ती बैठक कर कमिटी के गठन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ आयोजन को लेकर करकट्टा बस्ती देवी मंडप प्रांगण में बैठक किया गया. बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती नवरात्र सह शतचंडी यज्ञ सर्व सहमति से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा किया गया. चर्चा के बाद पूजा कमेटी का गठन किया गया. कमेटी गठन में अध्यक्ष अनिल पासवान, सचिव चितरंजन सिंह उर्फ पप्पू सिंह बने. संरक्षक गणेश पाहन, शशि भूषण सिंह, भोला प्रसाद गुप्ता, रामेश्वर सिंह, अरुण सिंह, सोनी तिग्गा, दीपमाला कुमारी, जनेश्वर सिंह, भगवान सिंह, बलराम सोनी, संजय दत्ता, नागदेव सिंह, घंटु पाण्डेय, उपेंद्र सिंह, विनय खलखो, बिगन सिंह भोक्ता, संतोष कुमार महली, अरविंद सिंह, इंदिरा देवी, राजन सिंह राजा, गोपाल गुप्ता, अनिल गुप्ता, अजय गुप्ता, संतोष कुमार महतो, सहदेव महली, रतिया गंझू, वंशी अग्रवाल, द्वारीका प्रसाद अग्रवाल, दिलीप साव, दौलत शर्मा, राजेश गिरी, अविनाश पाण्डेय, गणेश प्रसाद गुप्ता रामसूरत यादव, राजीव सिन्हा मुन्नू, जालिम सिंह, संजीव सिंह, नंदू मेहता, मुकद्दर लोहरा, गौतम थापा एवं अमित भोक्ता को बनाया गया. उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, हरी प्रसाद गुप्ता, शंभू दास, शियाराम सिंह, पंकज मुंडा, राजेश प्रसाद, राजकुमार गंझू एवं नागेंद्र कुमार सिंह. सह सचिव सुंदरम सिंह, राहुल सिंह, आशीष सिंह, गौरव सिंह, सुमित सिंह, सत्यम सिंह, सुमन ठाकुर, हर्ष पाण्डेय, सोपनील सिंह, शत्रुघन मुंडा, सहदेव मुंडा एवं सनी सिंह. कोषाध्यक्ष अवध प्रसाद गुप्ता एवं सह कोषाध्यक्ष किशन मुंडा एवं रविंद्र नाथ पासवान. मीडिया प्रभारी विशाल पासवान एवं राजीव पाण्डेय. कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप पासवान एवं हरेश सिंह। कार्यकारी सदस्य कमलतिया भोक्ता, मितेश सिंह एवं शक्ति सिंह को बनाया गया है।

AFFIDAVIT

1. मै ध्वजा राम धोबी पिता स्वर्गीय बट्टू लाल निवासी पूर्ण डीह कालोनी धमधामिया पोस्ट तुमंग पुलिस स्टेशन खलारी जिला रांची का निवासी हूं
2. मै दिनाक 28/02/2023 को रांची दंडधिकारी सदर रांची शपत पत्र द्वारा ये घोषणा किए हु की मेरे सबसे छोटी बेटी जिसका घर का पुकार नाम उषा कुमारी है
4. आज दिनांक 28/02/2023 से निधि कुमारी के नाम से जानी पहचानी जायेगी
5. किसी भी दस्तवेज में उषा कुमारी है उसे संशोधित कर निधि कुमारी किया जाए

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक सुरक्षा प्रहरी **(Security Guard)** के लिये आवेदन नियुक्ति हेतु आमंत्रण की सूचना

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक सुरक्षा प्रहरी (Security Guard) के लिये आवेदन नियुक्ति हेतु आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र 20 मार्च 2023 पाँच बजे अपराहन् तक पहुँच जाना चाहिए। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

स्थान : राँची
दिनांक : 28 फरवरी 2023

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान, भवन–सह–सैनिक बाजार
मेन रोड, राँची

PR.NO.291610 Home(22-23):D

# करकट्टा जंगल जल कर राख हो गया,प्लांटेशन में विभाग ने की थी लाखों का खर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ख़लारी :** माण्डर बुढ़मू वन क्षेत्र के ख़लारी बिट करकट्टा जंगल में मंगलवार के दिन आग की लपटों ने पूरा जंगल जल कर राख हो गया. उक्त जंगल में वन विभाग की तरफ से लाखों रुपए की लागत से हाल ही में प्लांटेशन किया गया था. बताना चाहते है कि करकट्टा जंगल लगभग 30 हेक्टयर से भी ज्यादा में फैली हुई है. और उक्त जंगल में कई तरह के औषधीय पौधे,छायादार वृक्ष,अथवा विशाल वृक्ष,सहित पौधों का प्लांटेशन किया गया था. करकट्टा जंगल में हुई अगलगी में वन विभाग को लाखों रुपये का स्वाहा का आकलन किया जा रहा है. जंगल का पूरा हिस्सा लगभग 80त्न जल कर राख हो गया है. बताया जाता है जंगल में अगलगी की घटना वन रक्षी के घोर अभाव में हो रही है. अथवा इन दिनों जंगलों में आग लगाकर छोड़ दिया जाता है. क्योकि जंगल में महुआ का पेड़ की जगह महुआ फूल चुनने के लिये पूरा जंगल आग के हवाले कर दिया जाता है. आग जब लगती है तो न ही समय पर वन रक्षी उपस्थित दिखते है,और न ही समय पर पदाधिकारी का आवागमन होता है।

कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत जिनके द्वारा अबतक अपने घरो का स्वनिर्धारण प्रपत्र (SAF) एवं अपने आवासिय तथा व्यवसायिक मकानो/प्रतिश्ठानों का बकाया होल्डिंग ट्रेक्स, ट्रेड लाईसेस एवं जल कर (Water Tax) जमा नहीं किया गया है, वैसे नागरीक अपने–अपने सभी बकाया करों का भुगतान दिनांक 15.03.2023 तक नगर पंचायत, लातेहार के जनसुविधा केन्द्र या जनसुविधा केन्द्र के तहसीलदार को बुला कर दें। साथ ही वैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जिनके द्वारा अबतक व्यवसाय संचालन से संबंधित ट्रेड लाईसेंस नहीं बनवाया गया या पुर्व में बनाये गये ट्रेड लाईसेंस का नवीकरण नहीं कराया गया है तो दिनांक 15.03.2023 तक संबंधित कार्य पूर्ण करना सूनिश्चित की जाय। ज्ञातव्य हो की उपरोक्त निर्धारित अवधि के अंतर्गत यदि बकाया सभी प्रकार के करो (TAX) एवं ट्रेड लाईसेंस का निबंधन/नवीकरण नहीं कराया जाता हैं, तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंधगत धारा 183, 184 एवं 185 के तहत आपके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही बिना ट्रेड लाईसेंस के संचालित किये जाने वाली व्यवसायिक प्रतिश्ठानों को जॉच करते हुए सील (संचालन बंद करना) करने की कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार के कर (TAX) को जमा करने हेतु निम्नांकित जनसुविधा केन्द्र, लातेहार के तहसीलदार को बुलाकर जमा किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत हैं :–

सम्पर्क सूत्र – अजित कुमार, T.C (8862907756)
सोनु कुमार, T.C (6203467373)
बिरसा उरांव, T.C (7004793011)

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, लातेहार

PR291530 (Rural Development)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2021-22 (नवम् आमंत्रण), जिसका PR – 290628 (Lohardaga) 22-23 (D) है, के ग्रुप संख्या Loh/SVS/ Cluster-04A में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

**Name of Work - Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM. (Cluster 4A)**

| | | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 03.03.2023 के अपराहन 3.30 बजे से |
| 4 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 09.03.2023 के अपराहन 3.30 बजे से |
| 5 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 10.03.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक |
| 6 | निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 11.03.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR.NO.291601 Lohardaga(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची

निविदा शुद्धि–पत्र सूचना
टेन्डर रेफरेंन्स नं0:– प0नि0वि0/राँची–48/2022–23

पथ प्रमंडल, राँची अन्तर्गत **PRNo.291479(22-23)#D** से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित Consultancy services for preparation of DPR for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk कार्य के निविदा सूचना को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | पूर्व प्रकाशित नाम | संशोधित नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk (Approx Length 3.00KM) at Ranchi district in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Appropriate Category with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. | Consultancy services for preparation of Detail Project Report (DPR) for construction of Flyover from Harmu Chowk via Sahjanand Chowk to ahead of Ratu road Chowk (Approx Length 3.00KM) including complete Land Acquisition Proposal, Utility shifting proposal, with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal if any including clearance of all stages as required at Ranchi district in the state of Jharkhand. |

शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,राँची।

PR.NO.291568 Road Construction Dept Road Division Ranchi(22-23):D

## धूमधाम से मनाया गया नीतीश कुमार का 72वां जन्मदिन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नीतीश विचार मंच एवं जनता दल यू द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 72 वाँ जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से धनबाद परिसदन में मनाया गया। सबसे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा केक काट कर मिठाइयां बांटी गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह जनता दल यू धनबाद के जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश विचार मंच के बैनर तले प्रत्येक वर्ष पार्टी के सर्वमान्य नेता सह बिहार के मुख्यमंत्री एवं देश के भावी प्रधानमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है। आगे कहा की नीतीश कुमार का राजनीतिक जिंदगी बेदाग रहा है। उन्होंने किसी को ऐसा मौका नहीं दिया कि कोई उनके कार्यो पर ऊँगली उठा सके। वह काजल की कोठरी में रहकर भी आज तक बेदाग हैं। इससे यह साबित होता है कि देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए सर्वगुण नीतीश कुमार में समाहित है। हम लोगों को भी गर्व होता है कि एकमात्र बेदाग छवि वाले मुख्यमंत्री के छत्रछाया में जनता की सेवा कर रहे है। आज उनके जन्मदिन पर हम सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान से प्रार्थना किए कि उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद दे और हम लोग सभी नेता एवं कार्यकर्ता नीतीश कुमार के नेतृत्व में जिला, राज्य एवं देश की सेवा कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश विचार मंच के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे ने किया।

## आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होली 2023 को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार, दिनांक 2 मार्च 2023, को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मध्यान्ह 12:00 बजे से न्यू टाउन हॉल, नियर रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउण्ड) में निर्धारित की गयी है। इसमें विधि व्यवस्था संधारण के निमित स्थानीय स्तर पर आए सुझाओं एवं जिला स्तर पर प्राप्त सुझावों पर विचार किया जायेगा।

## महुदा : होली व शब-ए-बारात को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा थाना प्रांगण में होली व शब ए बारात को देखते हुए शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत के मुखिया, शांति समिति के सम्मानित सदस्यों एवं पत्रकार बंधुओ ने भाग लिया । इस मौके पर महुदा थाना प्रभारी गंगासागर ओझा और पुलिस निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि किसी के बहकावे में नहीं आवे। कोई भी परेशानी हो तो हमसे संपर्क करे । सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसे हम सभी मिलजुल कर शांतिपूर्वक तरीके से मनाएंगे ऐसे तो यह क्षेत्र शांतिप्रिय है।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी जाति वर्ग के लोग मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं। इस मौके पर धनेश्वर महतो, दिनेश प्रमाणिक, अब्दुल समद, पदुगोड़ा मुखिया महेश पटवारी, सुभाष महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# होली पर्व में विधि व्यवस्था के लिए पूर्व से तैयारी की आवश्यकता : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के सभी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से होली पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर की गई तैयारी की जानकारी ली। बैठक में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिला अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए कई आवश्यक उचित निर्देश दिए गए।0बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस पर्व के निर्णय को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी प्रखंड विकास प्राधिकरण एवं सभी अंचलाधिकारी व थानेदारों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस सहयोगियों को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया, ताकि कोई भी विवाद उत्पन्न न हो। इसके अलावा उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी को संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर विद्वेष फैलाने वाले एवं ऐसा करने वालों पर कड़ी कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से काम करने वाले अवैध शराबखानों पर भी निगरानी रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी तरह से एकाधिकार एवं सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा

***गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :*** *कार्यालय कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/कोयला/अभ्रक उत्खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयलें के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन रोकने की दिशा में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी के से समन्वय बनाकर संबंधित विभाग कड़ा रूख अख्तियार करें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। जांच-पड़ताल के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। उपायुक्त ने कहा कि छापेमारी के क्रम में मालवाहक ट्रकों के ई-वे बिल और परमिट की जांच करें। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में गिरिडीह जिला अंतर्गत कुल 50 पत्थर खनन पट्टे तथा 238 डीलर अनुज्ञप्ति संचालित है। उन्होंने बताया कि अवैध पत्थर उत्खनन में संलिप्त वाहनों की संख्या 38, जुर्माना वसूली में संलिप्त वाहनों की संख्या 35 व दर्ज प्राथमिकी की संख्या 05 तथा 3568010.00 रुपए की वसूली की गई है। इसी प्रकार बालू उत्खनन में संलिप्त वाहनों की संख्या 161, जुर्माना वसूली में संलिप्त वाहनों की संख्या 64 व दर्ज प्राथमिकी की संख्या 41 तथा 2673000.00 रुपए की वसूली की गई है। इसी प्रकार अवैध कोयला उत्खनन में संलिप्त वाहनों की संख्या 23 व दर्ज प्राथमिकी की संख्या 61 है। बैठक में मुख्य रूप से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।*

# मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर हड़ताल पर रहे राज्य के डॉक्टर्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** आईएमए के आह्वान पर बुधवार को गिरिडीह के सरकारी और प्राइवेट डॉक्टर एक दिन के हड़ताल पर रहे. इस दौरान डॉक्टरों ने ना तो किसी मरीज का इलाज किया और न ही सेवा सदर अस्पताल और प्राइवेट नर्सिंग होम में दिखे. गिरिडीह आईएमए के डॉक्टरों की टीम इस दौरान सदर अस्पताल गई. जहां सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा के साथ डॉक्टर विद्या भूषण, डॉक्टर अमिता रॉय, डॉक्टर, संजय कुमार, रवि महर्षि, मेधा महर्षि, राजेश चंद्रा, डॉक्टर पी सहाय समेत सदर अस्पताल और प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टर ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया. और नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की स्वास्थ मंत्री के आश्वासन के बाद भी अब तक राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन बिल लागू नहीं किया गया. और न ही 50 बेड के हॉस्पिटल और एकल क्लिनिक को क्लिक्निकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट से मुक्त किया गया है. जबकि स्वास्थ्य मंत्री ने इसके लिए वक्त पर ठोस पहल करने का भरोसा दिलाया था. इसके बाद भी अब तक कुछ पहल नहीं हुआ. स्वास्थ मंत्री के इस वादाखिलाफी के विरोध में बुधवार को राज्य के डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं बंद रखी. हालांकि मरीजों को परेशानी ना हो इसके लिए इमरजेंसी सेवा को चालू रखा गया।




## सांसद पशुपतिनाथ सिंह मिले बीसीसीएल के सीएमडी से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह आज जन समस्या के समाधान हेतु बीसीसीएल के सीएमडी समिरन दत्ता से कोयला भवन मुख्यालय में मिले। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि बीसीसीएल विस्थापितों की समस्या का जल्दी से जल्दी समाधान करें। विस्थापन से जुड़ी समस्या का समाधान बीसीसीएल यथाशीघ्र करें। विस्थापित परिवार को समस्या के समाधान के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को किया जाए। पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की मौसम को देखकर ऐसा लग रहा है कि इस बार की गर्मी काफी प्रचंड होने वाली है। ऐसे में बीसीसीएल अभी से जल समस्या के समाधान हेतु सार्थक कदम उठाए। जहां पर पाइप की आवश्यकता हो पाइप लगाएं। जहां पर चापाकल मरम्मत की आवश्यकता हो, मरम्मत करवाएं या जो भी आवश्यक कदम उठाने हो बीसीसीएल उठाए। ताकि किसी भी व्यक्ति को पेयजल प्राप्त करने में कोई परेशानी ना हो। धनबाद के सौंदर्यीकरण में बीसीसीएल अपनी सार्थक भूमिका निभाए। श्रमिक चौक मे जो स्थापित प्रतिमा है।

उस प्रतिमा स्थल का सौंदर्यकरण करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# सरिया : जंगल में लगी भयंकर आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** बुधवार शाम को सरिया थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत कैलाटंड के बाघानल गांव एवं मोकमो सिमाना क्षेत्र के जंगल में भयंकर आग लग गई, घटना के बाबत बताया जाता है कि, मंगलवार शाम को अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई, जीससे दो से ढाई एकड़ में फैले जंगल भूमि, में पेड़-पौधे जीव जंतु जलकर राख हो गए। घटना के बाबत स्थानीय ग्रामीणों ने बताया , जब से 2021 में बाघानाला ग्राम में नवनिर्वाचित जंगल समिति संगठन हुआ, उसी रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जंगल में आग लगा दी गई थी, फल स्वरूप ईर्ष्या वास , 2023 में आग लगाने का काम किया गया है। उक्त विषय की जानकारी वन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पंडित ने दी, वहीं दूसरी ओर मोकमो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा ने बताया, यह कार्य असामाजिक तत्वों के द्वारा किया गया है, जंगल में आग लगने की घटना स्वभाविक नहीं हो सकती, यह जानबूझकर किया गया साजिश है। वैसे समाज के लोगो के द्वारा चिन्हित कर असामाजिक तत्वों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम किया जाना चाहिए। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा वन विभाग सरिया को सूचित किया गया था, जो अगले दिन सुबह आकर आग पर काबू पाने का बरकस प्रयास किया गया, वही वन विभाग के द्वारा आग पर काबू ना पाने की वजह से फायर बिग्रेड की टीम को सूचना दी गई, दूसरी ओर राजधनवार से आई हुई फायर ब्रिगेड की टीम ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर, रवि सिंह, पंचायत समिति सदस्य बंधन ठाकुर, वन समिति के सचिव अशोक सव, अजीत कुमार, सुखदेव राम, फायर ब्रिगेड को सूचना देने वाले सोनू मोदी, की आलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## सीएफआरआई मुख्य गेट पर 40 सिक्योरिटी गार्ड ने दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया के डिगवाडीह स्थित सीएफआरआई मुख्य गेट के सामने सीएफआरआई में काम कर रहे हैं 40 सिक्योरिटी गार्ड धरने पैट बैठ मुख्य गेट को जाम कर दिया। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड पर काम करने वाले लोगों का कहना था कि पिछले 2 साल से लगातार वे लोग सीएफआरआई डिगवाडीह में गार्ड के पद पर संवेदक के अधीन कार्य कर रहे थे। संवेदक का टेंडर 28 फरवरी 2023 को समाप्त हो गया। जिसके बाद नए संवेदक जिन को यह काम मिला और उसने यह काम जिनको सौंपा है वह पहले से ही धनबाद सीएफआरआई में ब्लैक लिस्टेड है। इसके बावजूद उनको काम करने का मौका दिया गया। मनमानी तरीके से बिना सूचना के हमलोगों को अचानक काम से हटा दिया गया तथा नए सिक्योरिटी गार्ड को काम पर रख लिया गया है। आज हम लोग मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठे हैं। हम सभी सिक्योरिटी गार्ड की मांग है कि पुनः हम लोगों को अपने काम पर रखें। वही नये संवेदक द्वारा पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर यह काम दिया गया है। उन्होंने धमकी भरे लफ्जों में हम लोगों से कहा की 13000 रुपया मासिक पेमेंट में काम करना है तो काम करें नहीं तो यहां से काम छोड़ कर जा सकते हैं।



# धनबाद : इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने डॉ विवेक कुमार को सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के द्वारा अब्दुल कलाम हॉल, मुंबई में आयोजित ऐनुअल जेनरल मीटिंग में डेंटल काउंसिल के हित में एवं बेहतरी को लेकर किए गए डेंटल कौंसिल के प्रति उल्लेखनीय व सहरानीय कार्य के लिए डेंटल कौंसिल ऑफ इंडिया कार्यकारिणी समिति के सदस्य सह झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार को सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि डॉ विवेक कुमार देश के सभी 316 डेंटल कॉलेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सुचारू रूप से कार्यान्वयन कराने के साथ-साथ डेंटल सर्जरी कोर्स की सीटों को मान्यता देने और रिम्स के सभी विभागों में मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की मांग जैसे अनेकों महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कार्य करने का काम किया है। इन्हीं उपलब्धियों को लेकर डॉ विवेक कुमार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर अशोक दोबल ने सम्मानित किया और उनके उल्लेखनीय कार्यो की सराहना की। मौके पर उपस्थित डॉ पुनीत गिरिधर, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ राजीव चूग सहित डेंटल कौंसिल के सभी पदाधिकारियों ने डॉ विवेक कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# आरकेपी मेमोरियल स्कूल का उद्घाटन

## पूजा अर्चना के साथ ही पठन-पाठन प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पुरनाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर में आज बुधवार को राज कुमार पाण्डेय मेमोरियल स्कूल का पूजा अर्चना के साथ विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान राज कुमार पाण्डेय मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर सह प्रिंसिपल राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी अतिथियों से कहा कि इस स्कूल में इंग्लिश मीडियम होने के साथ साथ सी.बी.एस.ई. पैटर्न पाठ्यक्रम आधारित होगा। साथ ही काफी शिक्षित एवं योग्य शिक्षकों द्वारा पठन पाठन का कार्य किया जायेगा। इस स्कूल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण कराया जाएगा प्रत्येक सप्ताह पढ़ाई के अनुरूप बच्चों से टेस्ट लिया जाएगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल पाण्डेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेठाटांड के प्रधानाचार्य त्रिलोचन पाण्डेय, जदयू नेता सुमंत पाण्डेय, सेवानिवृत्त शिक्षक बासुकीनाथ पाण्डेय, पुजारी पंडा, भाजपा नेता राजेंद्र पाण्डेय, प्रदीप पंडा, आजसू नेता सोनू मंडल,पवन कुमार पाण्डेय, उपमुखिया रितेश पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, अनिल पाण्डेय,अजय पाण्डेय, शिवशंकर ठाकुर,नरेश ठाकुर,छुटु पंडित समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुरी-पटना-पुरी स्पेशल व भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 08439/08440 पुरी-पटना- पुरी स्पेशल एवं गाड़ी सं. 02832/02831 भुवनेष्वर-धनबाद-भुवनेष्वर स्पेषल के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है ।

पुरी-पटना-पुरी स्पेशल के 09 फेरों तथा भुवनेष्वर-धनबाद-भुवनेष्वर स्पेषल के 26 फेरों की वृद्धि की जा रही है ।

विस्तारित अवधि के साथ गाड़ी सं. 08439 पुरी-पटना स्पेषल पुरी से 04.03.2023 से 29.04.2023 तक प्रत्येक शनिवार को तथा गाड़ी सं. 08440 पटना-पुरी स्पेषल पटना से दिनांक 05.03.2023 से 30.04.2023 तक प्रत्येक रविवार को परिचालित की जायेगी । इसी तरह, गाड़ी सं. 02832 भुवनेश्वर- धनबाद स्पेशल भुवनेश्वर से 03. 03. 2023 से 30.04.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को तथा 02831 धनबाद-भुवनेष्वर स्पेषल धनबाद से दिनांक 04.03.2023 से 01.05.2023 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को परिचालित की जायेगी ।

# शिवा महतो की पुण्यतिथि मनी

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिवा महतो स्मृति समिति सिजुआ के तत्वावधान में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता शेरे शिवा महतो की प्रथम पुण्यतिथि सिजुआ बस्ती स्थित शिवा महतो हाई स्कूल के प्रांगण में मनाई गई। आयोजन समिति की ओर से मोटर साईकिल रेली निकाला गया जो दुगदा गोलाई मे बिनोद बिहारी महतो के मुर्ति पर माल्यार्पण कर दुगदा मार्केट होते हुए टी मोड़ होकर कार्यक्रम स्थल पहुँचे, उसके बाद सभा प्रारम्भ हुआ जिसका अध्यक्षता व संचालन शिवा महतो स्मृति समिति के अध्यक्ष कार्तिक महतो ने की। झामुमो पार्टी का झंडोत्तोलन कर श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ किया गया। यहां उपस्थित लोगों ने शिवा महतो की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में बलिहारी झूमर अखाड़ा की टीम ने झारखंडी संस्कृति झूमर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्री शिवा महतो झारखंड आंदोलन में पुलिसिया दमन के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ा था। सीसीएल व बीसीसीएल की कोलियरियों में माफियाओं के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चलाया था। शिवा महतो अलग झारखंड आंदोलनकारी के साथ-साथ समाज सुधारक भी थे। वे आम जनों के लिए सरल एवं मृदुभाषी थे, वहीं माफिया वर्ग के प्रति काफी सख्त थे। झारखंड आंदोलन के अगुआ नेताओं में शिवा महतो का अहम भूमिका रही है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज झारखंड अलग राज हुआ है। झारखंड के युवाओं को उनके पद चिन्ह पर चलने की जरूरत है।

# करमाटांड़ कॉलोनी में नियोजन की मांग को लेकर रैयतों ने किया विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के बलियापुर प्रखंड के करमाटांड़ कॉलोनी में बुधवार को जेएमएम के बैनर तले रैयत ने नियोजन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बलियापुर प्रखंड के 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य भुवन रवानी ने बताया की 1985 में हमलोगों के जमीन में बीसीसीएल के द्वारा कॉलोनी बनाने के लिए अधिग्रहण किया गया था। जिसके बाद 2016 में त्रिस्तरीय वार्ता में 19 नौकरी देने की बात कही गई थी लेकिन अब तक नौकरी नहीं दी गई। ऐसे में कॉलोनी में लोगों को शिफ्ट कर रही है।

जिसका विरोध हम लोग कर रहे हैं। बीसीसीएल हमलोगों को पहले नौकरी दे उसके बाद ही शिफ्ट करें। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल हम लोगों को नौकरी देने में टाल-मटोल कर रही है। हम रैयतो को नौकरी नहीं दिया जा रहा है। इसे लेकर हम लोगों ने उपायुक्त, बीसीसीएल के सीएमडी से लेकर मुख्यमंत्री तक अवगत कराया था। लेकिन फिर भी कुछ समाधान नहीं हो पाया। जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक किसी भी कीमत पर यहां लोगों को शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन में भुवन रवानी, अरविंद मंडल, महेश किश्कू, शंकर रवानी, झाबु रवानी, फागू रवानी, निमाई रवानी, निर्मल पाल, गंगाधर रवानी, गणेश रवानी, विनोद रवानी आदि लोग मौजूद थे।

## नौजवान कमिटी ने सहायक विधुत अभियंता के नाम सौंपा ज्ञापन

# लचर बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** नौजवान कमिटी, पुराना बाज़ार के द्वारा पुराना बाज़ार चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान के नेतृत्व में पुराना बाजार की बिजली समस्या के समाधान हेतू सहायक विधुत अभियंता की अनुपस्थिति में कनिय विधुत अभियंता (नया बाज़ार) मंतोष रवानी के समक्ष निम्नलिखित माँग रखी गई। आवेदन के माध्यम से बताया गया है की गर्मी एवं छात्रों की परीक्षा की शुरुआत हो चुकी है और होली, शब-ए-बरात, रमज़ान, रामनवमी एवं ईद जैसे त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है इसलिए निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जाए। साथ ही पुराना बाज़ार में लोड के अनुसार दो 200 चड्ढ का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया जाये ताकि लो-वोल्टेज़ एवं फेज़ कटने की समस्या का समाधान हो सके। ज़र्ज़र पोल एवं ज़र्ज़र वायर को बदल कर पुराना बाजार में डॉग वायर लगाने का भी आग्रह किया गया है। वहीं जिस जिस एरिया में एबी स्विच अब तक नही लगा है, वहाँ यथाशीघ्र एबी स्विच लगाने सहित बिजली किस कारण से काटी गई है और बिजली कब तक आएगी, इसकी जानकारी देने के लिए एक उपभोक्ता नम्बर जारी करने का भी आग्रह नौजवान कमिटी ने किया है। जिस पर कनिय विधुत अभियंता (नया बाजार) मंतोष रवानी ने आला अधिकारियों से वार्ता कर यथाशीघ्र सभी समस्याओं के समाधान की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालो में नौजवान कमिटी, पुराना बाज़ार के सोहराब खान, इमरान अली, मो0सलाउद्दीन, मो0तनवीर आदि उपस्थित थे।



**संक्षिप्त खबरे**

## जन विरोधी फैसला लेना मोदी सरकार की बुरी आदत बन गई है : विशाल डुंगडुंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बुधवार को लोहरदगा युवा कांग्रेस कमिटी द्वारा देश में रसोई गैस के लगातार मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि मोदी सरकार पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर रही है आज फिर एनडीए की सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर पर 50 की बढ़ोतरी और कॉमर्शियल गैस में रु 350.50 की बढ़ोत्तरी है जो आम आदमी के पेट पर लात मारने जैसा है,मोदी सरकार सत्ता के नशे में चूर है और जनविरोधी फैसला लेना उनकी बुरी आदत बन गई, दाम बढ़ने से आम जनता में आक्रोश है, गृहनियों को रसोई चलाना मुश्किल हो गया है,बीजेपी सरकार ने होली का यह नायाब तोहफा गरीबों को दिया है। पूर्व युवा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संतोष महतो ने कहा कि महंगाई से जनता त्रस्त हो गई है।

# हवन पूजन आरती एवं नगर भ्रमण के साथ तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में आयोजित भव्य शिव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ तीसरे दिन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा नगर भ्रमण एवं हवन पूजन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर यारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा और लोगों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। सर्वप्रथम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन संपन्न हुआ अखंड हरिकीर्तन में भाग लेने के लिए टभाडीह, भेलवाडीह, पूरब टोली, सिकरियाटांड, बीरु, फुलवाटाँगर सहित कई गांवों की कीर्तन मंडली अभागन यहां पर हरे राम हरे कृष्ण के धुन के साथ पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा। इसके बाद शिव मंदिर



में भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती कार्तिक गणेश बजरंगबली और सूर्य नारायण की प्रतिमाओं का नेत्रदान करने के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा करवाया गया । जिसके बाद नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण में हजारों की संख्या में सिमडेगा सहित आसपास के लोगों की भीड़ रही। नगर भ्रमण पूरे गांव का भ्रमण करने के पश्चात मुख्य मंदिर पहुंची इसके बाद हवन पूजन और आरती का आयोजन किया गया उसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरण हुआ जहां पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**कुंभ भराई का हुआ आयोजन ,लोगों ने दान किए सोना चांदी पीतल एवं अन्न**

इधर शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर बंद के ऊपरी हिस्से में कुंभ भराई का आयोजन किया गया जहां पर मंदिर निर्माण किए हुए मिस्त्री के द्वारा इंद्र इंद्राणी की पूजन कराते हुए कुंभ भराई की। सभी प्रकार के अनुष्ठान कराया जहां पर मुख्य अनुष्ठान कर्ता के रूप में पुरोहित सतीश पाठक के द्वारा कराया गया जिसके बाद हजारों की संख्या में लोगों ने सोना चांदी पीतल कांसा चीजों का दान करते हुए कुंभ भराई में शामिल हुए।

**श्याम मित्र मंडल के द्वारा भव्य भजन संध्या का हुआ आयोजन**

इधर समापन के मौके पर श्री श्याम मित्र मंडल सिमडेगा द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर राजधानी रांची से शिव मंदिर निर्माण समिति की ओर से म्यूजिकल की टीम बुलाई गई थी ।श्याम मित्र मंडल की ओर से एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करते हुए वहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए शिव मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित गांव एवं आसपास के सैकड़ों गांव की सराहनीय भूमिका रही।

## केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का विष्णुपुर जाने के क्रम में युवा मोर्चा करेंगे भव्य स्वागत



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला के जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 3 मार्च को प्रातः 10:30 बजे भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का आगमन विशुनपुर जाने के क्रम में लोहरदगा में होने जा रहा है। जिसमें उनका भव्य स्वागत युवा मोर्चा लोहरदगा के नेतृत्व में किया जाएगा जिसमें बाइक रैली के द्वारा स्थानीय शंख नदी से लेकर पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह के आवास, मिशन चौक तक रोड शो का कार्यक्रम किया जायेगा। इस कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता भाग लेंगे। जिसकी तैयारी में पूरी भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा परिवार लगी हुई है एवं बढ़-चढ़कर उनके स्वागत की कार्य योजना में लगी है एवं समस्त लोहरदगा वासी इस कार्यक्रम में सादर आमन्त्रित हैं।

## सेन्हा थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहतदगा मुख्य मार्ग पर बुधवार को वाहन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान पुलिस द्वारा 2 बाइक को जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट पहनने का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, थैला का जाँच किया गया। जाँच के दौरान बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वालों का तथा वाहन का कागजात नही रहने के कारण 2 बाइक को जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए 2 लोगों का वाहन को जप्त कर नियम संगत कारवाई हेतु परिवहन विभाग को सूचनार्थ किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सेन्हा थाना क्षेत्र में सघन वाहन जाँच अभियान लगतार चलाया जाएगा और हेलमेट नही पहनने वालों पर सख्त कारवाई जारी रहेगा। मौके पर ए एस आई पवन सोरेन दल बल के साथ मौजूद थे।

## मारवाड़ी महिला समाज ने फागुन के अवसर पर श्याम महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** फागुन माह के फागुन महोत्सव पर मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा श्री श्याम महोत्सव मनाया गया। जिसमें कि निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर पर श्री श्याम जी के तस्वीर का अलौकिक श्रृंगार करते हुए कई प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया, एवं सभी महिलाएं एक दूसरे को आपस में गुलाल लगाकर फागुन की बधाइयां दी। ठाकुरबारी मंदिर परिसर गुदरी बाजार से सभी महिलाएं श्री श्याम जी का ध्वजा अपने- अपने हाथों में लेकर पैदल श्याम जी के नारे लगाते हुए शोभायात्रा निकाली गई और निर्माणाधीन श्री रानी सती दादी मंदिर परिसर पर पहुंच कर, वहां श्री श्याम



जी का भजन कीर्तन किया गया। श्याम जी के मधुर भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा,उसके उपरांत आरती करते हुए प्रसाद वितरण कर समापन की गई। इस फागुन श्याम महोत्सव पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। आज इस महोत्सव पर शकुंतला राजगढ़िया, कल्याणी पोद्दार, मंजुला केडिया, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, प्रीति बंका, सीमा केडिया, रेनू सर्राफ, मंजू मोदी, वर्षा पोद्दार, अंकिता बंका, मंजू पोद्दार, अनीता पोद्दार, रज्जू मोदी, रिशु पोद्दार, नेहा अग्रवाल,नीतू मित्तल, दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, निधि पोद्दार, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेखा बंका, राजश्री मोदी आदि शामिल थी

## कौशल सिंह के नेतृत्व में भाजपा के सैंकड़ो युवाओं ने थामा झामुमो का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षत मे कौशल सिंह, हर्ष तिवारी, आकाश साहू के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्य को देखते हुए कार्य से प्रभावित होकर आज जिलाध्यक्ष के समक्ष जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी को छोड़ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। जिला अध्यक्ष ने सभी को सदस्यता रसीद एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल किया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार राज्य की जनता के हित में बेहतर कार्य कर रही है। जिससे जनता का भरोसा और विश्वास हेमंत सरकार और



झामुमो के प्रति ओर कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्य को देखकर विरोधियों का सूर बेसूर हो गया है यही वजह है कि आए दिन सरकार के विरोध में अनाप-शनाप बयान बोलकर सरकार का ध्यान भटकाने का नाकाम प्रयास किया जाए रहा है परंतु जनता के दिलों में राज करने वाले हरदिल अजीज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विरोधियों के बोलती बंद करना अच्छा तरीका से आता है। शामिल होने वालों में आकाश ठाकुर, विक्रम विश्वकर्मा, हर्ष तिवारी, नीरज सिन्हा, बिट्टू सिंह, सचिन गुप्ता, आनंद कुमार, अमित कुमार शर्मा, अखिलेश कुमार, विशाल कुमार सिंह, ाहुल कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, दिनेश गुप्ता, सुदेश कुमार, सतीश गुप्ता, राहुल राम, शिवराम कुमार, रितेश गोप, सनी कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार सिंह, आलोक कुमार सिंह, मोहन कुमार पांडे, अजय कुमार सिन्हा, विनय कुमार वर्मा, निखिल कुमार पांडे, अजय कुमार शर्मा, बबलू कुमार, प्रदीप कुमार साहू, अमर कुमार, विनोद कुमार, मिथिलेश कुमार, राज मोहन कुमार, विश्वजीत कुमार, कुंदन कुमार, संजय कुमार, बिरजू साहू, रोहित उरांव, कुलदीप कुमार आदि आदि सैकड़ों युवा शामिल है।

## चिकित्सकों ने हड़ताल का किया समर्थन अस्पताल रहा बन्द मरीज हुए परेशान



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य के अलग अलग जिलों में डॉक्टर के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में दिखा हड़ताल का असर ओपीडी सहित सभी विभाग रहा बन्द मरीज हुए परेशान इमरजेंसी सेवा बहाल रखा गया है। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत सभी डॉक्टर एक दिन के लिए ओपीडी बन्द कर हड़ताल का समर्थन में रहे और सभी डॉक्टर कार्य बंद कर अपनी मांग को जगजाहिर किया है। जानकारी के अनुसार बता दें कि झारखंड राज्य के अलग अलग जिला में 15 दिनों के अंदर डॉक्टरों से जो व्यवहार किया गया है। उससे राज्य के सभी डॉक्टर एक दिन के लिए कार्य बंद कर हड़ताल पर चले गए है। जिससे मरीजों के बीच समस्या उतपन्न हो रही है। इस संदर्भ में सहायक चिकित्सक डॉक्टर अनुज रौशन मिंज ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड राज्य में आईएमए और झासा के आवाह्न पर ओपीडी को बंद कर डॉक्टर द्वारा सुरक्षा एक्ट की मांग सहित विभिन्न बिंदुओं को लेकर चिकित्सा सेवा ठप रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा राज्य के कई ऐसे जिले है। जहां डॉक्टरों के साथ अधिकारी से लेकर ग्रामीणों का अत्याचार बढ़ रहा है। ऐसा ही एक मामला लोहरदगा जिला सिविल सर्जन से जुड़ा हुआ है। जिससे डॉक्टर अपने आपको असुरक्षित महसूश कर रहें है। जिस पर जनकारी देते हुए कहा कि फिलहाल एक दिन के लिए डॉक्टर हड़ताल पर है। आगे एशोसियन जो निर्णय लेगी उसी के अनुसार कार्य आरम्भ किया जाएगा। सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड़ताल के बाबजूद इमजेन्सी सेवा बहाल रखा गया है।

## बच्चों के बीच विद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन जलडेगा के तत्वधान में जलडेगा प्रखंड के अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय जलडेगा और तिलाईजरा विद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जलडेगा बीपीओ, मुखिया और स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित थे। बाल विज्ञान मेला का आरंभ विद्यालय के बाल संसद के प्रधानमंत्री के द्वारा विज्ञान विभूति चंद्रशेखर वेंकटरमन की जीवनी पर प्रकाश डाल कर किया गया। बीपीओ मैडम के द्वारा बच्चों को विज्ञान का महत्व बताया गया एवं बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने इन मॉडल्स को कबाड़ से जुगाड़ लगाकर बनाया तथा शिक्षकों एवं प्रथम CIM पूजा कुमारी, रीना तिर्की, अनमोल तोपनो और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कीर्ति राज के सहयोग से तैयार किया गया। जिसमें कील का संतुलन, फेफड़े का मॉडल, हथेली में छेद, बैलून का गाड़ी, पेपरकप का टेलीफोन ध्वनि, वायुदाब, जादुई हाथ और पते और जड़ में संबंध आदि मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया।

## बुनियादी उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किया गया। देश के महान वैज्ञानिक सी बी रमन के जन्म दिवस के अवसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुनियादी उच्च विद्यालय के छात्र छत्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, बीपीओ प्रकाश रंजन, प्रधानध्यापिका रेणु मिश्रा द्वारा द्वीप प्रज्वलन का शुभारम्भ किया गया। आयोजित प्रदर्शनी कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे सोनिका कुमारी, निखिल यादव, विशाखा कुमारी, शोएब अन्सारी, रंजन कुमार, नफीसा प्रवीण, अंजनी उराँव,



सिमरन निशी, सुनीता कुमारी, जीसान अकरम, शशि बखला, नीरज पन्ना, नुरजंहा खातुन, सैफ अन्सारी, खुशी कुमारी, दुर्गेश्वरी कुमारी, अयान अन्सारी, प्रीति कुमारी सहित छात्र छत्राओ द्वारा भिन्न भिन्न मॉडल तैयार किया गया था। जिसे बच्चों द्वारा बनाया गया मॉडल के माध्यम से नशा से होने वाले हानि, हरा साग सब्जी खाने से लाभ, दूषित जल को साफ करने का विधि,रेल में वृद्ध व्यक्तियों को उतरने चढ़ने के साधन, खेल कूद का जीवन मे महत्व के बारे बताया गया।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बक्सीडीपा के समीप सड़क दुर्घटना में चार लोग गम्भीर रूप से घायल स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती सूचना पर पँहुची पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित एकागुड़ी मोड़ के समीप टीवीएस चैम्प एवं पल्सर बाइक के टक्कर में चार लोग घायल हो गये घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना को देते हुए सभी घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि एकागुड़ी मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में पल्सर बाइक चालक की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि टीवीएस चैम्प सवार व्यक्ति चितरी से लोहरदगा जा रहे थे। उसी दौरान सेन्हा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही पल्सर बाइक



जेएच 08 जे 1599 के चालक लापरवाही से मोड़ में टीवीएस चैम्प को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे टीवीएस चैम्प चालक व्यक्ति गम्भीर रूप से घीयल हो गया। घायल की पहचान चितरी निवासी भरत साहू के रूप में किया गया जबकि पल्सर सवार तीनो का पहचान नही हुआ। वहीं पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनो क्षतिग्रस्त बाइक को जप्त कर थाना लाई और तीनों घायल का पहचान करने जुट गई। बताया जाता है कि सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल लोहतदगा में हो रहा है।

## व्यापारियों की एकजुटता हमारी ताकत, निडरतापूर्वक करे व्यापार चैंबर हरकदम आपके साथ : किशोर मंत्री



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरमू रोड रांची के सभागार में फेडेरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का कार्यकरिणी बैठक सम्पन्न हुई जिसमें झारखण्ड राज्य के सभी 24 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। लोहरदगा से फेडेरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश महतो, अध्यक्ष रितेश कुमार, पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, सह सचिव अनीश मित्तल बैठक में उपस्थित रहें। लोहरदगा ज़िला से रितेश कुमार ने व्यापारियों की समस्याओं को बैठक में रखा एवं बतलाया कि वर्तमान समय मे नगर परिषद द्वारा व्यापारियों को नोटिस जारी कर भवनों की नक्शा, ऑक्यूपेंसी प्रमाण पत्र मांग किये जाने समेत अग्निशमन व्यवस्था तथा होल्डिंग भुगतान के बावजूद पुराने वर्षो का पुनः निर्धारण कर नये दर पर होल्डिंग टैक्स का फाइन सहित भुगतान का नोटिस किया जा रहा है। जिसके कारण सम्पूर्ण व्यापारीवर्ग मानसिक तनाव है। तथा साथ ही साथ नियम कानून का भय दिखाकर अनाधिकृत राशि की मांग भी की जा रही है। लोहरदगा के व्यापारियों की समस्याओं को जानने के बाद फेडेरेशन अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों की एकजुटता हमारी ताकत, व्यापारी व्यापार निडरतापूर्वक करे चैंबर हरकदम उनके साथ है। हमारी सीधी बात झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से हुई है एवं 5 मार्च को पुराने भवनों को रेगुलाइज़्ड इत्यादि हेतु भवन रेगुलाइज़ेशन अधिनियम सरकार द्वारा पारित करने की पूर्ण सम्भावना है। यदि किसी भी ज़िला में किसी भी विभाग के पदाधिकारियों द्वारा व्यापारियों की भयादोहन होता है तो इसकी सूचना तुरन्त दें, हम सरकार से सीधा संवाद करेंगे। वहीं उन्होंने हरियाणा हाई कोर्ट का हवाला देते हुए बतलाया कि धर्मशालाएं धर्मार्थ काम करती है, इनपर होल्डिंग टैक्स या अन्यान्य करारोपण नहीं किया जा सकता है।जबकि विगत दिनों खाद्यान व्यापारियों की अनिश्चितकालीन बन्दी की सफलता हेतु लोहरदगा ज़िला के व्यापारियों की विशेष प्रशंसा भी किया गया।

## जीटीपीएस में हुआ रंगारंग वार्षिकोत्सव का आयोजन

# शिक्षा की सार्थकता मानव सेवा में है : प्रवीण सिंह

**राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में रंगारंग 21 वां वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। सर्वप्रथम आगत अतिथियों के द्वारा भगवान गणेश एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन के बाद विद्यालय के छात्रों के द्वारा मनमोहक अंदाज में गणेश वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम लगभग 3 घंटे तक चला। हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शक कभी शिव तांडव, गणेश वंदना माँ काली द्वारा असूरमर्दनआदि देखकर भक्ति भाव में लीन हो जाते तो कभी असमिया, बिहू, कत्थक, होरी और नागपुरी डांस देखकर झूमने लगते। प्रसिद्ध व्यंग्यकार शरद जोशी द्वारा लिखित नाटक पानी की समस्या ने नेताओं की चाल, चरित्र और चिंतन को प्रदर्शित करने का भरपूर प्रयास किया और यह बताने का प्रयास किया कि नेता समस्या का समाधान किस अंदाज में करते हैं और जनता को कैसे मूर्ख बनाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व एमएलसी सह विद्यालय के संस्थापक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में आने के बाद देश के अधिकांश क्षेत्रों में मुझे जाने



का मौका मिला और कई अच्छे विद्यालयों को देखने समझने के बाद मेरे मन में भी लोहरदगा में विद्यालय खोलने की इच्छा जगी और मैंने यह निश्चय किया कि लोहरदगा में भी एक ऐसा विद्यालय खोला जाए जो झारखंड राज्य में अपनी एक अनूठा पहचान शिक्षा के क्षेत्र में बना सके। इसी विचार के साथ मैंने लोहरदगा के बक्शीडीपा जैसे वन क्षेत्र में विद्यालय की नींव रखी। जब मैं इस वन क्षेत्र में विद्यालय का निर्माण कर रहा था तो यहां के लोग कहते थे कि इस जंगल में पढ़ने कौन जाएगा। लेकिन मेरे मन में ऐसे विद्यालय की कल्पना थी जहां स्वस्थ आबोहवा और शांत वातावरण मिले जहां बच्चे पढ़ कर अपना भविष्य को उज्जवल बनाएं और लोहरदगा जैसे पिछड़े क्षेत्र का नाम भी रोशन कर सकें। आज मैं इस विद्यालय की उपलब्धियों को देखकर फक्र के साथ कह सकता हूं कि यह विद्यालय अब झारखंड के अच्छे विद्यालयों की श्रेणी में अपना स्थान बना चुका है। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र सभी विधाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं लोहरदगा का नाम रोशन कर रहे हैं और यहां के शिक्षक अपनी योग्यता और कर्मठता को प्रमाणित करते हुए छात्रों का सर्वांगीण विकास करने में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं इस विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में अक्सर आता रहता हूं। इस विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षण कला, संस्कार और अनुशासन काबिले तारीफ है। यहां के छात्र और शिक्षक काफी परिश्रमी हैं और विद्यालय प्रबंधन भी शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में छात्रों को पारंगत करने की समुचित व्यवस्था कर रखी है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह विद्यालय आने वाले समय में झारखंड का श्रेष्ठ विद्यालय बनेगा। विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने विद्यालय का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ खेलकूद आदि में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 202-22 हमारे लिए काफी उत्साहवर्धक रहा है 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में आर्ट्स, कॉमर्स एवं साइंस तीनों फैकल्टी में हमारे विद्यालय के छात्र जिला टॉपर रहे हैं। बारहवीं कक्षा में कुल 84 छात्र शामिल हुए थे और सब अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार दसवीं कक्षा में कूल 174 छात्र शामिल हुए थे सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया 7 52 छात्रों का रिजल्ट 90 प्रतिशत से भी ऊपर था। उन्होंने बताया कि विद्यालय की छात्रा मोनिका बारा ने अंडर-17 नेशनल फुटबॉल टीम में चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया वहीं चंदन लागूरी ने आर्चरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व किया। एसके झा ने बताया कि हमारे विद्यालय में सभी विषयों के अनुभवी शिक्षक हैं और यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। विद्यालय के प्रबंधक अजातशत्रु ने आगत सभी अतिथियों,भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों और छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति हमारे लिए उत्साहवर्धन करने वाला है। हम छात्रों के सर्वांगीण विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे। आप अभिभावक हमेशा विद्यालय को सहयोग करें विद्यालय आपके बच्चों के माध्यम से आपको एवं इस क्षेत्र को गौरवान्वित करने का कार्य करेगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य पीके सिंह,मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला विद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर स्नेह कुमार, टाना भगत कॉलेज घाघरा के सेवानिवृत्त प्राचार्य बिपिन बिहारी सिंह, मंजूर मती उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य मदन मोहन पांडे, लोहरदगा की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एलिन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन प्रियदर्शी सामाजिक कार्यकर्ता सज्जाद खान प्रसिद्ध अधिवक्ता देवाशीष कार, अनूप राय, अशोक पोद्दार, चंद्र किशोर प्रसाद, सुदामा प्रसाद, धीरज साहू, संगीता देवी, सुनीता चितौड़ा, अपर्णा गुप्ता, नीति झा,एस सुजाउद्दीन राजा,रामचंद्र गिरि, विशाल शाहदेव, आशीष सिन्हा, शिवम कुमार, कौस्तुभ पांडे, शुभम कुमार, विकास शाहदेव, राहुल रंजन, दशरथ प्रजापति, शिवानी पांडे, नरेश लागूरी, स्मिता कुमारी, सिद्धी कुमारी, जावेद अख्तर, अनमोल कुमार, प्रभा देवी, रवि कुमार, दुर्गेश्वरी कुमारी, मधु कुमारी, जन्मजय सिंह, अभिषेक सिंह सहित भारी संख्या में सम्मानित अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## सिलेंडर पर दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने दिया होली का गिफ्ट : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने केंद्र सरकार के द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम पर 50 तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरछ का दाम 350 कि जो बढ़ोतरी किया है उसकी कड़ी निंदा करते हैं। श्री साहू ने कहा कि जनता पहले से ही महंगाई से त्रस्त है ऐसे में गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ाना मोदी सरकार का तानाशाह निर्णय है। मोदी सरकार के द्वारा लागू कमरतोड़ महंगाई के तले जनता पिस्ता जा रहा है। मोदी सरकार ने सिलेंडर पर दाम बढ़ाकर देश की जनता को होली का गिफ्ट दिया है। भाजपा ने घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर का दाम बढ़ाकर खाने पर अप्रत्यक्ष कर लगा रही है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र सरकार को अविलंब बढ़ाए दाम वापस लेना चाहिए।

## वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ी मामले में अमानतुल्लाह समेत 11 को मिली जमानत

**नई दिल्ली :** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड में भर्ती में गड़बड़ियों के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों को जमानत दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सभी आरोपितों को पचास-पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत देने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। बुधवार को कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के अलावा दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ महबूब आलम, हामिद अख्तर, किफायतुल्लाह खान, रफीऊशान खान, इमरान अली, मोहम्मद अबरार, आकिब जावेद, अजहर खान, जाकिर खान और अब्दुल मन्नर को जमानत दी है। इससे पहले 3 नवंबर 2022 को कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इन आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13(2), 13((1)(डी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। इस मामले में 23 नवंबर 2016 को एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त 2022 को चार्जशीट दाखिल किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गई। चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपियों के साथ साजिश रची जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

## मप्र: होलिका दहन में गौ-काष्ठ और कंडों का उपयोग करने की अपील

**भोपाल :** गौ-संवर्द्धन बोर्ड की कार्य-परिषद के अध्यक्ष स्वामी अखिलेशवरानंद गिरि ने प्रदेश के नागरिकों से अपील की है कि आगामी 8 मार्च को होलिक दहन में गौ-काष्ठ और कंडो का उपयोग करें। उन्होंने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि हमारी गौ-शालाओं में पर्याप्त मात्रा सस्ते दामों पर यह सामग्री उपलब्ध है। गौ-काष्ठ और कंडे के विक्रय से गौ-शालाओं की आमदनी होगी और वे आत्म-निर्भर बनेंगी। हरे-भरे वृक्षों को कदापि न काटें।

## भारत-पाकिस्तान के संबंध सुधारने का यूएई ने दिया ऑफर, मध्यस्थता कराने पर कही ये बात

इस्लामाबाद : संयुक्त अरब अमीरात और भारत के अच्छे संबंध हैं। भारत में संयुक्त अरब अमीरात के राजदूत अब्दुलनासर जमाल अलशाली ने कहा है कि दोनों देश एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करना चाहते हैं। इसके अलावा दोनों देश चाहते हैं कि रुपए और दिरहम में व्यापार हो। इस डील को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत चल रही है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते सुधारने पर यूएई के महत्व पर भी बात की। उन्होंने दोनों देशों के बीच शांति समझौते को लेकर भी ऑफर दिया। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में अलशाली ने कहा कि यूएई भारत के लिए उड़ानों से जुड़ी एक डील करना चाहता है, जिससे किराया कम होगा। ऐसा करके यूएई ज्यादा से ज्यादा भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करना चाहता है। उनसे जब पूछा गया कि ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि पाकिस्तान और भारत के बीच यूएई और सऊदी ने 2019 में शांति कराई ऐसे में वह इसका भविष्य क्या देखते हैं? इस पर अलशाली ने कहा कि उनके संबंध भारत और पाकिस्तान दोनों से अच्छे हैं। उन्होंने कहा, हमारे संबंध दोनों से अच्छे हैं। हमनें दोनों के बीच अच्छे संबंध के लिए अतीत में भूमिका निभाई है। लेकिन अंत में यह दोनों देशों पर ही निर्भर करता है। यह भी उन पर निर्भर करता है कि क्या वह हमारी भूमिका चाहते हैं या नहीं। लेकिन एक देश के तौर पर हमारे दोनों के साथ ही अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कुछ दिनों पहले अपनी यूएई यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच मतभेदों को खत्म कराने में भूमिका निभाने को कहा था। जनवरी में अपनी श्व यात्रा के दौरान अल अरबिया को दिए गए इंटरव्यू में शहबाज शरीफ ने कहा था कि वह भारत के साथ बातचीत को तैयार हैं। शहबाज ने कहा था, भारतीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी को मेरा संदेश है, आइए हम बातचीत की टेबल पर बैठें और कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने के लिए ईमानदारी से बातचीत करें। हालांकि शहबाज की बातचीत वाली पेशकश को एक मजबूरी ही माना गया। क्योंकि पाकिस्तान इस समय खराब आर्थिक स्थिति से जूझ रहा है और उसकी स्थिति को भारत के साथ ट्रेड और शांति ही सुधार सकती है।

## बोर्ड और सीबीएसई परीक्षाओं का दौर शुरू, मार्च-अप्रैल में आयोग की दो ही भर्ती परीक्षाएं

**अजमेर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश में अगले दो महीने यानी मार्च और अप्रैल में बोर्ड परीक्षाओं का दौर बना रहेगा। स्कूली विद्यार्थियों की परीक्षाओं के चलते इन दो महीनों में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की भर्ती परीक्षाएं बड़े स्तर पर नहीं हैं। दोनों महीनों में केवल एक-एक ही परीक्षा होगी। इसके पीछे मुख्य वजह परीक्षा केंद्रों की अनुपलब्धता भी मानी जा रही है और आयोग के पास नई भर्ती की कमी भी है। आयोग मार्च से जून तक अगले चार महीनों में कुल 846 पदों पर भर्ती के लिए छह परीक्षाएं आयोजित करेगा। इनमें 19 मार्च को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट संवीक्षा परीक्षा 2022 का आयोजन भी शामिल है। यह परीक्षा अजमेर में ही होगी। आयोग के पास वर्तमान में जून तक का ही परीक्षा कैलेंडर है। 30 जून तक होने वाली आधा दर्जन भर्ती परीक्षाओं की शुरुआत 19 मार्च को ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट पदों की संवीक्षा परीक्षा से होगी। विशेषज्ञ स्तर की इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या भी कम है और परीक्षा केंद्र भी एक ही है। ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान इसका आयोजन किया जा रहा है। आयोग की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट के 24 पदों के लिए संवीक्षा परीक्षा का आयोजन अजमेर में किया जाएगा। अजमेर के एक परीक्षा केंद्र राजकीय सावित्री उच्च माध्यमिक विद्यालय पर होने वाली इस परीक्षा की तैयारी आयोग और जिला प्रशासन कर रहे हैं। कुल 450 अभ्यर्थी इस परीक्षा में प्रविष्ट होंगे।

### झामुमो के सचिव ने पांकी विधायक शशि भूषण मेहता पर बोला हमला

# पागल है शशिभूषण मेहता : सन्नू सिद्धिकी

**मस्जिद की राजनीति करने वाले कभी नहीं जीत सकते चुनाव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झामुमो के सचिव सन्नू सिद्धिकी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पांकी विधायक शशि भूषण मेहता पर जोरदार हमला बोला। विधानसभा में शशि भूषण मेहता ने पांकी दंगा पर बोलते हुए मस्जिद की जांच कराने को बोला था। कई लोगों का मानना है की ये असंवेदनशील बयान है। सन्नू सिद्धिकी के कहा शशि भूषण मेहता जी मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं, इनकी सोची समझी साजिश नाकाम हो गई है, गंगा-जमुनी तहजीब को तोड़ने का षड्यंत्र नाकाम हुआ, जिस के वजह से बौखला कर ये उलुल-जुलूल बयान दे रहे है। पांकी विधायक की नियत में खोट है, जिस तरह से उन्होंने विधानसभा को गुमराह करने की कोशिश की है। इससे साफ पता चलता है की समाज को बांट कर उसका राजनीतिकरण करने का प्रयास लगातार मेहता कर रहे हैं।



पहले तो कयास लगाए जा रहे थे लेकिन ये साफ पता चलता है की ये अब अगले चुनाव को जितने के लिए भाजपा के हिंदू मुस्लिम फॉर्मूले पर काम करने लगे हैं, मेहता अगर अब तक विकास किए होते तो शायद उन्हें ये दिन नहीं देखना पड़ता। मस्जिद के दरवाजे खुले हैं मेहता जी, किसी भी मस्जिद में जाएं और घूम कर खुद देख सकते हैं। धर्म स्थलों को बदनाम करने की घटिया हरकत करने से उन्हें बचना चहिए। अगले चुनाव में उन्हें जनता जवाब देने वाली है। उन्हें विधायक विकास कार्यों के लिए चुना गया था ना की ऐसे ऊल जुलुल बयान देने के लिए। पांकी का भाईचारा टूटने वाला नहीं है, उन्हें तत्काल माफी मांगना चाहिए। जनप्रतिनिधि का कर्तव्य क्षेत्र में शांति स्थापित करना भी होता है, संविधान की कसम खाने वाले जनप्रतिनिधि को नहीं भूलना चाहिए कि देश संविधान से चलता है, नागपुर वाले मानसिकता से नहीं। ये नीलांबर पीताम्बर की धरती है, इस मिट्टी खुशबू बसी है हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाइयों की, इसमें से एक भी हटा तो हिंदुस्तान की तहजीब और संस्कृति नहीं बचेगी, हमारे देश की मानसिकता जोड़ने की है तोड़ने की नहीं। आज पांकी शिक्षा, स्वास्थ्य में पिछड़ते जा रहा है लेकिन विधायक होने के नाते क्षेत्र पर ध्यान देने के जगह अब ये लोगों को लड़वाने के काम लग गए हैं। इन्हें पता है की आने वाला चुनाव ये बुरे तरीके से हारने वाले हैं, ऐसे में मेहता जी हताश हो कर बयान दे रहे हैं।

## फैमिली के साथ जयपुर की सैर पर अल्लू अर्जुन रणथंभौर में टाइगर का भी हुआ दर्शन

एजेंसी

**मुंबई :** बॉक्स ऑफिस पर फिल्म पुष्पा से धमाल मचा चुके एक्टर अल्लू अर्जुन इन दिनों काम से फुर्सत निकाल कर राजस्थान में फैमिली के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। अल्लू अर्जुन ने परिवार के लिए अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकाला ताकि उनके साथ क्वॉलिटी टाइम गुजारा जा सके। अल्लू अर्जुन जयपुर के आमेर फोर्ट पर पहुंचे। अल्लू अर्जुन रणथंभौर नेशनल पार्क भी पहुंचे। इसके अलावा अल्लू अर्जुन ने परिवार को सिटी पैलेस, जंतर मंतर और हवा महल का भी सैर कराया। साउथ के ये सुपरस्टार अपनी वाइफ और बच्चे के साथ चौकी धानी भी पहुंचे, जहां उन्होंने ट्रडिशनल राजस्थानी खानों का लुत्फ उठाया।इस ट्रिप के कुछ क्लिप सोशल मीडिया पर इसके अलावा भी इस ट्रिप के कुछ क्लिप एक्टर ने





शेयर किए हैं। बता दें कि अल्लू अर्जुन ने साल 2011 में स्नेहा रेड्डी से शादी रचाई थी। कपल को एक बेटा अयान और बेटी अरहा है। दोनों की बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर भी खूब नजर आती है और अक्सर यहां ये बच्चों के साथ भी वक्त बिताते हुए नजर आया करते हैं। आज अल्लू अर्जुन और स्नेहा बॉलीवुड से लेकर साउथ के कई कपल के लिए एक इंस्पिरेशन की तरह बन चुके हैं।अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म अगले साल बताया जा रहा है कि अल्लू अर्जुन सुकुमार की अपकमिंग फिल्म पुष्पा: द रूल में नजर आएंगे। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना होंगी। कहा जा रहा है कि फिल्म अगले साल 2024 में रिलीज होगी।

## अत्याधुनिक होगा सरकारी बस स्टैंड व शिवाजी मैदान : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर एवं उपमहापौर मंगल सिंह तथा पार्षदों ने मिलकर लगभग दो करोड़ की योजना का शिलान्यास किया। जिसमें प्रमुख सरकारी बस स्टैंड जीर्णोद्धार, शिवाजी मैदान जीर्णोद्धार, पूरे शहर के यात्री सेड का जीर्णोद्धार तथा कई वार्ड के नाली और रोड है। महापौर ने शिलान्यास करते हुए कहा कि मैं कई वर्षो से प्रयासरत थी। सरकारी बस स्टैंड को सुव्यवस्थित करने में, सरकार से पत्राचार चल रहा था अंततोगत्वा जैसे ही निगम को सरकार ने सरकारी बस स्टैंड हस्तांतरण करते हुए पत्र भेजा निगम उसका जीर्णोद्धार शुरू कर दिया। महापौर ने बताया कि पूरे सरकारी बस डिपो में पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इसके अलावे उसके बिल्डिंग



का रंग रोगन और लाइटिंग की व्यवस्था तथा ठंडे पानी की व्यवस्था भी की जा रही हैं। महापौर ने कहा कि इसी सरकारी बस स्टैंड से सारे अंतर राज्य बस छूटते हैं। जहां दूसरे राज्य के लोग को काफी दिक्कतें होती थी। और स्टैंड की बदतर स्थिति होने के कारण निगम का छवि भी खराब होता था। महापौर ने कहा कि इसके अलावा शिवाजी मैदान में स्टेज, ग्रीन रूम, शौचालय, पूरे मैदान में वाकिंग ट्रेक, बुजुर्गो महिलाओं को बैठने के लिए बेंच, एवं लाइट की विशेष व्यवस्था की जा रही है। ताकि कोई भी कार्यक्रम में लोगों को सुव्यवस्थित व्यवस्था मिल सके। शहर के पूरे जर्जर हो चुके यात्री शेड का भी जीर्णोद्धार हो रहा जो शहर की खूबसूरती और सुविधा को बढ़ाएगा। महापौर ने कहा कि मैं और मेरी टीम कोशिश कर रही है की शहर को ज्यादा से ज्यादा सुव्यवस्थित करूं। इन सब के साथ अभी मेरी मुख्य प्राथमिकता पानी पर है। मेरा प्रयास होगा विपरीत परिस्थिति में भी पानी का किल्लत निगम वासियों को ना होने दें। मैं एवं उपमहापौर लगातार इस पर बैठक कर रहे हैं। द्य मैं निगम वासियों से सहयोग चाहूंगी की पानी की बर्बादी कहीं भी होते देखें। मुझे सूचना दें। ताकि दूसरों को भी पानी मिल सके।

## प्रेस कॉउंसिल ऑफ इंडिया ने पत्रकार मोहम्मद इजहार आलम को दिया अवार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला के ऐतिहासिक शहर झरिया के वरिष्ठ फोटो जॉर्नलिस्ट (छायाकार) मोहम्मद इजहार आलम को प्रेस कॉउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से दिल्ली के कॉस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया के डिप्टी स्पीकर हाल में काउंसिल की चेयर पर्सन जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई द्वारा अवार्ड दिया गया। बताते चलें कि इजहार आलम पिछले तीन दशकों से पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं। इस दौरान उन्होंने देश के कई प्रमुख हिंदी, उर्दू, बांग्ला और अंग्रेजी अखबारों में अपनी सेवा दी है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ज्यादा तर आम जनता से जुड़ी समस्याओं को अपने कैमरे में कैद कर लोगों की आवाज सरकारी महकमे तक पहुंचाने की कोशिश की है। पिछले दिनों धनबाद के स्थानीय एक अखबार में छपी उनकी तस्वीर जल ही जीवन शीर्षक फोटो न्यूज को प्रेस कॉउंसिल ऑफ इंडिया के



**पत्रकार समुदाय में खुशी की लहर**

निर्णायकों ने नेशनल अवार्ड फार एक्सिलेंस इन जर्नलिज्म 2020 (फोटो जर्नलिज्म सिंगल न्यूज पिक्चर श्रेणी) के लिए चुना गया था। अपने इस चित्र के बारे के जानकारी देते हुए इजहार कहते हैं कि हम धनबाद कोयलांचल में रहते हैं, जहां गर्मी के दिनों में एक-एक बूंद पानी के लिए लोगों की सुबह से ही जद्दोजहद करते देखा जा सकता है।अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोग कई किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं। हमने यह तस्वीर खास परिस्थिति में बच्चों की पानी के प्रति ललक देखकर खींची थी। मकसद यही था कि लोग पानी का मोल समझें, उसे सहेजें, उसकी एक एक बूंद को अमृत समझें और उसे बर्बाद ना होने दें। इजहार आलम को यह सम्मान मिलना झरिया के लिए गर्व की बात है। बता दे कि इजहार अहमद ने अपना पूरा जीवन पत्रकारिता जगत को समर्पित कर दिया। अब भी वह अपनी कैमरे से ली तस्वीरों के माध्यम से झरिया की आग व भु-धंसान सहित आसपास के क्षेत्रों की अन्य समस्याओं को बखूबी उजागर कर दुनिया को रूबरू करा रहे हैं। इजहार को मिले इस उपलब्धि से धनबाद जिले के पत्रकार समुदाय में खुशी की लहर है। समाज के राजनीतिक, समाजसेवी सहित गणमान्य लोगों का कहना कि जिस प्रकार से इजहार आलम ने अपना पूरा जीवन पत्रकारिता को समर्पित कर हर छोटी बड़ी समस्याओं को उठाते हुए यहां की जिले का गौरव बढ़ाया है और हम सभी जिलेवासियों को गौरान्वित किया है। वहीं इजहार के परिवार सहित पुत्र शब्बीर हुसैन भी पिता के इस उपलब्धि से गदगद हैं। शब्बीर भी पेशे से फोटोजॉर्नलिस्ट हैं और फिलहाल एक राष्ट्रीय स्तर के अंग्रेजी अखबार और एक हिंदी प्रादेशिक अखबार में अपनी सेवा दे रहे हैं। शब्बीर ने पिता की पत्रकारिता जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने अपनी सारी उम्र क्षेत्र की जनसमस्याओं, समाज के दबे कुचले वर्ग, मजदूर वर्ग की जीवन शैली को बखूबी अपने तस्वीरों के माध्यम से सरकार और प्रशासनिक अमला को अवगत कराया है। शब्बीर का कहना है कि वे अपने पिता की कार्य शैली के तर्ज पर लोगों की आवाज बनने की कोशिश करेंगे।

## युवाओं की हितैषी नही है सरकार : राकेश पासवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (जोरावर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में राज्य और युवा हित संबंधित विभिन्न प्रश्न को उठाने के लिए विपक्ष के नेता पूर्व मुख्यमंत्री) बाबूलाल मरांडी एवं जामा विधायक सीता सोरेन को पत्राचार किया है. राकेश पासवान ने अवैध खनन के संबंध में कुल सवाल खड़ा किया है उन्होंने कहा कि अवैध खनन से पलामू जिले की दो हजार से ज्यादा पहाड़ गायब हो गए हैं। सारे खनन माफिया प्रशासनिक जिलाधिकारी की मिलीभगत से सारी पहाड़ियों को तोड़ तोड़ कर धड़ल्ले से बेच रहे है और यह प्रक्रिया पलामू में कुछ ज्यादा ही तेजी से चल रहा है ।राज्य सरकार इसे रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है। 12 साल से राजहरा खदान से पानी निकाल रहा है सी.सी.एल वर्ष 1844 से राजहरा खदान से कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। आसपास के लोग इससे बुरी तरह प्रभावित है । इलाके की



रौनक गायब हो चुकी है । सरकार का इस ओर ध्यान ना होना सरकार की गैर जिम्मेदारी को दर्शाता है । आसपास के लोगों की स्थिति को सुधारने हेतु सरकार क्या प्रयास कर रही हैं। युवा के हितैषी बनकर, युवा के बदौलत सत्ता में आने वाले युवा मुख्यमंत्री राज्य के युवाओं के लिए चिंतित क्यों नहीं,अब तक जेटेट परीक्षा आयोजित ना होना, त्रुटिपूर्ण नियोजन नीति बनाकर सभी बहाली को रद्द करना सहित अनेकों उदाहरण प्रस्तुत है। जो यह साबित करने के लिए काफी है कि वर्तमान सरकार युवाओं के हित में कतई नहीं सोच रही है। बेरोजगारी और गरीबी में झारखंड भारत का शीर्ष राज्य बन चुका है। युवा हित में युवा मुख्यमंत्री की क्या योजना है इसे स्पष्ट करे।

## उबरने लगे हिंडनबर्ग की सुनामी में डूब रहे गौतम अडानी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अमेरिकी शार्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग की सुनामी में डूब रहे गौतम अडानी उबरने लगे हैं। पिछले दो दिनों में गौतम अडानी की कंपनी अडानी ग्रुप के शेयरोंने जबरदस्त तौर पर कमबैक किया है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी अडानी समूह की दसों कंपनियों के शेयर में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। पिछले दो दिनों में अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 31 फीसदी का उछाल आया है। अडानी समूह की कंपनियों के ओवरऑल शेयर प्राइस में करीब 30 फीसदी की तेजी आ चुकी है।

**आइए जानते हैं अडानी के कमबैक के पीछे की इनसाइट स्टोरी**

पिछले दो दिनों से अडानी के शेयर रॉकेट बने हुए हैं। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 31 फीसदी का उछाल आया है। आज ये शेयर 14.70 फीसदी उछलकर 1564.55 रुपये पर बंद हुआ।

**रोड शो का कमाल:** अडानी समूह निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए सिंगापुर, हांगकांग में रोडशो कर रहे हैं। इस रोडशे के दौरान अडानी ने निवेशकों को भरोसा दिलाया है कि उसके पास कैश की कोई कमी नहीं है। वो अपने कर्ज को असानी से खत्म कर सकता है। अडानी समूह ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि समूह के पास



800 मिलियन डॉलर का क्रेडिट सुविधा के अलावा अगले तीन सालों में कर्ज चुकाने के लिए पर्याप्त पैसा है। निवेशकों को घबराने की जरूरत नहीं है। अडानी की बातों पर निवेशकों का भरोसा लौट रहा है। बॉन्ड निवेशकों को आकर्षित करने के लिए, उन्हें आश्वसन देने में अडानी समूह कामियाब होता दिख रहा है।

**तीन अरब डॉलर का लोन:** रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अडानी ग्रुप ने क्रेडिटर्स से कहा है कि उसे सॉवरेन वेल्थ फंड से तीन अरब डॉलर का लोन मिल गया है। सूत्रों के मुताबिक अडानी ग्रुप को सॉवरेन वेल्थ फंड से मिले क्रेडिट लाइन पांच अरब डॉलर तक हो सकता है। अडानी समूह ने 28 फरवरी से 1 मार्च तक का इनवेस्टर रोडशो आयोजित किया। इसमें पार्टिसिपेंट्स को इस बारे में एक मेमो सर्कुलेट किया गया था। लेकिन मेमो में सॉवरेन वेल्थ फंड की पहचान उजागर नहीं की गई है। कंपनी को क्रेडिट प्रोफाइल सुधारने पर जोरमंगलवार को अडानी समूह ने बॉन्डहोल्डर्स से कहा कि वो समय से पहले कर्ज को चुकाने की योजना पर काम कर रहा है। कंपनी मार्च तक 6500 करोड़ के कर्ज का भुगतान कर सकती है। कंपनी अपने क्रेडि प्रोफाइल को सुधारने के लिए लोन के बोझ को कम करने की कोशिश कर रही है। ऐसा करने वो ना केवल निवेशकों का बल्कि लेंडर्स का भरोसा मजबूत होगा। अडानी, 1 दिन में कमा डाले 3,63,15,97,20,000 रुपये -1- 363159720000- अडानी के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। इस तेजी के कारण गौतम अडानी के नेटवर्थ में उछाल आया। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी ने एक दिन में 4.4 अरब डॉलर कमा लिए। आज वो दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले उद्योगपति बने। 24 घंटे में उनकी संपत्ति 3,63,15,97,20,000 रुपये बढ़ी और दुनिया के टॉप बिलेनियर्स की लिस्ट में वो 33वें नंबर पर पहुंच गए। उनका कुल नेटवर्थ 37.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## उप्र विस सत्र : हमने ओडीओपी दिया, आपने एक जिला एक माफिया : योगी आदित्यनाथ

**ओडीओपी को लेकर मुख्यमंत्री ने अखिलेश को विधान सभा में दिया करारा जवाब**

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान सभा में बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) ने एमएसएमई को नया जीवन दिया है। इसी का परिणाम है कि यूपी एक्सपोर्ट का हब बना है। उप्र आज 2016 -17 की तुलना में दोगुने से अधिक रोजगार दे रहा है। 2021-22 में ही एक लाख 56 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट पहुंच गया है। उन्होंने चुटीले अंदाज में कहा कि आप ओडीओपी तो नहीं दे पाए, मगर वन डिस्ट्रिक्ट वन मफिया जरूर दिया था। कौन सा जिला था जहां एक माफिया नहीं था। कहीं संगठित अपराध, कहीं खनन, कहीं वन माफिया था, ये हर आम आदमी



यूपी का जानता है। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को विधान सभा में सरकार पर कई सवाल उठाए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष के एक-एक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए अपने दो घंटा 23 मिनट के भाषण में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की अभिनव योजना प्रदेश की एमएसएमई को देश के अंदर और दुनिया के अंदर प्रस्तुत किया। आज ये दुनिया की लोकप्रिय योजना बन चुकी है। प्रधानमंत्री आज पूरी दुनिया में कहीं जाते हैं और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रतिकृति उपहार में देते हैं तो कलाकार की कृति को वैश्विक मान्यता मिलती है। इसपर गौरव करने की जगह इसका उपहास उड़ाना अपने हस्तशिल्पियों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्हें हम हतोत्साहित कर रहे हैं, जबकि हमें उसे प्रोत्साहित करना चाहिए, वो हमारे विरासत का हिस्सा है। आपके लिए वो जाति का हिस्सा हो सकता है, हमारे लिए एक हस्तशिल्पी की कला को सम्मान देना है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आप बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की बात कर रहे थे। 2012 से 2017 के बीच क्या हुआ था ? हर कोई जानता है। 2016-17 में अनुसूचित जाति और जनजाति के 21 लाख 21 हजार 629 छात्र-छात्राओं की तत्कालीन सरकार ने छात्रवृत्ति रोक दी थी। जब हमारी सरकार आई मार्च 2017 में हमने दोनों साल का जोड़कर स्कॉलरशिप दिया। यही लोग दलितों, गरीबों, वंचितों, पिछड़े के हक पर डकैती डालने का काम करते थे। जब कुछ नहीं होता तो जाति-जाति करने का काम करते हैं। कोई मुद्दा न मिले तो जाति का मुद्दा उठाकर समाज के ध्यान को हटाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने प्रदेश की उन्नति का हवाला देते हुए कहा कि 2016-17 के बजट में राज्य के रेवेन्यू का केवल 33 फीसदी का योगदान था। आज ये कांट्रिब्यूशन 44 फीसदी है।